CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शनिवार 4 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 39 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश यादव ने उठाए सवाल — पेज 2



अहमदाबाद टेस्ट में केएल राहुल, जुरेल और जडेजा ने जड़े शतक — खेल टाइम्स



पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता — सम्पादकीय



अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन — पेज 12

# ग्लोबल झटकों को झेल सकता है भारत: सीतारमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मौजूदा ग्लोबल उथल-पुथल का भारत की जीडीपी ग्रोथ पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत बाहरी दबाव सहने और व्यापार-ऊर्जा असंतुलन से निपटने में सक्षम है। सीतारमण ने बताया कि भारत का टारगेट 2047 तक डेवलप्ड इकोनॉमी बनना है।

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। शुक्रवार को नई दिल्ली में चौथे कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव (केईसी) का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ की रीढ़ डोमेस्टिक फैक्टर्स




यानी घरेलू कारक हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। जिसे वे एक टेम्परारी डिसरप्शन यानी रुकावट के बजाय स्ट्रक्चरल बदलाव मानती हैं। सीतारमण ने कहा कि भारत का टारगेट 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनना है। साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता का मतलब क्लोज्ड इकोनॉमी यानी बंद अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना नहीं है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में हुई एमपीसी की मीटिंग में देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्लोबल सिस्टम यानी वैश्विक व्यवस्था बदल रही है और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशंस अब वर्ल्ड कम्युनिटी का भरोसा खो रही हैं। हाल की जी-20 मीटिंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक्सपर्ट्स ने इन इंस्टीट्यूशंस में सुधार की जरूरत पर चर्चा की, ताकि वैश्विक स्थिरता बहाल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों को नए सिरे से लिखा जा रहा है और सामने आने वाली चुनौतियां बहुत बड़ी हैं। नया ग्लोबल बैलेंस कई कारकों को ध्यान में रखकर बनाना होगा।

## वांगचुक की हिरासत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने उनकी रिहाई के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

श्रीमती अंगमो ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका गुरुवार को दायर कर अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध बताया है। उन्होंने अपनी याचिका में अपने पति पर एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी अवैध और नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया।



■ वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने याचिका दायर की

### चैतन्यानंद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत शुक्रवार को खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। इधर, दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में महिला सहयोगियों ने माना कि उन्होंने चैतन्यानंद के कहने पर छात्राओं पर दबाव बनाया। एक रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं में श्री शारदा इंस्टीट्यूट की श्वेता शर्मा (एसोसिएट डीन), भावना कपिल (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) और काजल (सीनियर फैकल्टी) शामिल हैं। इन तीनों पर अपराध में बाबा का सहयोग, शिकायतकर्ताओं को धमकाने और सबूत नष्ट करने के आरोप हैं।

### कृषि स्नातक की प्रवेश परीक्षा में पात्रता के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कृषि शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा फैसला करते हुए कहा है कि 12वीं में जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी, गणित या कृषि विषय से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी समान रूप से स्नातक प्रवेश परीक्षा दे सकेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि 'एक देश-एक कृषि-एक टीम' की भावना के अनुरूप, देश भर के छात्रों के लिए पात्रता मानदंड एवं विषय समूह को एक समान कर दिया गया है, जिससे अब छात्र राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी - आईसीएआर) के जरिये सीधे-पारदर्शी तरीके से कृषि पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालयों की 20 प्रतिशत स्नातक सीटें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरी जाएंगी।

### उत्तरकाशी की पुरोला तहसील क्षेत्र में भूकम्प के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद की पुरोला तहसील अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार मध्य रात्रि भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जनपद आपदा परिचालन केंद्र ने बताया कि समय रात एक बजकर 42 मिनट पर तहसील पुरोला के ग्राम गुन्दियाटगांव एवं महरगांव क्षेत्रान्तर्गत, भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकम्प की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 2.1 दर्ज की गई। भूकम्प की गहराई सतह से पांच किमी नीचे और इसका केन्द्र ग्राम गुन्दियाटगांव एवं डोखरीयानी के मध्य स्यालुका में था।

# भारतीय जेट गिराने के दावे 'मनोहर कहानियां' : एपी सिंह

## आईएएफ चीफ ने कहा: पाकिस्तान के पास अगर सबूत हैं, तो दिखाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं, तो दिखाएं।

भारत ने उनके पांच फाइटर जेट तबाह किए हैं, जिसमें एफ-16 और जे-17 भी शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया। यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। एयरफोर्स चीफ ने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने हमारे (भारत) 15 जेट मार गिराए हैं, तो उन्हें सोचने दीजिए। मैं इसके बारे में बात क्यों करूं? आज भी, मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा कि क्या हुआ, कितना नुकसान हुआ, कैसे हुआ, क्योंकि उन्हें पता करने दीजिए। क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहां हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर तबाह हुआ हो, या ऐसा कुछ? हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा पाए। ये उनकी 'मनोहर कहानियां' है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने लोगों को कुछ तो दिखाना ही है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है। हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया। इन हमलों के कारण, कम से कम चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगह पर रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा तीन हैंगर भी नष्ट किए और कम से कम 4 से 5 लड़ाकू विमान भी तबाह किए गए। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों के नए अड्डे बनाने- की खबरों पर एपी सिंह ने कहा, जाहिर है, यह होना ही था।



■ सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया था

### भारत ने पाक के एफ-16 और जे-17 गिराए

## दुनिया के नक्शे में रहना है, तो आतंकवाद रोके पाक: सेना प्रमुख

**जयपुर/श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं। सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे।



# भारत ने बांग्लादेश के आरोप किए खारिज

## कहा: वहां की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश के चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में अल्पसंख्यकों पर हुई हिंसा के लिए उसे जिम्मेदार ठहराने वाले बांग्लादेश के आरोपों को झूठे और निराधार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल वहां की अंतरिम सरकार अपनी आदत के अनुसार इसका दोष किसी ओर पर मढ़ना चाह रही है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और जमीन हड़पने वाले स्थानीय चरमपंथियों की गतिविधियों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि हम इन झूठे और निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और हमने इस बारे में कई मौकों पर बात की है, अंतरिम सरकार देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है और उसे बार-बार दोष किसी और पर मढ़ने की आदत है।

### अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के संपर्क में है भारत: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तक़ी की भारत यात्रा की खबरों पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत करता रहा है और अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति ने श्री मुत्तकी को अगले सप्ताह भारत यात्रा पर आने की छूट दे दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में इससे संबंधित सवालों के जवाब में कहा कि आप सभी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति द्वारा अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री की 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली यात्रा के लिए दी गई छूट देखी होगी। हम आपको इस संबंध में जानकारी देते रहेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि हम अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं।

### पोंजी स्कीम मामले में ईडी ने की 61.53 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी पणजी क्षेत्रीय कार्यालय ने हाल ही में रंगगीता एंटरप्राइजेज से जुड़े मामले में गोहिल जयकुमार और अन्य संबद्ध लोगों की विभिन्न तरह की चल और अचल संपत्ति कुर्क की है। इनमें 61.53 लाख रुपये मूल्य के दो आवासीय फ्लैट, एक सावधि जमा और इक्विटी शेयरों के रूप में अन्य चल और अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने गोवा पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा गोहिल और अन्य के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की।

## कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी



**नई दिल्ली।** कश्मीर में शुक्रवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई।

गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में पहाड़ों की चोटियां सफेद हो गई हैं। एक तरफ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, तो श्रीनगर सहित अन्य मैदानी इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में 5-7 अक्टूबर तक भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, इससे पहले ही बर्फबारी और बारिश हो गई। इससे पर्यटकों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों के बीच त्योहार जैसा माहौल हो गया है।

# देश में बाल-विवाह में छह गुना इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कानून होने के बावजूद हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में बाल विवाह के मामले 2022 की तुलना में छह गुना बढ़ गए।

रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में 6,038 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में केवल 1,002 और 2021 में 1,050 मामले दर्ज हुए थे। इस तरह तीन सालों में बाल विवाह से जुड़े मामलों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। सबसे ज्यादा मामले असम में दर्ज हुए, जहां अकेले 5,267 केस सामने आए। यह पूरे देश में दर्ज कुल मामलों का करीब 90 फीसदी है। इसके अलावा, तमिलनाडु में 174, कर्नाटक में 145 और पश्चिम बंगाल में 118 मामले दर्ज हुए। वहीं, छत्तीसगढ़, नागालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में साल 2023 में एक भी केस दर्ज नहीं हुआ। एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक, बाल विवाह के लिए 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों का अपहरण किया गया। इस रिपोर्ट के आने के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि ये डेटा बताता है कि बाल विवाह के खिलाफ कानून होने के बावजूद जमीनी स्तर पर अभी भी जागरूकता और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। दुनिया के एक तिहाई बाल विवाह भारत में होते हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना प्रतिबंधित है। इतना ही नहीं, जो लोग शादी करवाते हैं या उसमें मदद करते हैं, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाती है। 26 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र आम सभा के दौरान एक कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की रिपोर्ट 'टिपिंग पाइंट टू जीरो: एविडेंस टुवर्ड्स ए चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' जारी की गई थी। इसमें दावा किया गया था कि भारत ने बाल विवाह रोकथाम में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। रिपोर्ट में बताया गया था कि 2023 से अब तक 4 लाख बाल विवाह रोके गए हैं। बाल विवाह निरोधक कानून बनने के बाद यह सबसे बड़ी संख्या है। दरअसल, 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा था कि इस रफ्तार से यह कुरीति खत्म करने में 300 साल लग जाएंगे।

### असम में सबसे ज्यादा केस, शादी के लिए 16 हजार से ज्यादा लड़कियों का हुआ अपहरण



Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर हमला, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह और उनके बेटों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर गोमतीनगर विस्तार थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुता. बिक यह घटना बीती रात करीब नौ बजे हुई। उपमुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात लैब असिस्टेंट रवींद्र शुक्ला अपनी कार से परिवार के साथ लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी की टक्कर इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की कार से हो गई। गाड़ी टकराने के बाद शुरू हुआ विवाद इंस्पेक्टर के घर तक पहुंचा। आरोप है कि अनिल कुमार सिंह अपने बेटों के साथ मिलकर रवींद्र से गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की।

### जल्द ही अपना राजनीतिक काम शुरू करेंगे खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब स्वस्थ हो गए हैं और जल्द ही पार्टी की गतिविधियों के काम में लग जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार खड़गे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं और वह पहले की तरह पार्टी के काम में सक्रिय हो जाएंगे। डॉक्टरों ने उनको गुरुवार शाम को अस्पताल से छुटी दे दी थी। वह बेंगलुरु में मंगलवार से गुरुवार तक डॉक्टरों की देख-देख में रहे। पार्टी ने उनके स्वस्थ होने को लेकर यहां एक बयान में शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। वह स्वस्थ हैं और सभी को शुभकामना देने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा इरादा जल्द ही अपना काम शुरू करने का है।

### आगरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान भीषण हादसा

# नदी में डूबे 13 युवक, पांच लाशें निकाली गई

**आगरा, वार्ता**

आगरा के खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गांव कुसियापुर डूगरवाला के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए। हादसे से अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक विष्णु को बचा लिया। डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मदद से दो युवकों ओमपाल और गगन के शव निकाले गए, जबकि देर रात एक अन्य किशोर मनोज का शव मिल गया। इसके बाद दो अन्य युवकों की लाशें भी शुक्रवार सुबह बाहर निकाल ली गईं। अब भी आठ का पता नहीं चल सका है। अब अन्य की तलाश के लिए सेना को बुलाया गया है। खेरागढ़ में मूर्ति विसर्जन करते डूबे एक और युवक भगवती का शव बरामद कर



■ बुलाई गई सेना, अब तक भी आठ का पता नहीं चल सका

लिया गया। इसे देखकर मृतक परिवार में कोहराम मच गया। उटांगन नदी में विसर्जन करते समय 13 युवक और किशोर डूब गए थे। उन्हें निकालने के लिए रात भर आपरेशन चलता रहा। पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ एसडीआरफ लगी रही।

अब तक चार के शव बरामद कर लिए गए है। ग्रामीण घटना स्थल पर मौजूद हैं। रात में गुस्सा आए लोगों ने एसडीएम की गाड़ी को भेज दिया उसके शीशे तोड़ दिया सुबह आप पर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह ने मोर्चा संभाला। लोगों को माइक से अनाउंस कर कहा कि वह संयम बरतें। पुलिस को अपना काम करने दें। कोई पानी की तरफ ना जाए, जिससे किसी तरह का हादसा हो। उधर रात भर गांव में करुण क्रंदन गूंजता रहा। चूल्हे नहीं जले। अब तक गगन, ओमपाल, मनोज और भगवती के शव मिल चुके हैं। ए हादसा दोपहर 1 बजे हुआ। खेरागढ़ के गांव कुसियापुर में चामड़ माता के मंदिर के पास नवरात्र में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई थी। दशहरा पर मूर्ति के विसर्जन के लिए गांव के 40-50 पुरुष, महिलाएं और बच्चे उटंगन नदी के पास पहुंचे। इनमें विष्णु (20), ओमपाल (25), गगन (24), हरेश (20), अभिषेक (17), भगवती (22), ओके (16), सचिन पुत्र रामवीर (26), सचिन पुत्र ऊना (17), गजेंद्र (17) और दीपक (15) गहरे पानी में चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक सभी डूबने लगे। बचाव के साधन नहीं होने की वजह से वह लोग कुछ नहीं कर सके। बाद में कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत की और पानी में कूदकर विष्णु को बाहर निकाल लिया।

### नवरात्र के नौ दिन की खुशियां, फिर दर्दनाक हादसा, डूब गए दो भाई

आगरा। उत्साह, मस्ती और खुशी के कुछ समय बाद चीखें, गम और मातम। यह दृश्य बन गया फतेहाबाद के गांव कुसियापुर का। नवरात्र के अंतिम दिन गांव के दर्जनों लोग देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने धूमधाम के साथ निकले। उस समय किसी को नहीं मालूम था कि यह खुशियां एकदम से मातम में बदल जाएंगी। मूर्ति विसर्जन के समय गांव के ओमपाल और गगन की यमुना में डूबने से मौत हो गई। दोनों परिवार में मौत की सूचना से चीख-पुकार मच गई। एक मां को विसर्जित करते समय किसी ने नहीं सोचा था कि दूसरी मां की गोद में उनके लाडले समा जाएंगे। गांव कुसियापुर के ओमपाल और गगन भी ग्रामीणों के साथ गुरुवार को यमुना में देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने गए थे। ओमपाल अपने परिवार का पालन करने वाला एकमात्र सहारा था। उसके पिता रमेश चंद्र का पहले ही देहांत हो चुका है।

# मुफ्त दवा के नाम पर मौत बांट रही है सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दवा कंपनियों के साथ साथ साठ गांठ कर काले धंधे का खेल कर आम लोगों तथा मासूमों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है, जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुए हैं, लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है, जिसमें लिखा है, जिस कंपनी के 40 सैंपल फेल हुए, राजस्थान सरकार ले उससे दवा रही, नतीजा दो बच्चों की मौत। उन्होंने कहा कि जिस



■ राजस्थान सरकार खरीद रही सेंपल फेल हुई दवाएं

कंपनी की दवा के सैंपल फेल हो रहे हैं, लेकिन उसी दवा कंपनी को राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में दवा आपूर्ति का ठेका दे रखा था। इस दवा कंपनी के सिरप पीने से सीकर में दो बच्चों की मौत हो गयी है और इसके तीन दर्जन से ज्यादा बार सैंपल फेल हुए हैं। यह कंपनी पहले से ही ब्लैकलिस्टेड है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कमीशनखोरी के चक्कर में राजस्थान के लोगों और मासूमों की ज़िंदगी से खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार, दवा के नाम पर मुफ्त 'मौत का सामान' बांट रही है।

# बरेली बवाल में नया खुलासा: आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा की पार्टी इत्तेहाद -ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी व फैजान सकलैनी समेत दो आरा. पी गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए। कोतवाली से ही दोनों आरो. पियों को दाखिल किया गया।

मुनीर की गिरफ्तारी उसके घर से दिखाई गई। बिहारीपुर क्षेत्र निवासी मुनीर इदरीसी काफी समय से इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल का मीडिया प्रभारी है। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि शुक्रवार को मुनीर अपने घर से कहीं भागने की तैयारी में था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया



■ मौलाना को खुश करने के लिए पोस्ट डाल भड़काया माहौल

गया। उससे पुलिस ने कोतवाली में पूछताछ की। उसने स्वीकार किया कि बवाल कराने को उसने भड़काऊ पोस्ट डाली थी। हालांकि उसने बताया कि मौलाना तौकीर की मंडली में शामिल सभी लोग खुद को ज्यादा होशियार दिखाकर मौलाना को खुश करने का प्रयास करते थे। उसने भी ऐसा ही किया। मुनीर ने बताया कि जब नफीस व नदीम ने भीड़ के न आने की आईएमसी की कथित चिठ्ठी वायरल की तो दूसरे साथियों के संग उसने भी मौलाना को भड़काने का काम किया। उसने शुक्रवार को सुबह से ही कुछ और वीडियो व मौलाना के तीखे बयान सोशल मीडिया पर समूह में वायरल किए। ऐसा करके उसनेफरहत व मौलाना की करीबी की काट करने की कोशिश की। मुनीर इदरीशी ने पुलिस को बताया कि मौलाना उसे हर महीने मामूली वेतन देता था। इससे उसका काम नहीं चलता था। इसके अलावा वह मौलाना से जुड़े लोगों से आर्थिक मदद लेकर अपने परिवार का खर्चा चलाता था।

# एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के स्थिति की तारीफ की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में यूपी में सांप्रदायिक और धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में दलित उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कामकाज को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, बल्कि 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक आंकड़ा ए भी है। भाजपा सरकार के काम को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, पीड़ा भरी आंख से भी देखा जाए। उप्र में



■ कहा: पक्षपात के चश्मे से नहीं 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए

दलित दमन चरम पर है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि एक टीवी शो इस आंकड़े पर भी होना चाहिए। एक होर्डिंग इस सच का भी लगना चाहिए।

एक विस्तृत रिपोर्ट इस पर भी समाचार के रूप में प्रसारित-प्रकाशित होनी चाहिए। एक एसआईटी इसकी विवेचना के लिए भी बननी चाहिए। एक अध्याय इसके लिए भी, पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए। घ्एक जांच आयोग इसके लिए भी बैठाया जाए। एक विशेष वाहिनी, दलित-दमन के उन्मूलन के लिए भी बनाई जाए। एक श्वेतपत्र इस काले अपराध पर भी आना चाहिए। एक रोड शो इस समस्या के बारे में भी जागरूकता फैलाने के लिए निकाला जाए। एक 'पांच हज़ार वर्षीय' आयोजन, इस ऐतिहासिक उत्पीड़न की 'पंच सहस्राब्दी' के रूप में, चेतना जगाने के लिए भी आयोजित किया जाए।

गौरतलब है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से 25 प्रतिशत कम रही। देश में कुल अपराध दर 448.3 थी, जबकि यूपी में यह केवल 335.3 दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2012-2017 के बीच यूपी में 815 दंगे हुए थे, जिनमें 192 लोग मारे गए, वहीं 2007-2011 में 616 घटनाओं में 121 मौतें हुईं। इसके विपरीत 2017 के बाद कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। बरेली और बहराइच में हुई दो हिसक घटनाओं को भी सरकार ने 24 घंटे के भीतर नियंत्रित कर शांति बहाल कर दी।



सेंसेक्स 81715.63

निफ्टी 25056.90



सोना रु. 114547

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 143140

प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक (0.28 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 81,207. 17 अंक पर बंद हुआ। लगभग पूरे दिन गिरावट के बाद अंतिम एक घंटे में लिवाली तेज होने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा। पिछले कारोबारी दिवस पर एक अक्टूबर को सेंसेक्स 716 अंक उछल गया था। ऑटो, रियलिटी और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, निजी बैंक

**सेंसेक्स 224 अंक मजबूत**



और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और शेष 15 के लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 3. 40 प्रतिशत की तेजी रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2. 16 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1. 84 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.69 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल का शेयर 1.49 फीसदी, भारती एयरटेल का 1.48 और टाइटन का 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.11 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों के शेयर भी टूट गए। एनएसई में जिन 3,185 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,142 के शेयर बढ़त में और 960 के गिरावट में रहे, जबकि 83 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्त बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया में शुरुआती कारोबार में हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया। जापान के निक्केई में 1.85 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही।


### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 700.236 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 2.334 अरब डॉलर घटकर 700.236 अरब डॉलर रह गया, हालांकि स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में गिरावट दर्ज की गयी है। इससे पहले 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विद. ेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.393 अरब डॉलर घटकर 581.757 अरब डॉलर पर आ गई। इसी दौरान स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। आलोच्य सप्ताह में विशेष आहरण अधिकार नौ करोड़ डॉलर घटकर 18.789 अरब डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 8.9 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 4.673 अरब डॉलर रह गई। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत अब रूस से पिछड़कर दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गया है।

# चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल दालों में रही घट-बढ़, चीनी के भाव टूटे

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी का भाव भी टूट गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट की बढ़त के साथ 4,442 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.42 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत 49 रुपए बढ़कर 3,841.46 रुपए प्रति कुंतल हो गयी। गेहूं के भाव तीन रुपए घटकर 2,864.91 रुपए प्रति कुंतल रहे। आटे की कीमत भी 36 रुपए गिर गयी और यह 3,310.96 रुपए प्रति कुंतल बिका। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल 62 रुपए और मूंगफली तेल 120 रुपए प्रति कुंतल महंगा हुआ। वहीं सोया तेल की कीमत 45 रुपए और पाम ऑयल की 79 रुपए प्रति कुंतल घट गयी। वनस्पति के दाम 21 रुपए प्रति कुंतल टूटे।



दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति कुंतल बढ़ गई। मूंग दाल की औसत कीमत 45 रुपए और उड़द दाल की 101 रुपए प्रति कुंतल घट गई। तुअर दाल 33 रुपए और मसूर दाल में 25 रुपए प्रति कुंतल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 66 रुपए प्रति कुंतल गिर गयी। चीनी का भाव भी 20 रुपए प्रति कुंतल घट गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन: दाल चना 7914.38 रुपए, मसूर काली 8148.02 रुपए, मूंग दाल 10110.11 रुपए, उड़द दाल 10400.59 रुपए, अरहर दाल 10541.70 रुपए प्रति कुंतल। अनाज : (भाव प्रति कुंतल) गेहूं दड़ा 2864.91 रुपए और चावल 3841.46 रुपए प्रति कुंतल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4324.68 रुपए और गुड़ 5019.45 रुपए प्रति कुंतल बोले गए।

# राष्ट्रीय राजमार्गो पर लगेंगे परियोजना सूचक क्यूआर कोड साइन बोर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को सुविधाओं की जानकारी देने के लिए परियोजना विशिष्ट-जानकारी तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर तथा उपलब्ध आवश्यक सेवाओं की सूचना देने के लिए 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा।

एनएचएआई ने यह जानक. ारी देते हुए बताया है कि इससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए पारदर्शिता बढ़ाने और 'आवागमन में सुगमता' की सुविधा मिले सकेगी। इन साइन बोर्डों को आसानी से दिखाई देने वाली जगह पर स्थापित किया जाएगा और 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' लगाकर इनको राजमार्ग

■ सूचना देने को 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा

का उपयोग करने वालों के लिए ज्यादा युक्तसंगत बनाया जाएगा। इनके जरिए यात्रियों को राजमार्ग के किनारे स्थित सुविधाओं, विश्राम स्थलों, टोल प्लाजा, ट्रक ले-बाय आदि की जानकारी मिलेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को ज्यादा सुविधा मिल सकेगी। प्राधिकरण का कहना है कि ये ऊर्ध्वाधर क्यूआर कोड साइन बोर्ड परियोजना-विशिष्ट जानकारी भी देंगे, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या, राजमार्ग श्रंखलन, परियोजना की लंबाई, निर्माण, रखरखाव अवधि, राजमार्ग गश्ती दल, टोल प्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, रेजिडेंट अभियंता, आपातकाल. ीन हेल्पलाइन 1033, एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालय के विवरण के साथ-साथ नजदीक स्थित अस्पताल, पेट्रोल पंप, शौचालय, पुलिस स्टेशन, रेस्टोरेंट, टोल प्लाजा तक की दूरी, ट्रक ले-बाय, पंचर मरम्मत की दुकान और वाहन सेवा केन्द्र, ई-चार्जिंग स्टेशन आदि की जानकारी शामिल होगी। एनएचएआई का विश्वास है कि इस प्रयास के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रति उपयोगकर्ता अनुभव और जागरूकता लाने और राजमार्ग सेवा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# राहुल विदेश में देश की छवि खराब कर रहे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गांधी का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। त्रिवेदी ने कहा कि देश में पिछले 36 घंटे में दो प्रकार के दृश्य देखने को मिले हैं, पहला 100 वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का देशभर में समारोह होना। इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मां भारती के अंकित चित्रों वाला 100 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। दूसरी तरफ देश की 140 साल पुरानी पार्टी के



■ 140 पुरानी पार्टी के नेता ने देश विरोधी बयान दिया

नेता ने विदेश की धरती से एक और देश विरोधी बयान दिया है, जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ग्लोबल टाइम्स ने जनवरी 2023 में कहा कि भारत ने कुछ वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था में जिस तेजी से संस्थानिक सुधार (स्ट्रक्चर रिफॉर्म) किया है, उससे वह बहुत शक्तिशाली बना है। उन्होंने कहा कि सवाल यह उठता है कि कांग्रेस नेता गांधी जब विदेश जाते हैं, तो उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन पर हुई केस स्टडी और स्टेनफोर्ड द्वारा तैयार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इंडेक्स, जिसके अनुसार भारत एआई कौशल निवेश में पहले स्थान पर और एआई जीवंतता में शीर्ष चार देशों में शामिल है, क्यों नहीं दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि गांधी इसी स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाकर भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें करते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दूसरा सवाल यह है कि कांग्रेस नेता में ऐसी कौन सी प्रतिभा है, जिसके लिए उन्हें विदेश के विश्वविद्यालय बुलाते हैं, जबकि कांग्रेस में एक से एक बुद्धिमान लोग हैं, उन्हें नहीं बुलाया जाता। श्री त्रिवेदी ने कहा कि जब गांधी को भारत के किसी भी विश्वविद्यालय में नहीं बुलाया जाता है, तो फिर सवाल उठता है कि उन्हें भारत के बाहर ही क्यों बुलाया जाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP

हाशमी दवाखाना

9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?

अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।

फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।

ऋषि इन्टरनेशनल

08899787114

09808917010

Cipzer

HEALTH WITH CARE

जॉन्डिस क्योर

लिवर का जिगरी दोस्त

खून की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।

86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# जंगली जानवर के हमले से जनहानि पर मिलेंगे 10 लाख

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने किया वन्य जीव प्राणी सप्ताह का शुभारंभ

■ वन्य जीव हमले में जनहानि पर सहायता राशि बढ़ाने की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** देहरादून जू में वन्य जीव प्राणी सप्ताह का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश में वन्य जीवों के हमले में होने वाली जनहानि पर मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वन्यजीव हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग हैं, हमारे देवी-देवताओं ने भी इनके साथ सह-अस्तित्व का संदेश दिया है। मां दुर्गा का वाहन शेर, गणेश जी का वाहन मूषक, मां सरस्वती का हंस, भगवान कार्तिकेय का मोर, लक्ष्मी जी का उल्लू और देवाधिदेव महादेव के कंठ पर विराजमान नागराज और साथ बैठे नंदी हमारी सनातन संस्कृति में मानव और जीव-जगत के बीच एकात्म भाव के प्रतीक हैं। यही कारण है कि आदिकाल से वन्यजीवों का संरक्षण भारत की जीवन पद्धति का स्वाभाविक हिस्सा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की लगभग 14.77 प्रतिशत भूमि, 6 राष्ट्रीय उद्यानों, 7 वन्यजीव विहारों और 4 संरक्षण आरक्षित क्षेत्रों के रूप में संरक्षित है, जबकि पूरे देश में ये अनुपात मात्र 5.27 प्रतिशत ही है।





### वन्यजीवों को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी: सुबोध

इस मौके पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि वन और वन्य जीवों को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इकोनॉमी, इकोलॉजी और टैक्नोलॉजी के मेल से ही प्रदेश आगे बढ़ सकता है। इस मौके पर कृषि मंत्री गणेश जोशी, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक समीर सिन्हा, प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव रंजन कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

### इकोनॉमी, इकोलॉजी और टेक्नोलॉजी

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार इकोनॉमी, इकोलॉजी और टेक्नोलॉजी के बीच संतुलन स्थापित करते हुए विकास के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग से कहा कि हर जिले में कम से कम एक नए पर्यटन स्थल की पहचान करते हुए उसे विकसित करें, साथ ही बिना प्राकृतिक स्वरूप को बदले, उसे पर्यटकों के लिए सुलभ बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नए इको-टूरिज्म मॉडल पर काम चल रहा है, ताकि लोग जंगलों से जुड़ें, लेकिन प्रकृति को नुकसान न पहुंचे।

### लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विश्व मंच से ''लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट'' का आहवान किया है जो मात्र एक नारा नहीं, बल्कि धरती मां को बचाने का एक मंत्र है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड आने वाले सभी पर्यटकों से ये आहवान करते हुए कहा कि वे जब भी जंगल सफारी या किसी धार्मिक पर्यटन स्थल पर जाएं तो वहां गंदगी न फैलाएं।

# देश के खिलाफ लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा की भूमिका निभा रहे राहुल गांधी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कोलंबिया में दिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर आक्रोश जताते हुए कहा कि ऐसे देश विरोधी बयान देकर, कांग्रेस नेता एलओपी यानी 'लीडर ऑफ प्रोपेंगेंडा' की नई परिभाषा गढ़ रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी हमेशा विदेश जाकर, लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर हमला कर देश की छवि खराब करने का काम करते हैं

उन्होंने मीडिया में जारी अपने बयान में कहा कि राहुल गांधी विदेश अक्सर गुप्त यात्रा पर जाते हैं और जब बताकर जाते हैं तो जब भी मुंह खोलते हैं, हमेशा भारतीय लोकतंत्र पर हमला करते हैं। वे विदेशी मंचों पर अमेरिका और ब्रिटेन से हमारे मामलों में दखल देने की मांग करते हैं। वे अब तक विदेशी जमीन पर सेना से लेकर न्यायपालिका, संविधान और सनातन तक, सभी पर हमला कर, भारत का अपमान करते आए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेश में हैं, बेहतर होता देश की शान में इजाफा करने वाली बातें करते। लेकिन वह जब भी बोलते हैं, भारत पर ही हमला करते हैं। वे नेता प्रतिपक्ष होने के बावजूद, भारत में लोकतंत्र नहीं होने के निराधार आरोप लगाते हैं।

उन्होंने निशाना साधा कि राहुल गांधी की असल समस्या है येन केन प्रकारेंण सत्ता प्राप्ति, लेकिन जनता उन्हें लगातार नकार रही है। जनता के मूल्यांकन से सबक सीखते हुए, स्वयं में सुधार करने के बजाय, वे समूची लोकतान्त्रिक व्यवस्था को ही गलत साबित करने में जुटे हैं। पीएम मोदी और भाजपा, संघ के प्रति दुर्भावना से इतने ग्रसित हैं कि देश विरोध की सीमा को भी पार कर जाते हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि, विदेशी सरजमीं से देश की छवि बिगाड़ने की उनकी ये सारी कोशिशें स्पष्ट करती हैं कि वे एलओपी यानी नेता प्रतिपक्ष का अर्थ शायद लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा समझते हैं।

## विद्युत अधिभार से जले घरों के उपकरण

**श्रीनगर।** नगर निगम के वार्ड 33 डांग क्षेत्र में अचानक विद्युत अधिभार बढ़ने से टीवी, फ्रिज, एसी और इनवर्टर सहित कई बिजली उपकरण जल गए। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग की। वार्ड पार्षद अक्षितेश नैथानी ने शुक्रवार को प्रभावितों के साथ विद्युत वितरण खंड पहुंचे और एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि वोल्टेज फ्लक्चुएशन से मीटर भी खराब हुए और कुछ स्थानों पर आग लगने की घटना हुई। पार्षद ने ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की। एसडीओ ने जांच के निर्देश दिए और जले हुए उपकरणों का आकलन कर रिपोर्ट तैयार कर मुआवजे की कार्रवाई की बात कही।

# मुख्यमंत्री आवास कूच करते कांग्रेसी दिग्गज गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** हाल ही में संपन्न यूके ट्रिपल एससी परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई से कराए जाने, लीक हुई परीक्षा को रद्द कर नई परीक्षा तिथि घोषित करने व यूके ट्रिपल एससी अध्यक्ष गणेश सिंह मर्तोलिया को बर्खास्त करने की मांग को लेकर सीएम आवास कूच को निकले कांग्रेसियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

शुक्रवार को अपने पूर्व घोषित मुख्यमंत्री आवास कूच के कार्यक्रम के तहत प्रात: हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एकत्रित हुए और प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत, एआईसीसी सचिव काजी निजामुद्दीन व अनेक विधायकों पूर्व मंत्री व पूर्व विधायकों के नेतृत्व में दोपहर साढ़े बारह बजे मुख्यमंत्री आवास की ओर बड़े। पार्टी कार्यकर्ता पेपर चोर गद्दी छोड़ वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुए राजपुर रोड पर हाथों में सरकार विरोधी तख्तियां ले कर बहल चौक, दिलाराम बाजार होते हुए कैंट रोड से सीधे मुख्यमंत्री आवास की ओर बड़े। कैंट रोड पर पुलिस चौकी के पास लगे बैरिकेडिंग के पास पहुंचते ही कार्यकर्ता जोरदार नारे लगाते हुए बैरिकेडिंग पर चढ़ गए, काफी धक्का मुक्की के बाद प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष धस्माना ने बैरिकेडिंग से ही जन सभा शुरू कर दी। माहरा ने धामी सरकार पर राज्य के नौजवानों व बेरोजगारों को धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश का नौजवान जो पिछले साढ़े आठ सालों से रोजगार की तलाश में दर दर भटक रहा है आज इस बात से निराश हताश और आक्रोशित है कि प्रदेश में एक तो सारी भर्तियां बंद हैं और जो कुछ थोड़ी बहुत भर्तियां निकलती हैं उनकी परीक्षा के पेपर खुले आम नीलाम हो जाते हैं और नीलाम करने वाले कहीं ना कहीं भाजपा से जुड़े लोग होते हैं चाहे वो हाकम सिंह हो या वो संजय धारीवाल या धर्मेंद्र सिंह चौहान हों। पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा राज में रेत बजरी पत्थर तो पहले ही चोरी हो रहा था अब पेपर चोरी का रिवाज भी खूब प्रचलित हो रहा है। पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था से लेकर विकास रोजगार हर मोर्चे पर भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है।

# कांग्रेस पचा नही पा रही युवाओं की मांग पर सीबीआई जांच: चौहान

■ कांग्रेस का कूच और प्रदर्शन राजनीति से प्रेरित, कहा - कांग्रेस की मंशा युवाओं की समस्या समाधान की नही, बल्कि उलझाने और राजनैतिक मुद्दे के तौर पर पेश करने की रही



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर युवाओं की सीबीआई मांग के पूरी होने को पचा नही पा रही है और इसी कारण बेवजह बयानबाजी मे जुटी है।

कांग्रेस के कूच को राजनीति से प्रेरित बताते हुए उन्होंने कहा कांग्रेस न यह चाहती थी कि युवाओं की सीबीआई जांच की माँग पूरी हो और न ही उसे उम्मीद थी कि सरकार यह मांग मान लेगी। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच के निर्णय के बाद कांग्रेस के सुर बदल गए और जो पार्टी शुरू से सीबीआई जांच की मांग कर रही थी वह एकाएक सीबीआई पर नुक्स निकालने लगी। जबकि वह सरकार के निर्णय को सराह भी सकती थी, क्योंकि युवा वर्ग ने सीबीआई मांग को लेकर खुशी जताई।

चौहान ने कांग्रेस के आरोपों को बेतुका बताते हुए कहा कि परीक्षा स्थगित होने का विषय परीक्षा आयोग के स्तर पर है और वह इसमें निर्णय लेगा। हालांकि इस पर सहमति बन चुकी है और युवा भी इसे भली भाँति जानती है। लेकिन कांग्रेस जान बूझकर अनजान बनने का नाटक कर रही है। क्योंकि उसे इसमें कुछ लाभ नही दिख रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारों की मांग को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने विनम्रता से पूरा किया और इसमें उन्होंने कोई श्रेय लेने की बात भी नही की। लेकिन कांग्रेस इस मुद्दे पर राजनीति और श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस की मंशा युवाओं की समस्या समाधान की नही रही, बल्कि उनको उलझाने और राजनैतिक मुद्दे के तौर पर पेश करने की रही है। युवा वर्ग उनके षड्यंत्र मे नही फंसा और अब कांग्रेस अपने पुराने पैंतरे आजमा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओ के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। युवा हितों को देखते हुए सीएम धामी कह चुके है कि युवाओं के हित मे हर कदम से पीछे नही हटेंगे। कांग्रेस न कभी युवाओं की हितैषी थी और न अब तक रही है। बेरोजगार युवा आंदोलनरत रहे और सरकार उनकी समस्या समाधान की दिशा मे जुटी रही तो कांग्रेस अवसर तलाशती रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए अब प्रायश्चित ही अंतिम विकल्प शेष है। कांग्रेस काल मे हुए तमाम भर्ती घोटालों मे कांग्रेस मूकदर्शक बनी रही और उसके पास कार्यवाही के नाम पर कुछ नही है। धामी सरकार ने ही जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर भ्रष्टाचार के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की और माफिया को सलाखों के पीछे भेजा। कांग्रेस युवा, मातृ शक्ति और आम जन के मसलों पर जीरो साबित हुई है।



# श्रद्धालुओं की सुरक्षा से समझौता नहीं

## आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने जागेश्वर धाम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जागेश्वर।** श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसके लिए कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंदिर परिसर एवं आसपास की सुरक्षा व्यवस्था में और अधिक सुधार लाए जाने के लिए आईजी ने पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। शुक्रवार को कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल जागेश्वर धाम का निरीक्षण करने पहुंची और वहां पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बरीकी से निरीक्षण किया।



जागेश्वर धाम निरीक्षण के दौरान आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने साफ व कड़े शब्दों में कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और इसके लिए कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंदिर परिसर एवं आसपास की सुरक्षा व्यवस्था में और सुधार लाने की जरूरत है इसके लिए उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। आईजी ने बताया कि जागेश्वर जैसे पौराणिक स्थल पर भीड़ प्रबंधन सबसे अहम चुनौती है। उन्होंने यातायात नियंत्रण, फ्रिस्किंग, मेटल डिटेक्टर एवं सीसीटीवी निगरानी को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही नियमित पेट्रोलिंग और आधुनिक तकनीक के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर बल दिया। उनका कहना था कि सतर्कता और तकनीक का सही मिश्रण ही आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था की कुंजी है। निरीक्षण के दौरान आईजी ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से भी संवाद किया और उनके सुझाव व समस्याओं को गंभीरता से लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। स्थानीय प्रशासन, मंदिर समिति और पुलिस के बीच समन्वय बढ़ाने पर भी उन्होंने जोर दिया। श्रद्धालुओं और पर्यटकों से आईजी ने सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा तभी प्रभावी होगी जब सभी लोग प्रशासन के निर्देशों का पालन करेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देंगे। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा हमारी सर्वोपरि जिम्मेदारी है। इसके साथ ही आईजी ने जागेश्वर धाम की पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की मर्यादा और स्वच्छता बनाए रखना सभी का कर्तव्य है, जिससे हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रहे। निरीक्षण के दौरान अल्मोड़ा एसएसपी देवेंद्र पींचा एवं अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# अनदेखी: 20 लाख के चित्र झाड़ियों से ढके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** तहसील में लगभग 20 लाख रुपए से लगे मूमेंटो चित्र झाड़ियों से ढके। सफाई के अभाव में अब चित्रों की सुंदरता दिन प्रतिदिन गायब होते जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है। बता दें कि केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद अजय टम्टा ने विगत तीन वर्ष पूर्व तहसील रोड़ में सुरक्षा दीवारों पर लगे मूमेंटो का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला विकास विकास प्राधिकरण मद से लगभग साढ़े आठ लाख रुपए की लगत से लगे चित्र अब झाड़ियों के आगोश में आ चुके हैं। इसके अलावा जब से दीवार में चित्र टांके गए तब से इन्हें देखने के लिए कोई नहीं पहुंचा। धूल मिट्टी से सने चित्रों में सुंदरता गायब होने लगी है। जबकि कई चित्र जिले के पर्यटन स्थल पिंडारी ग्लेशियर, सुन्दर ढुंगा ग्लेशियर, कफनी ग्लेशियर के मार्ग को प्रदर्शित करने के साथ साथ ग्लेशियरों का सुंदर छायांकन दर्शाया गया है।



इसके अलावा जिले के कई मार्गो को दर्शाने वाले चित्र भी अपनी सुंदरता खोते जा रहे है। स्थानीय लोग रमेश नेगी, जगदीश सिंह, मदन सिंह, रमेश टंगड़िया, किशन सिंह, प्रमोद सिंह सहित अन्य लोगों ने झाड़ियों के कटान करने व चित्रों की धुलाई करवाने की मांग की ही। सबसे बड़ी विडम्बना यह है ये सभी चित्र परगना जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय परिसर के दीवार में टंगे हुए हैं।

## एक नजर

### अवैध निर्माणों की जांच के लिए एसडीएम ने बनाई जांच टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों की शिकायतों के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कालाढूंगी परितोष वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के आधार पर एक जांच टीम का गठन किया गया है। यह टीम वन विभाग की एसडीओ और तहसीलदार के नेतृत्व में काम करेगी। टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वह पंद्रह दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपे। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कोटाबाग क्षेत्र के ग्राम सेल्सिया में एक बिल्डर द्वारा सरकारी और बेनाप भूमि पर बिना स्वीकृत नक्शे के बहुमंजिला इमारत निर्माण की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। इसके अलावा बिल्डर पर राजस्व (नाले) की भूमि पर अवैध रूप से रास्ता बनाने और बिना अनुमति बोरिंग करने के आरोप भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस निर्माण कार्य से उन्हें भारी परेशानी हो रही है, और ग्रामवासियों में इसको लेकर काफी आक्रोश है। ज्ञापन सौंपने वालों में ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी, समाजसेवी व पूर्व प्रधान उमेश तिवारी के अलावा हेमा देवी, जीतू, कविता देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



### गांधी जयंती पर चलाया सफाई अभियान

**कालाढूंगी।** गांधी जयंती के उपलक्ष में एनसीसी कैडेट ने स्वच्छता अभियान चलाया। ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज धमोला के एनसीसी अधिकारी मनमोहन सिंह बसेड़ा ने बताया कि 79 यूके बटालियन नैनीताल के कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक के निर्देशन में विद्यालय के एनसीसी कैंडिडेट्स के द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कैडेट्स ने विद्यालय के आसपास एवं नहरों में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक फादर साबू ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाना चाहिए तथा लोगों को स्वच्छता हेतु जागरूक करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन सिंह बिष्ट, सिस्टर स्वर्णा, कमलकांत जोशी, रीना कंबोज, रेनू बिष्ट, दीपिका बधानी, खिलेश सनवाल, किरन गंगोला, भावना बरगली, कमल जोशी, भावना गंगोला, दीपांशु कोरंगा आदि मौजूद रहे।

### विवि के विद्यार्थियों का नामी कंपनी में चयन

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कंपनियों में चयन हो रहा है। इसी श्रृंखला में मैसर्स ग्रुनर रिन्यूएबल एनर्जी, कम्पनी द्वारा विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में मूल्यांकन परीक्षण एवं साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों क्रमशः चिराग पंत, युवराज सिंह, अभिनव गोयल, रक्षिता जोशी एवं सीधी मनियारिया का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रषिक्षण के उपरान्त रु. 6 लाख प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एमएस नेगी ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये बताया कि पूर्व की भांति भविष्य में भी निदेशालय अन्य क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।

### 6 को खिलाई जाएगी श्वांस रोगियों को दवा

**काशीपुर।** श्री शरद पूर्णिमा के अवसर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री राधे हरि सत्संग आयुर्वेदिक धर्मार्थ औषधालय, काशीपुर में सोमवार, 6 अक्टूबर की रात्रि में श्वांस के रोगियों को खीर के साथ दवाई खिलाई जाएगी। औषधालय के मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति अपना नाम औषधालय में पंजीकृत कराकर लाभ उठा सकते हैं।

### विकास भवन में सीडीओ का निरीक्षण

**बागेश्वर।** मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई कार्यालयों में कर्मचारी अनुपस्थित मिले और अभिलेख व सामग्री अव्यवस्थित पाई गई। सीडीओ ने अनुपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है और उनके वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी विभागाध्यक्षों को बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने, कार्यालयों की स्वच्छता बनाए रखने और रिकॉर्ड व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए।

### कबड्डी के लिए खिलाड़ियों का चयन कल

**बागेश्वर।** उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय कबड्डी सब जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता दिनांक 11 अक्टूबर एवं व 12 अक्टूबर को उधमसिंहनगर में आयोजित होनी है। कबड्डी चैंपियनशिप के लिए जनपद से बालक बालिका वर्ग टीमों के चयन होना है। कबड्डी एसोसिएशन ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी 5 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से बीडी पांडे कैंपस में पहुंचे। बताया कि प्रतियोगिता में एक जनवरी 2009 के बाद जन्मे खिलाड़ी ही प्रतिभाग करेंगे।

# दियारी में अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** धौलछीना के दियारी के पास गुरुवार देर रात एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में जा गिरा। घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार देर रात दियारी निवासी महेंद्र सिंह पुत्र दीवान सिंह अपने मैक्स वाहन से अल्मोड़ा से अपने घर दियारी को निकला था। लेकिन घर पहुंचने से पहले वाहन अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया और करीब सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में 23 वर्षीय मोहित सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह की मौके पर मौत हो गई। जबकि चालक वाहन में ही गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने घायल चालक को वाहन से निकाल कर धौलछीना अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने चालक की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।



## गुलदार की दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर से सटे आदर्श कालोनी खत्याड़ी में इन दिनों गुलदार की धमक से लोग दहशत में हैं। आए दिन आबादी क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी से लोग खौफजदा है। गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी में कैद होने के बाद लोगों में दहशत बढ़ गई है। लोगों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार के आतंक से लोग परेशान हैं। शहर में भी गुलदार की चहलकदमी आए दिन सीसीटीवी में कैद हो रही है। वहीं, इन दिनों अब खत्याड़ी के आदर्श कालोनी, मनोज विहार समेत अन्य रिहायशी इलाकों के पास गुलदार की चहलकदमी ने लोगों में भय पैदा कर दिया है। कर्मचारी नेता राजू लटवाल ने कहा कि क्षेत्र में आए दिन गुलदार की धमक से लोग परेशान हैं। शाम होने से पहले लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं।

# राम-रावण युद्ध का शानदार मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में रामलीला का मंचन जारी है। गुरुवार को रामलीला के दसवें दिवस मेघनाथ वध, सुलोचना सती, अहिरावण रावण संवाद, हनुमान मकरध्वज संवाद, राम रावण युद्ध, रावण वध आदि प्रसंगों का शानदार मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला का मंचन देखने बड़ी संख्या में स्थानीय लोग देर रात तक डटे रहे। नगर के धारानौला, कर्नाटखोला, हुक्का क्लब, नंदादेवी, राजपुरा, सरकार की आली, एनटीडी आदि स्थानों में रामलीला का मंचन जारी है। यहां नगर के कर्नाटखोला में दसवें दिन रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि हवालबाग ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुण्डू, प्रमुख भैंसियाछाना नीमा आर्या, जिपं सदस्य कुंदन आर्या ने भगवान राम की प्रतिमा के सम्मुख दीप जलाकर किया। अतिथियों ने रामलीला मंचन में कलाकारों की भूमिका की जमकर सराहना की। वहीं, रामलीला में अंतिम दिन विभिन्न पात्रों की भूमिका निभा रहे कलाकारों को दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा रामलीला में रावण मंदोदरी संवाद, कुंभकरण व मेघनाथ वध, सुलोचना सती के साथ ही रावण वध के मंचन का प्रदर्शन किया गया। यहां पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक, जमन सिंह बिष्ट, संतोष आर्या, अनिल कुमार, नन्द किशोर काण्डपाल, भगवत आर्या, हरीश बनोला, भारत भूषण, त्रिभुवन आर्या, गोपाल मेहरा, कमलेश कर्नाटक, भुवन चन्द्र कर्नाटक, गौरव कांडपाल, संतोष जोशी, कपिल मल्होत्रा, लीलाधर काण्डपाल मौजूद रहे।



# चार शहीदों के घरों से लाई गई थी मिट्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा से शुक्रवार को शहीद सम्मान यात्रा को रवाना किया गया। शहीद सम्मान यात्रा 2.0 के तहत अल्मोड़ा के चार शहीदों के घरों से कलश में मिटी को भरकर देहरादून स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचाया जाएगा। शुक्रवार को नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा से शहीद सम्मान यात्रा को केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, डीएम आलोक कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने उनके परिवार जनों को भी नमन किया। कहा कि वर्तमान केंद्र व राज्य सरकारें मिलकर सैनिकों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्हें वह सम्मान देने के लिए सजग हैं जिसके वें हकदार हैं। देहरादून का सैन्य धाम इसी सम्मान का उदाहरण है। जिले के शहीदों में शहीद हवलदार नंदन सिंह अधिकारी, शहीद सिपाही बृजेश रौतेला, शहीद हवलदार राजेंद्र सिंह और शहीद सिपाही हिमांशु के घर के आंगन की मिटी को कलश में संग्रहित किया गया है। अब यह मिटी सैन्य धाम पहुंचेगी। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख आनंद सिंह कनवाल, मदन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल विजय मनराल (सेनि.) ने बताया कि पूर्व में शहीद सम्मान यात्रा वर्ष 2021 में जनपद के 159 शहीद सैनिकों के आंगन से पावन मिट्टी व जनपद अल्मोडा की जीवन दायिनी कोसी, सुयाल तथा रामगंगा इत्यादि प्रमुख नदियों का पावन जल संग्रहण कर कलश के माध्यम से सैन्यधाम भेजा गया था। प्रदेश की राजधानी देहरादून के गुनियालगांव मे उत्तराखण्ड के पांचवें धाम के रुप में सैन्यधाम में अमर ज्योति का निर्माण कार्य विगत तीन जुलाई 2023 को प्रारम्भ हुआ था, जो वर्तमान में सैन्यधाम के रूप में जाना जाता है। इसी क्रम में शहीद सम्मान यात्रा 2.0 के तहत जनपद के चार शहीद सैनिकों के घर के आंगन से पावन मिटटी को कलश में संग्रहित कर सैन्य धाम को रवाना किया गया है।



# पुलिस ने सात वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये आदेश निर्देशों के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में कोतवाली काशीपुर पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग वादों में न्यायालयों से जारी गिरफ्तारी वारंटों की तामील करते हुए सात वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटियों में साजिद हुसैन पुत्र जमीर हुसैन निवासी वार्ड नंबर 15 छिद्दी हलवाई के पास काशीपुर, विनीत शर्मा पुत्र धर्मपाल शर्मा निवासी पुष्पक विहार कॉलोनी पक्काकोट काशीपुर, शकील अहमद पुत्र अमानत हुसैन निवासी मझरा रोड वार्ड नंबर 22 लक्ष्मीपुर पट्टी काशीपुर, मुकुल अस्थाना पुत्र रमाकान्त अस्थाना निवासी अलीगंज बस अड्डा टांडा उज्जैन काशीपुर, जितेंद्र सिंह यादव पुत्र प्रेम पाल सिंह यादव निवासी उजाला अस्पताल मानपुर रोड कचनाल गाजी काशीपुर, प्रेम सिंह उर्फ पादरी पुत्र छोटेलाल निवासी डिफेंस कॉलोनी श्यामपुरम काशीपुर तथा मोहित शर्मा पुत्र नरेंद्र कुमार शर्मा निवासी मौहल्ला लाहोरियान काशीपुर बताये गये हैं। वारंटियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कौशल भाकुनी, सुनील सुतेड़ी, भूपाल राम पौरी, जयप्रकाश चन्द्र, संजय कुमार, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह बोरा, कांस्टेबल धीरज सिंह, प्रेम कनवाल, गौरव सनवाल, दिनेश त्यागी व देवानन्द थे।

# सीएम ने दो ईजाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देहरादून में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस समारोह में श्री आनंद आश्रम, हल्द्वानी के बुजुर्गो ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में आश्रम की दो ईजाएं, भगवती देवी और सूज़ो देवी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आश्रम के बुजुर्गो ने संस्था के अध्यक्ष कनक चंद के मार्गदर्शन में मंच पर कुमाऊंनी गीत 'कैले बजे मुरली' और 'बेडू पाको बारामासा' पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति को उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। बुजुर्गों की पारंपरिक पोशाक, उनकी लयबद्धता और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस उम्र में भी उनके उत्साह और मेहनत ने सभी को प्रभावित किया। समाज कल्याण विभाग के निदेशक चंद्र सिंह धर्मसत्तू ने कनक चंद द्वारा बुजुर्गों के लिए तैयार की गई प्रस्तुति की खुलकर सराहना की। कनक चंद ने बताया कि बुजुर्गो को अभ्यास कराना आसान नहीं था, लेकिन उनके लगातार प्रयास और समर्पण से यह प्रस्तुति यादगार बन सकी। कार्यक्रम को सफल और शानदार बनाने में अहम भूमिका निभाने पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष शांति मेहरा और अध्यक्ष राम चंद्र गौड़ ने भी कनक चंद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।



# नवोदय में छात्रावास निर्माण के लिए 42 करोड़ मंजूर

**बागेश्वर।** विधयाक पार्वती दास ने बताया कि विधानसभा बागेश्वर में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि अन्तर्गत बागेश्वर जिले में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय बागेश्वर में भवन व छात्रावास निर्माण हेतु 42 करोड़ 16 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को अनुरक्षण मद योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर में राजकीय इंटर कालेज रवाईखाल के बृहद मरमम्त कार्य हेतु धनराशि की वित्तीय की स्वीकृति मिल गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के अनुरक्षण मद योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर में राजकीय इंटर कालेज कौलाग, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटफुलवाड़ी, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमार मजकोट में अनुरक्षण कार्य हेतु धनराशि की वित्तीय स्वीकृति दी गयी है। विधायक दास ने बताया कि जनपद में लंबे समय से राजीव गांधी नवोदय विद्यालय हेतु भूमि व भवन निर्माण हेतु शासन स्तर से प्रयास किया जा रहा था, जो आज सफल हुआ जल्द से भवन निर्माण के कार्य शुरू किया जाएगा। आने वाले दिनों छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक माहौल देकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान की जाएगी।

# कालाढूंगी में हाईटेक शौचालय का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी में आधुनिक सुविधाओं से युक्त हाईटेक शौचालय का शुभारंभ विधायक बंशीधर भगत ने किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ज्ञात हो कालाढूंगी में अब तक छोटे-छोटे सार्वजनिक शौचालय तो मौजूद थे, लेकिन हाईटेक और आधुनिक शौचालय की सुविधा नहीं थी। इससे राहगीरों, व्यापारियों एवं आम जनता और विशेषकर महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस आवश्यकता को देखते हुए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा ने इस दिशा में पहल की, विधायक बंशीधर भगत के सहयोग से शासन से 50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई। वर्तमान पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा ने इस पहल को आगे बढ़ाया। उद्घाटन के अवसर पर विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि सरकार जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रही है और कालाढूंगी को विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा एवं पूर्व अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा ने विधायक का स्वागत करते हुए उनका आभार जताया। अध्यक्ष रेखा कत्यूरा कहा कि इस हाईटेक शौचालय से जनता को बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, महामंत्री विनोद बुधलाकोटी, सीमा जोशी मिश्रा, दीवान सिंह बिष्ट, मोहन सिंह खोलिया, मेहमूद हसन बंजारा, सईद अहमद, गोधन सैनी, मनोज अधिकारी सहित सभासद हरीश मेहरा, नसीम जहां, रोहित बुधलाकोटी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



# खत्री सभा ने कराया निर्धन कन्या का विवाह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** विजयदशमी पर्व पर श्री खत्री सभा काशीपुर द्वारा एक निर्धन कन्या अंशु का विवाह वर अभिषेक के साथ कराया गया, जिसकी संपूर्ण रस्म गायत्री मंदिर काशीपुर के पंडित जी द्वारा करायी गयी। विवाह में गृहस्थी का सारा सामान खत्री सभा द्वारा दिया गया, जिसमें खत्री समाज के सभी सदस्यों ने पूर्ण योगदान दिया। इस विवाह की संपूर्ण व्यवस्था श्री खत्री सभा काशीपुर के अध्यक्ष खत्री शरद मेहरोत्रा द्वारा और उनकी टीम ने की। श्री खत्री सभा काशीपुर समय-समय पर इसी प्रकार के सेवा कार्य करता रहता है। इस मौके पर अध्यक्ष शरद मेहरोत्रा, डॉ. नरेश मेहरोत्रा, डॉ. इला मेहरोत्रा, अनिल मेहरोत्रा, स्वतंत्र कुमार मेहरोत्रा, सोनल मेहरोत्रा, संदीप सहगल, वीना मेहरोत्रा, अर्पित मेहरोत्रा, नवदीप मेहरोत्रा, मधु मेहरोत्रा, राकेश मेहरोत्रा, दिलीप मेहरोत्रा, उमा मेहरोत्रा, राजीव मेहरोत्रा, अनूप मेहरोत्रा, अतुल मेहरोत्रा, आंचल मेहरोत्रा, सीमा मेहरोत्रा, रितु मेहरोत्रा के साथ-साथ खत्री समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत रामनगर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल व पूर्व संगठन मंत्री संजय कुमार की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर खेल मंत्रालय के फिट इंडिया मूवमेंट को जनआंदोलन बनाने हेतु यह आयोजन किया जा रहा है तथा विभिन्न खेल और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए यह अच्छी पहल की जा रही है।

कार्यक्रम संयोजक व वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन का समापन नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

भाजपा पूर्व संगठन मंत्री संजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया है। आज इसी श्रृंखला में काशीपुर के स्टेडियम में दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि आज युवाओं को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न खेलों के माध्यम से प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इस दौरान अजय सिंह नेगी फुटबॉल कोच स्टेडियम काशीपुर, स्टेडियम इंचार्ज महेश्वर सिंह नेगी, राजीव ठुकराल, वैभव गुप्ता, सिद्धांत अग्रवाल, विकास अरोरा आदि मौजूद रहे।



## रावण, मेघनाद का दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** जीएसटी विभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा बनाये गये रावण, मेघनाद व अन्य पुतलों का मानपुर रोड स्थित कौशांबी एवेन्यू कालौनी में इस बार भी दहन किया गया। कौशांबी एवेन्यू कालौनी निवासी जीएसटी विभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण कुमार यादव बचपन से दीपावली पर हवाई जहाज, दिल, मछली, स्टार एवं अन्य तरह के कंडील बनाते और बेचते थे। दशहरा मेला में भारी भीड़ देख उन्होंने अपनी ही कालोनी में वर्ष 2023 से पुतले बनाकर दहन करना शुरू कर दिया। इस बार भी कालौनी में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। देर सायं जय श्रीराम के जयकारों के बीच 24 फिट ऊंचाई वाले रावण और मेघनाद एवं 11 फिट ऊंची व 7 फिट चौड़ी लंका का दहन किया गया। इस अवसर पर कौशांबी एवेन्यू कालौनी के सभी गणमान्य व्यक्तियों के साथ ही आसपास की कालौनियों के लोग भी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# सूर्या फाउंडेशन ने किया सफाई कर्मचारियों को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सूर्या फाउंडेशन द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भाव को ध्यान में रखते हुए ग्राम करनपुर में सफाई कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर गांव में कार्यरत 10 सफाई कर्मचारियों को अंगवस्त्र पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवाभावी सरदार गुरमुख सिंह ने सफाई कर्मियों का सम्मान करते हुए कहा कि समाज की स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था में उनका योगदान सबसे अहम है। सूर्या फाउंडेशन के उत्तराखंड क्षेत्र प्रमुख हिमांशु ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। उन्होंने सभी कर्मचारियों के उत्साह और समर्पण की सराहना की। सूर्या कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र की शिक्षिका अमनदीप कौर ने सफाई कर्मचारियों के निरंतर प्रयासों को प्रेरणादायी बताया। सूर्या फाउंडेशन लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक उत्थान के कार्यों से ग्रामीण समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है।

# तथ्यात्मक, निष्पक्ष होगी जांच

## यूकेएसएसएससी पेपर लीक प्रकरण में जांच आयोग की सुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) के अंतर्गत स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा पेपर लीक प्रकरण को लेकर सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग की जनसुनवाई शुरू हो गई है। सर्किट हाउस काठगोदाम में शुक्रवार को सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यूसी की अध्यक्षता में जनसुनवाई एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष सेवा. निवृत्त न्यायमूर्ति ध्यानी ने कहा कि जांच कार्य पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित होगा। उन्होंने बताया कि आयोग विभिन्न जनपदों का भ्रमण कर जनता की समस्याओं और सुझावों को सुन रहा है ताकि अंतिम रिपोर्ट निष्पक्ष एवं संतुलित रूप से तैयार की जा सके। जनसुनवाई के दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं की



तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं, विभिन्न नागरिकों, परीक्षा से जुड़े केंद्र व्यवस्थापकों एवं केंद्र प्रभारियों ने आयोग के समक्ष अपने विचार तथा सुझाव रखे। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मांग की कि परीक्षाओं की जांच पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जाए तथा इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई हो। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भविष्य में होने वाली परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निष्पक्ष माहौल व पारदर्शिता से कराई जाये। आयोग के सचिव विक्रम सिंह राणा ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों और सुझावों का संज्ञान लेकर विस्तृत रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि गत 21 सितंबर को आयोजित परीक्षा के लिए जनपद में तीन क्षेत्रों में परीक्षा केंद्र बनाये गए थे, जिनके अंतर्गत कुल 57 परीक्षा केंद्र थे। इन सभी केंद्रों में आवश्यक सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी आयोग को उपलब्ध कराई गई है। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम राहुल शाह सहित परीक्षा केंद्रों के केंद्र प्रभार, व्यस्थापक, संबंधित अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### ट्रक चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीमार मां की दवा लेकर लौट रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। शांतिनगर, लालकुआं निवासी पूजा सूंठा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 30 सितंबर को उनके पति 39 वर्षीय जगमोहन सूंठा पुत्र देवीदत्त अपनी बीमार मां के दवा लेने के लिए रामपुर रोड सुशीला तिवारी अस्पताल गए हुए थे। दवा लेने के बाद जब वह अपनी बाइक से लौट रहे थे तभी रामपुर रोड महिंद्रा शोरूम के पास पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई, और घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया था। कोतवाल अमरचंद शर्मा ने बताया कि पीड़ित मृतक की पत्नी के तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# काठगोदाम में रावण का अंत

## 50 फीट रावण व 45 फीट मेघनाथ का धू-धू कर जला पुतला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम श्री राम लीला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान बीते गुरूवार की मध्यरात्रि कुम्भकरण वध, मेघनाथ वध, अहिरावण वध के साथ ही श्रीराम द्वारा रावण वध की लीला का मंचन किया गया। जिसके बाद देर रात भगवान श्रीराम द्वारा बुराई रूपी रावण का अंत करते हुए 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले व 45 फीट उंचे मेघनाथ के पुतले को आग के हवाले किया। रावण व मेघनाथ के पुतले के जलते ही काठगोदाम रामल. ीला मैदान में लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जय श्रीराम के उद्घोष के साथ जमकर आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला। इस दौरान शहर विधायक सुमित हृदयेश व समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर मंचन का शुभारंभ किया गया। विधायक सुमित ने दशहरे पर्व की सभी क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए रामलीला कमेटी को विधायक निधि से एक लाख रूपये देने की घोषणा की है। मंचन में सबसे पहले कुंभकर्ण को नींद से जगाने, लक्ष्मण मेघनाथ यद्ध, मेघनाथ की पत्नी सुलोचना के सती होने, अहिरावण व, राम-रावण युद्ध, रावण का वध न होने पर विभीषण का राम को बताना कि रावण की नाभि में अमृत है, रावण के लक्ष्मण को दीक्षा देने सहित अन्य लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। नगर निगम इंटर कालेज मैदान में खड़े रावण के 50 फीट ऊंचे व मेघनाथ के 45 फीट ऊंचे पुतले का दहन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। राम ने जैसे ही रावण के पुतले का दहन किया, मौजूद लोगों ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। जिसके बाद भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक होता है। वहीं रात्रि लीला के दौरान राज. तिलक रासलीला एवं मयूर नृत्य कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुती दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष संदीप राणा, संतोष राणा, हिमांशु साही, रोहित



मालीवाल, कुंदन बिष्ट, भुवन तिवारी, मोहन बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, शेखर कपिल, मनोज दुबे, संजय बिष्ट, जगत सिंह जग्गू, मनीष गौनी, नीरज बिष्ट, राजू रावत, हिमांशु नैनवाल, ऋषि कपूर, मो. कतिल अख्तर, संतोष कोहली, प्रतीक बिष्ट, गिरीश चन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रामलीला के अंतिम दिन भरत मिलाप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामलीला मैदान में चल रही रामलीला मंचन के अंतिम दिन शुक्रवार को भरत मिलाप की लीला का मंचन होली ग्राउंड में किया गया। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री कहते हैं भगवान श्रीराम लंका पर विजय प्राप्त करके माता सीता और लक्ष्मण, हनुमान आदि के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे तो खबर पा कर



अयोध्या वासियों में खुशी की लहर दौड़ जाती है, पूरी नगरी को फूलों से दीपों से सजाया जाता है। अयोध्या के बाहर ही 14 वर्षों से कुटिया में वनवासी की तरह जीवन व्यतीत कर रहे भरत जी तीनों माताएं शत्रुघ्न एवं गुरु वशिष्ठ श्रीराम सीता का स्वागत करते हैं। वशिष्ठ जी के निर्देशन में भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक होता है। वहीं रात्रि लीला के दौरान राजतिलक रासल. ीला एवं मयूर नृत्य कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में रामलीला संचालन समिति के सदस्य सभी सदस्यों ने भाग लिया जिसमे मुख्य रूप से कमेटी की रिसीवर एवं सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, विवेक कश्यप, विनित अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज, राजेंद्र मुन्ना, अतुल अग्रवाल, मनोज गुप्ता, वैभव गुप्ताा, तनुज, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन समिति के सदस्यों ने बताया गया कि रविवार पांच अक्टूबर को राम दरबार की भव्य शोभायात्रा रामलीला मैदान से शहर के विभिन्न मार्गों से नगर में निकाली जाएगी। जिसमे सुंदर झाकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। जबकि 6 अक्टूबर को श्रीराम भवन में यज्ञ के साथ रामलीला का परायण होगा।

### पंखुड़ियाँ के ऑडिशन कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पंखुड़ियाँ सांस्कृतिक, पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण समिति द्वारा क्षेत्र के उदयीमान कलाकारों के प्रोत्साहन के लिए आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पंखुड़ियाँ-2025 (सीजन-15) का ऑडिशन सिंथिया सीनियर सेकेंड्री स्कूल जजफार्म, मुखानी, हल्द्वानी में 5 अक्टूबर रविवार को प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक होंगे। उक्त जानकारी संस्थाध्यक्ष रिम्पी बिष्ट ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में मिस्टर, मिस एन्ड मिसेज उत्तराखंड, इंडियाज बिगेस्ट डांसर, उत्तराखंड बेस्ट डांसर, लिटिल चैम्प, वॉइस ऑफ उत्तराखंड, वॉइस ऑफ कुमाऊँ, सुपर मॉम, उत्तराखंड सुपर मॉडल (किड्स फैशन शो) के ऑडिशन होंगे।

# अचल प्रतिष्ठा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री चक्रेश्वरी ललितांबा त्रिपुर सुन्दरी मां राजराजेश्वरी अचल प्रतिष्ठा महोत्सव के द्वितीय दिवस पर सुबह कालीन बेला से लेकर सायंकालीन सत्र तक वैदिक परंपरा और तांत्रिक विधियों के साथ भव्य अनुष्ठान संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत देवता प्रबोधन से हुई, जिसमें मण्डपस्थ आवाहित एवं स्थाप्यमान देवताओं का सांगोपांग पूजन किया गया। इसके उपरांत अष्टोत्तर शत औषधीय कलशों के माध्यम से महास्नपन व सहस्त्रधारा द्वारा देवताओं का अभिषेक किया गया। इस दिव्य अवसर पर तत्व होम, शांति एवं पौष्टिक होम, मूर्ति-मूर्त्यधिपति, लोकपाल एवं स्थाप्यमान देवता होम, व्याहृति होम, शय्याधिवास अनुष्ठान,



विशेष श्री यंत्र पूजन एवं दश महाविद्याओं के तत्व न्यास एवं सायं महानीराजन महाआरती एवं मंत्र आशीर्वाद विधि संपन्न हुए। इन सभी अनुष्ठानों का संपादन पूज्य आचार्य वेदमूर्ति शांतिलाल (मुंबई निवासी) के निर्देशन में हुआ। उन्हें सहयोग प्रदान किया हरिद्वार से पधारे शिष्य वेदपाठी भुवन चंद्र पनेरू, काशी से दत्रात्रेय नारायण रटाटे, वेदपाठी भवदीप दवे, और मैसूर से वेदपाठी रमेश गौर सहित विभिन्न प्रदेशों से आए वेदपाठी ब्राह्मणों ने समस्त अनुष्ठान मंदिर व्यवस्थापक महंत पूज्य पूरन चंद्र पाठक के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुए। श्री बालाजी मंदिर के व्यवस्थापक महंत पूरन चंद्र पाठक ने बताया कि कल यानि आज शनिवार को महोत्सव का मुख्य दिन होगा, जिसमें शुभ मुहूर्त में दश महाविद्याओं की अचल प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न की जाएगी। साथ ही दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य जजमान के तौर पर पूरनचंद पाठक एवं हेमा पाठक के अलावा संजय अग्रवाल, मुकेश बोरा, गौरव मेहरा, दीपचंद किरोला, राजेंद्र नेगी, सुभाष चंद्र कांडपाल, बाबू यादव, वरांश शर्मा, अतुल कुमार गुप्ता, दीपचंद तिवारी, खिमानंद बृजवासी, रक्षित संवर, शिवांश सती, रोहित साहू, हरेंद्र त्रिपाठी, मनीष जोशी, हेमचंद कोठारी, अमन पांडे, मन्नत कौर, देवयानी शर्मा, प्रियांशी भट्ट पाठक आदि शामिल रहे।

# स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी व भीमताल पुलिस की संयुक्त टीम ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 31.78 ग्राम स्मैक बरामद की है। जानकारी के अनुसार भीमताल थानाध्यक्ष संजीत राठौड़ मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी



उनको मखबिर की सूचना मिली की एक युवक स्मैक लेकर आ रहा है। मुखबिर की सटीक सूचना पर थानाध्यक्ष संजीत राठौड़ ने एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ अमृतपुर गेट के पास चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। तभी संदिग्ध अवस्था में आ रहे एक युवक को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 31.78 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए स्मैक तस्कर ने अपना नाम नीरज महरा पुत्र मोहन सिंह मेहरा निवासी वैलजाली लॉज हल्द्वानी बताया। उसने बताया कि वह यह स्मैक बहेड़ी, जिला बरेली निवासी सुरेश नामक व्यक्ति से खरीदकर लाया था, जो वर्तमान में वैलजली लॉज हल्द्वानी में रह रहा है। तस्कर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# युवक के बैंक खाते से 2.30 लाख उड़ाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा इलाके में साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है। यहां एक युवक के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर 2.30 लाख रुपये निकाल लिए। जब पीड़ित बैंक में पैसे जमा कराने पहुंचा तो उसे इस ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली, जिससे उसके होश उड़ गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छोटी रोड इंद्रानगर बनभूलपुरा निवासी मोहम्मद करीम ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनका एक बचत खाता रेलवे बाजार स्थित एक निजी बैंक शाखा में है। 13 अगस्त को वह खाते में पैसे जमा कराने पहुंचे थे, जहां बैंक कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि अलग-अलग तारीखों में उनके खाते से करीब 2.30 लाख रुपये दूसरे बैंक के एक खाते में ट्रांसफर किए जा चुके हैं। करीम ने कहा उन्हें इन लेन-देन की कोई जानकारी नहीं थी। न ही उनके मोबाइल पर कोई मैसेज आया और न ही बैंक की ओर से कोई सूचना दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खाते से बिना अनुमति के छेड़छाड़ कर यह धनराशि निकाली गई है। पीड़ित ने साइबर ठगी की आशंका जताते हुए बैंक की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए करीम ने तुरंत साइबर सेल में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि बैंक कर्मियों से पूछताछ की जा रही है और ट्रांजेक्शन की पूरी डिटेल खंगाली जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### निर्माण स्थल से पोकलैंड मशीनों के पार्ट्स चोरी, ठेकेदार ने पुलिस को सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में गौला नदी पर चल रहे सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य के दौरान चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। रेलवे बाजार निवासी ठेकेदार की निर्माण स्थल पर तैनात दो पोकलैंड मशीनों से लाखों रुपये के उपकरण चोरी हो गए। पीड़ित ठेकेदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी। जानकारी के अनुसार रेलवे बाजार निवासी मोहम्मद बिलाल वारिस ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 2 अक्टूबर की रात काम खत्म होने के बाद दोनों मशीनों को मौके पर ही खड़ा किया गया था। लेकिन 3 अक्टूबर की सुबह जब वह पहुंचे तो देखा कि दोनों मशीनों से टूल किट, ग्रीस की बाल्टियां, एक मशीन का ईसीएम (इलेक्ट्रौनिक कंट्रोल मॉड्यूल) और यूज बॉक्स चोरी हो चुका था। पीड़ित ठेकेदार ने कहा कि इससे पहले भी बीते 28 सितंबर को भी अज्ञात चोर मशीनों की चार बैटरियां और पूरी वायरिंग काटकर ले गए थे। लगातार हो रही इन चोरी की घटनाओं से निर्माण कार्य बाधित हो रहा है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। बनभूलपुरा थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि पीड़ित ठेकेदार की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संघ की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शाखा बिष्ट धड़ा बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पथ संचलन हुआ, जिसमें 68 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में प्रतिभाग किया। मुख्य वक्ता प्रांतीय अध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम सुरेश पांडे ने 100 वर्षों में पूर्ण होने पर संघ की आवश्यकता क्यों पड़ी तथा पंच परिवर्तन सहित अनेकों उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएस भोज ने की। इधर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हल्द्वानी नगर की शाखा वीर हकीकत राय की ओर से दमुवाढूंगा स्थित जेडीएम स्कूल में शस्त्र पूजन कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता सह विभाग प्रचारक डा. नरेंद्र ने संघ के इतिहास और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान जिला संघ चालक डा. नीलांबर भट्ट, सूरज, गिरीश, नितिन, जगदीश, नरेश सहित स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# महिलाओं के रोज़गार के पर फोकस किया जाए: रेनु अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को जिला उद्योग केन्द्र हल्द्वानी में अध्यक्ष महिला उद्यमिता विकास परिषद उत्तराखंड रेनू अधिकारी द्वारा उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई, जिसमें जनपद की महिलाओं के स्वरोजगार एवं ऑनलाइन मार्केटिंग, बाजार की उपलब्धता आदि के विषय में चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से महिलाओं को स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों पर चर्चा की गई। साथ ही यह भी विचार किया गया कि किस प्रकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। बैठक में




महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने तथा वित्तीय सहायता की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ अधिकाधिक लोगों तक पहुँचाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में संयुक्त निद. शक उद्योग, दीपक मुरारी, उद्योग निदेशालय, पल्लवी गुप्ता, महाप्रबंधक उद्योग केन्द्र सहित अन्य अधिक. ारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर ठोस रणनीति बनाने की दिशा में अपने विचार रखे और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए।

# मिलन महोत्सव कल, स्वामी प्रेम सुगंध के स्वागत की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रख्यात साधक स्वामी प्रेम सुगंध महाराज के आगमन को लेकर 5 अक्टूबर को आयोजित होने वाले मिलन महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। खटीमा, टनकपुर, चंपावत, लोहाघाट सहित कई क्षेत्रों में उनके स्वागत के लिए भव्य आयोजन प्रस्तावित हैं। स्वामी प्रेम सुगंध महाराज जो कि चम्पावत जनपद के भिंगराड़ा स्थित नाखूड़ा आश्रम में मौन साधना के लिए विख्यात हैं,



उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह का माहौल है। विभिन्न स्थानों पर आयोजित स्वागत कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, श्रद्धालु और संत समाज बड़ी संख्या में भाग लेंगे। स्वागत कार्यक्रम कल सुबह 9 बजे अमाऊं में पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी, किशन सिंह किन्ना, भुवन भट्ट साढ़े नौ बजे चकरपुर वनखडी, टनकपुर साढ़े दस बजे से पौने 11 टनकपुर दो स्थानों में स्थानीय प्रतिनिधि, चम्पावत में पौने दो बजे जिला पंचायत अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष, स्थानीय दोपहर 3 बजे लोहाघाट के नगरपालिका अध्यक्ष और सतीश पाण्डे खेतीखान 4 बजे, भिंगराड़ा 6 बजे के बाद आख़री में शाम पौने सात बजे आश्रम नाखूड़ा में मिलन महोत्सव कार्यक्रम में स्वामी प्रेम सुगंध का स्वागत सत्कार करेंगे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आज से कुमाऊं दौरे पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ आज चार अक्टूबर से कुमाऊं के दौरे पर हैं। अनीस गौड़ के स्वागत के लिए मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कमर कसी है। संगठन की मज़बूती के लिए दौरे पर आ रहे अनीस गौड़ कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करेंगे। यहां बनभूलपुरा में मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक में अनीस गौड़ के स्वागत के लिए मंथन किया गया। अनीस गौड़ के साथ मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतज़ार हुसैन भी आ रहे हैं। यहां हुई बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष इसरार हुसैन ने बताया कि



मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ आज चार अक्टूबर से कुमाऊं के दौरे पर हैं। इस दौरान वे कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा संगठन तथा मोर्चा की मज़बूती के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर ज़ोर देंगे। बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का कुमाऊं दौरे पर ज़ोरदार खैरमकदम किया जाएगा। बैठक में स्वागत कार्यक्रम के संयोजक इसरार हुसैन, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी, पूर्व जिला अध्यक्ष महबूब अली, नाजिम, शानू शामिल थे।

# 9 नवंबर को अनशन करेगा मंच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच ने रामपुर तिराहा स्थित शहीद स्थल में बैठक कर राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि यदि सात साल पूर्व पारित उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रत्येक विभागों में शिकायत निवारण समिति का गठन सुनिश्चित नहीं किया गया तो आगामी 9 नवम्बर से देहरादून स्थित शहीद स्थल में अनशन/धरना-प्रदर्शन शुरु किया जाएगा। मंच की ओर से रामपुर तिराहा स्थित शहीद स्थल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कार्मिक संगठनो के कार्यबहिष्कार व हड़ताल को लेकर उच्च न्यायालय द्वारा 29 अगस्त 2018 को एक महत्त्वपूर्ण आदेश पारित किया गया था। आदेश में हर विभाग में शिकायत निवारण समिति का गठन करते हुए समिति की



त्रैमासिक बैठक करने को कहा गया था। कार्मिक एंव सतर्कता विभाग के स्तर से आदेश जारी कर सभी विभागों से इसका पालन करने को कहा गया और कई अनुस्मारक भी दिये लेकिन आज तक किसी भी विभाग में समिति गठित नहीं हुई। एकता मंच की 30 अगस्त को देहरादून स्थित शहीद स्थल में हुई बैठक में तय हुआ था कि एक माह के भीतर हर विभाग में समिति गठित नहीं हुई तो अल्पकालिक सूचना पर आन्दोलन किया जायेगा। मंच द्वारा मुख्य सचिव को पत्र भेजकर बैठक में लिए गए निर्णय से अवगत भी कराया गया था। कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे और महासचिव दिगम्बर फुलोरिया ने सात साल से कोर्ट के आदेश का धरातलीय पालन नहीं होने की स्थिति को अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण बताया। शहीद स्थल में हुई बैठक में सभी वक्ताओं ने विकास में बाधक कार्यबहिष्कार व हड़ताल जैसे अप्रिय आन्दोलनो के प्रति जवाबदेही तय किये जाने की जरूरत पर बल दिया। मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा कि सरकार अगर उत्तराखण्ड को हड़ताली प्रदेश के तमगे से निजात दिलाने के लिए जरा भी गम्भीर है तो न्यायालय द्वारा 29 अगस्त 2018 को पारित आदेश के परिपालन में हीला. हवाली के लिए जवाबदेही तय करते हुए हर विभाग में शिकायत निवारण समिति का गठन कराना सुनिश्चित करें। मंच के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे की अध्यक्षता तथा महासचिव दिगम्बर फुलोरिया के संचालन में हुई बैठक को गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन के प्रान्तीय प्रवक्ता एसके नैयर, वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के संयुक्त सचिव डीके पन्त, सेवानिवृत्त पेयजल निगम अधिकारी कर्मचारी वैलफेयर एसोसिएशन के महासचिव दिनेश भण्डारी, शिक्षक नेता हरीश चन्द्र गैरोला, देवेश्वरी गौढ, वीके चन्द्रा, दिनेश शर्मा आदि थे।

# आयुक्त कार्यालय का घेराव आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला वासियों को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, विकास कार्य शुरू करने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने, पेयजल योजना चालू करो समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना बागजाला गांव के धरना स्थल पर 47वें दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर प्रदर्शनकारियों ने निर्णय लिया कि लगातार आंदोलन के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा बागजाला वासियों की उपेक्षा की जा रही है। इसलिए कल यानि आज शनिवार को कुमाऊं कमिश्नर कैंप कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जायेगा। इसके लिए बड़ी संख्या में बागजाला के लोग कैंप कार्यालय कूच करेंगे। धरने में उमेश भट्ट, बसंत पांडे, बलवंत सम्मल, डा. कैलाश पांडेय, डा. उर्मिला रैस्वाल,



वेद प्रकाश, पंकज चौहान, विमला देवी, चन्दन सिंह मटियाली, दीवान सिंह बर्गली, मीना भट्ट, हेमा आर्य, हरक सिंह बिष्ट, विमला पाण्डे, मोहन लाल, दुर्गा देवी, पारवती, भोला सिंह, दीपा, हीरा देवी, हेमा आर्य, दौलत सिंह कुंजवाल, गोपाल सिंह बिष्ट, सतीश, पूजा, मंजू सिंह, ललिता देवी, गीता देवी, राधिका, सुनीता, सरोज, पुष्पा, रेखा रानी, दीपा देवी, महेश राम, जेबुनिशा, कृष्ण कुमार, सलमा, मनीराम, ललित प्रसाद, मुन्नी देवी, दिनेश चन्द्र, रेखा देवी, कमला देवी, दीपा जोशी, दीपिका, मंजू, शांति देवी, भगवती देवी, बसंती देवी, रूपा, कौशल्या, रेवाधर, मनी राम, लक्ष्मी, महेन्द्र आर्य, मोहन लाल, राकेश, ईशा, सरस्वती, जीवन राम, मंजू टम्टा, क्षेत्रपाल मौर्य, नीलम आर्य, तुलसी देवी, भुवन, कौशल्या, गीता देवी, लक्ष्मी, सुनीता आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## वृद्ध ने खाया जहर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कैंप क्षेत्र में एक वृद्ध ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिवार के लोग वृद्ध को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप क्षेत्र फुलसुंगा की चंद्रवती इंक्लेव निवासी 60 वर्षीय मूलचंद पुत्र हीरा लाल ने गुरुवार देर शाम को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बताया जा रहा है कि परिजनों को जानकारी होने पर उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली। बाद में शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा गया।

# गोलीकांड का एक और आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रुद्रपुर। छात्र संघ चुनाव के नामांकन के दौरान हुए गोलीकांड का एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा भी बरामद किया है।

बता दें कि 24 सितंबर को छात्र संघ चुनाव के नामांकन के दौरान दो प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच विवाद हो गया था। मारपीट के बाद फायरिंग भी की गई थी। इस मामले में एसएसआई नवीन बुधानी की ओर से 15 नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विवेचना चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह कर रहे है।

पुलिस गोलीकांड में छह आरोपियों को जेल भेज चुकी है और अन्य की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस सूत्रें के मुताबिक पुलिस ने नामजद आरोपियों में एक और आरोपी सतपाल लाहौरिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके



पास से तमंचा भी बरामद किया है।

एसएसआई नवीन बुधानी ने सतपाल लाहौरिया की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि उससे पूछताछ कर रही है। तमंचा भी बरामद किया। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। कई आरोपी भूमिगत हो गए हैं। पुलिस से एक भी आरोपी बच नहीं पाएगा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** तेज गति से आ रही कार ने एक बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक में सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।



घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके और पहुंची और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम बरी थाना पुल भट्टा किच्छा निवासी 40 वर्षीय सतविंदर सिंह पुत्र मनजीत सिंह अपने साथी गुड़िया निवासी 38 वर्षीय हरपाल सिंह पुत्र विक्रम सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर बीती शाम बरा में दशहरा मेला देखने गया हुआ था। मेला देखने के बाद दोनों घर की ओर वापस जा रहे थे कि तभी रास्ते में तेज गति से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए पहले सितारगंज फिर रुद्रपुर के मेडिसिटी और उसके बाद जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान सतविंदर सिंह की मौत हो गई, जबकि हरपाल सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि मृतक मजदूरी का काम करता था और उसकी एक बेटी और दो बेटे हैं। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**एक नजर**

## संदिग्ध हालातों में श्रमिक ने फांसी लगाकर दी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम छोई क्षेत्र से गुरुवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक की पहचान किशन (30 वर्ष) पुत्र रूपराम, निवासी बदायूं (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। किशन पिछले कई वर्षों से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रामनगर के ग्राम छोई इलाके में रहकर मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार, गुरुवार शाम को रूपराम की बेटे से फोन पर बात. चीत भी हुई थी। सब कुछ सामान्य लग रहा था। लेकिन देर रात अचानक किशन की पत्नी ने मायके वालों को सूचना दी कि उसके पति ने फांसी लगाकर जान दे दी है। घटना की खबर सुनते ही शुक्रवार सुबह मृतक के परिजन बदायूं से रामनगर पहुंच गए। परिजनों के अनुसार, किशन ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका अंदेशा किसी को नहीं है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# पुतलों के दहन से सम्पन्न हुआ विजय दशमी उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामल. ीला मंचन के अंतिम दिन बुराई पर अच्छाई की एवं अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश देती विजय दशमी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम के साथ इंद्रा कॉलोनी में मनाया गया, जिसमे मुख्य अतिथि श्री शिव नाटक क्लब के संरक्षक पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विशिष्ट अतिथि सिडकुल ड्रग एसोशिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र तुलस्यान, समाजसेवी संजय ठुकराल द्वारा दीप प्रज्वल्लित कर विधिवत शुभारंभ किया गया

श्री रामलीला मंचन में श्री राम एवं रावण का युद्ध हुआ,विभीषण द्वारा रावण की मृत्यु का राज बताने के उपरांत प्रभु श्री राम जी द्वारा रावण की नाभी में बाण मारकर उसका वध किया गया,अपने अंतिम समय में रावण द्वारा लक्ष्मण को शिक्षा दी गई उपरांत सभी मुख्य अतिथियों की उपस्थिती में विभीषण द्वारा रावण, मेघनाद एवं कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया, जिसमें राम की भूमिका गौरव भुसरी,लक्ष्मण रवि कक्कड़,रावण अतुल बांगा, विभीषण विशाल गुंबर, हनुमान सन्नी कक्कड़,सुग्रीव अभिनव अनेजा,अंगद आदित्य कुमार, सीता की भूमिका नैतिक तनेजा ने निभाई। अयोध्या पहुंचने पर गुरु वशिष्ठ द्वारा प्रभु श्री राम का राजतिलक किया गया, उनको अयोध्या के तख्त सिंहासन पर बिठाया गया एवं सूर्यवंशी मुकुट उनको



पहनाया गया।

यहां श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, सरपरस्त हरबंस लाल ठुकराल, नरेश शर्मा, इंद्रजीत सिंह, राजकुमार परुथी, चिमन लाल ठुकराल, चंद्रपाल कक्कड़, सुरेश राजदेव, भोला सुखीजा, किशन लाल सुखीजा, राजकुमार भुसरी, बबलू घई, नरेश घई,जॉली कक्कड़, जीतू गुलाटी,सन्नी घई, अवतार सिंह खुराना, बिट्टू अरोरा, भारत हुडिया, विजय परुथी, जगमोहन अरोरा, प्रवीण बत्रा, राजीव झाम, राजीव भसीन, पुष्कर नागपाल, नरेश तनेजा, सुमित कुमार, तनिष्क सीकरी, मनन कक्कड़, अनिल अरोरा "टीटू", बंटी मुंजल, राजदीप बठला,विशु मुंजाल, गर्व गुलाटी, सुमित छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

# राम जी के राज्याभिषेक के साथ मुख्य रामलीला संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** मुख्य रामलीला में विगत रात्रि रामजी के आदेश पर लक्ष्मण द्वारा विभीषण को लंका राज्याभिषेक, हनुमान का अयोध्या पहुंचकर भरत को राम जी के आगमन की पूर्व सूचना देना, राम राज्याभिषेक तक की लीला का मंचन कर इस वर्ष की लीला को विराम दिया गया। इसके बाद श्रीराम लीला कमेटी नें रामलीला में सहयोग देने वाले समस्त लोगों को पुरूस्कार वितरित कर आभार जताया। इससे पूर्व आज दीप प्रज्जवलन श्री राम लीला कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाजसेवी पवन अग्रवाल नें किया।

गणेश वंदना, राम वंदना व हनुमान चालीसा के बाद लीला के प्रथम दृश्य में लक्ष्मण द्वारा विभीषण को लंका का राजा नियुक्त किया जाता है। इसके बाद हनुमान भरत को राम आगमन की सूचना देते हैं। भरत दौड़कर राम की आग.



वानी करते है और राम को उनका राजपाट सौंप देते है। प्रभु श्रीरामचन्द्र के राज्याभिषेक के बाद आरती व मिष्ठान वितरण कर इस वर्ष की लीला को विराम दे दिया जाता है।

यहां मनोज अरोरा, गौरव राज बेहड़, गौरव जग्गा, सुशील गाबा, सचिन आनन्द, विशाल अनेजा, पुलकित बांबा, सौरभ राज बेहड़, कनव गंभीर, आयुष्मान सुशील गाबा, मनकरन रंधावा आशीष ग्रा. ेवर आशू, विजय जग्गा, संदीप धीर, पवन अग्रवाल, विजय अरोरा, अमित गंभीर, नरेश शर्मा, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, हरीश अरोरा, अमित चावला आशीष मिड्ढा, मनोज गाबा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी आदि मौजूद थे।

## महाविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में महात्मा गांधी एवं शास्त्री के जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे द्वारा ध्वजारोहण के बाद महात्मा गांधी एवं शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पार्चन किया गया। रघुपति राघव राजा राम व वैष्णव जन तो तेने कहिए संकीर्तन किया गया। प्राचार्य प्रो.पाण्डे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों एवं शिक्षाओं से सीख लेने की बात कही। उन्होंने प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कार्मिकों, एनसीसी,एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स, नमामि गंगे के स्वयं सेवकों एवं विद्यार्थियों को भारत स्वच्छता दिवस पर स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता स्वभाव स्वच्छता विषय पर सम्बोधित किया। 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई के एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) डीएनजोशी ने महात्मा गांधी की शिक्षाओं द्वारा सहिष्णुता, सहभागिता, सेवाभाव,समर्पण, व्यक्तित्व विकास,सामाजिक कार्य, साक्षरता, नशा एवं प्लास्टिक उन्मूलन का संकल्प लेकर स्वच्छता मिशन के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को सफल बनाने की अपील की। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे, प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों, 79 व 24 यूके बटालियन के एनसीसी कैडेट्स,राष्ट्रीय सेवा योजना, नमामि गंगे, रोवर्स एवं रेंजर्स के स्वयंसेवकों और छात्र छात्राओं ने श्रमदान कर साफ सफाई की।इस दौरान प्रो.आर.के.मिश्रा,डॉ.सिराज अहमद, डॉ.योगेश चन्द्रा,डॉ. दीपक खाती,एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डी.एन.जोशी,डॉ.मनोज कुमार नैलवाल, डॉ.प्रमोद पाण्डे,नन्दन सिंह रौतेला, आनन्द बल्लभ रिखाड़ी, सीनियर अन्डर ऑफिसर विक्रम जलाल सहित एनसीसी कैडेट्स व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## बृजेश वर्मा ने छठवीं राष्ट्रीय जूनियर योगासन प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण एवं रजत पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र बृजेश वर्मा ने छठवीं राष्ट्रीय जूनियर योगासन प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं रजत पदक जीतकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

बता दें कि आंध्र प्रदेश राज्य के विजयवाड़ा में 28 सितंबर से दो अक्टूबर तक छठवीं राष्ट्रीय जूनियर योगासन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें बृजेश ने स्वर्ण और रजत पदक जीतकर रामनगर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। पदक विजेता बृजेश वर्मा ने इसका श्रेय अपने कोच राहुल भंडारी एवं महाविद्यालय योग प्रशिक्षक डॉ.मुरलीधर कापड़ी को दिया है। योग प्रशिक्षक डॉ.मुरलीधर कापड़ी ने बधाई देते हुए बताया कि विगत कुछ वर्षो से रामनगर महाविद्यालय योग विभाग ने योग शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए कई अभियान चलाएं एवं वर्तमान समय में भी अभियान निरंतर चलायमान है। छात्र बृजेश वर्मा की इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मेले और पर्व संस्कृति के संवाहक: विकास शर्मा

**महापौर ने मेट्रोपोलिस में किया दशहरा मेले का शुभारम्भ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विजयादशमी के पावन पर्व पर मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी द्वारा मेट्रोपोलिस सिटी में भव्य दशहरा मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ नगर निगम महापौर विकास शर्मा ने फीता काटकर किया। इसके साथ ही महापौर ने शहर के गांधी पार्क, भूत बंगला सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित दशहरा एवं दुर्गा पूजा कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग किया और उपस्थित जनसमूह को असत्य पर सत्य की विजय के इस पर्व की शुभकामनाएं दीं। आयोजकों ने महापौर को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया।

मेट्रोपोलिस सिटी में आयोजित



समारोह को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि चाहे असत्य कितना भी बलवान क्यों न लगे, अंततः सत्य और सद्गुण ही विजय प्राप्त करते हैं। महापौर ने कहा हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। श्रीराम ने हमें सिखाया कि धर्म, कर्तव्य और सत्य के मार्ग पर चलने से कोई शक्ति हमें विचलित नहीं कर सकती। समाज तभी मजबूत होगा जब हम अपने जीवन में इन मूल्यों को अपनाएँगे।

श्री शर्मा ने कहा कि आज जब आधुनिक जीवनशैली और भागदौड़ के बीच लोग पारिवारिक व सांस्कृतिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं, तब इस प्रकार के सामूहिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। महापौर ने कहा कि जिस उत्साह और सहभागिता के साथ बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने मेले में भागीदारी की है, वह हमारी सांस्कृतिक एकता और सामा. जिक सौहार्द्र का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल, सोसायटी के अध्यक्ष देवेन्द्र शाही, सचिव सुनील शुक्ला, उपाध्यक्ष विक्रांत फुटेला, कार्यक्रम संयोजक बी.एल. चोमवाल, डॉ. वीरपाल सिंह, विनय दुबे, मोहन तिवारी, हितेश लालवानी, निशांत शाही, बृजेश तिवारी, हरेन्द्र राय, पुष्पेन्द्र राय, हिमांशु मिड्ढा, विकास चन्द्र, दिलीप सिंह, डॉ. कृष्ण गुप्ता, मलखान सिंह, डा. अभिषेक गुप्ता, अक्षय बिष्ट सहित अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

## उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड ने जारी किया परीक्षाफल सुधार परीक्षा का रिजल्ट




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने परीक्षाफल सुधार परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। शुक्रवार को बोर्ड के सभापति डॉ मुकुल कुमार सती ने बोर्ड सभागार से इसकी घोषणा की।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 की प्रथम व वर्ष 2024 की तृतीय परीक्षा में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 16009 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इसमें 14884 ने परीक्षा में भाग लिया था। बताया कि परीक्षा में 11557 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में पास हुए।इस दौरान उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड सचिव विनोद प्रसाद,अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत,उप सचिव सुषमा,जीवन सिंह,मनोज कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## वन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ धरने पर बैठा परिवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के मोहल्ला पंपापुरी का एक परिवार वन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ धरने पर बैठ गया। आरोप लगाया कि सभासद और वन विभाग की मिलीभगत से वन विभाग ने उनके प्लॉट पर लगे तार बाढ़ को ध्वस्त कर भूमि को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने बिना सर्वे रिपोर्ट के कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। मामले में उन्होंने शासन प्रशासन से न्याय की मांग की है।

मोहल्ला पंपापुरी निवासी संजय शर्मा अपने बच्चों, बुजुर्गों समेत परिवार के सदस्यों के साथ लखनपुर स्थित शहीद पार्क में धरने पर बैठ गए। धरने के दौरान उन्होंने बताया कि घर के पास उनका एक प्लॉट है। बताया कि प्लॉट का उनके पास स्टांप मौजूद है। जिसके पास में ही पार्क का निर्माण भी किया जा रहा है। आरोप लगाया कि मोहल्ले के सभासद ने कुछ लोगों के कहने पर वन विभाग की मिलीभगत से प्लॉट में किए कब्जे को हटा दिया।

आरोप लगाया कि मामले को लेकर उन्होंने डीएम से शिकायत की थी। इस पर विभन्नि विभागों की ओर से सर्वे किया गया। बावजूद इसके बिना सर्वे रिपोर्ट आए वन विभाग ने उनके प्लॉट से कब्जे को हटा दिया।

उन्होंने मामले शासन प्रशासन से न्याय दिलाने की मांग की है। इस दौरान धरने पर संजय शर्मा, विमला शर्मा, सुदामा लाल, मीनाक्षी, मदन आदि मौजूद रहे।

## वन्यजीव सप्ताह को लेकर हुए कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा वन्यजीव सप्ताह कार्यक्रम को लेकर तीसरे दिन अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम के रूप में वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट और चैलेंज इन कॉर्बेट टाइगर रिजर्व विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन हुआ। इस पैनल डिस्कशन में पैनलिस्ट के रूप में प्रसिद्ध नेचुरलिस्ट इमरान खान, एजी अंसारी और संजय छिमवाल ने भागेदारी की।

कार्यक्रम का संचालन कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटी द्वारा किया गया। विशेषज्ञों ने यह साझा किया कि इको-सेंसिटिव जोनों में मिनिमलिस्टिक एप्रोच अपनाना अनिवार्य है।

साथ ही बेक टू दा बेसिक्स की अवधारणा को समझने की आवश्यकता पर बल दिया गया।कहा कि वन्यजीव संरक्षण तभी संभव है जब इसमें स्थानीय समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।वहीं विकासखंड रामनगर में बाघ रक्षक आउटरीच कार्यक्रम" के अंतर्गत भी विभिन्न गतिविधियां हुईं। वाइल्डलाइफ आधारित मूवी शो का आयोजन किया गया। इसके उपरांत स्थानीय जनप्रतिनिधि वन्यजीव संरक्षण से जुड़कर संरक्षण को नई दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रामनगर मंजू नेगी द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ज्येष्ठ उप संजय नेगी,नेचर गाइड राजेश भट्ट,एसडीओ किरण शाह, एसडीओ बिंदरपाल आदि मौजूद रहें।

इसके अलावा वेस्ट वारियर संस्था के सहयोग से राजकीय इंटर कॉलेज ढिकुली एवं जीआईसी ढेला स्थित बाघर क्षक विद्यालयों में पर्यावरण प्रबंधन एवं कचरा निस्तारण पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।कॉर्बेट वाइल्डलाइफ ट्रेनिंग सेंटर में विद्यालयी और राजकीय इंटर कॉलेज में भी विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## शहीद देव बहादुर थापा के नाम पर रखा गया कनकपुर राजकीय इंटर कॉलेज का नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई महत्वपूर्ण घोषणा को आज मूर्त रूप मिला। कनकपुर राजकीय इंटर कॉलेज का नाम अब शहीद देव बहादुर थापा राजकीय इंटर कॉलेज हो गया है।



पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने इस घोषणा को पूर्ण कराने में सक्रिय भूमिका निभाते हुए शिक्षा विभाग से वार्ता कर शासनादेश जारी कराया और आज स्वयं विद्यालय पहुंचकर इस ऐतिहासिक क्षण की जानकारी प्रधानाचार्य अवधेश कुमार गिरी व विद्यालय परिवार को दी। विद्यालय परिसर में तत्काल पेंटर बुलाकर मुख्य भवन पर नया नाम शहीद देव बहादुर थापा राजकीय इंटर कॉलेज अंकित कराया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि शहीद देव बहादुर थापा ने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। प्रदेश की धामी सरकार ने उनकी शहादत को सम्मान देते हुए तीन बड़ी घोषणाएं की थींख्परिवार को आर्थिक सहयोग, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और कनकपुर इंटर कॉलेज का नामकरण। इनमें से दो घोषणाएँ पूर्व में पूर्ण हो चुकी थीं और आज तीसरी घोषणा भी पूरी हो गई। यह हम सबके लिए गर्व और सम्मान का विषय है। श्री शुक्ला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने शहीद परिवार के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि शहीदों के योगदान और बलिदान को समाज और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है।

# अटल निर्मल नगर पुरस्कार मिलने पर महापौर और एमएनए का जोरदार अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर निगम रुद्रपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार' प्राप्त होने पर शुक्रवार को नगर निगम में नगर निगम कर्मचारियों, पर्यावरण मित्रों, पार्षदों और नगर निगम से जुड़े ठेकेदारों ने खुशियां मनाते हुए इस बड़ी उपलब्धि के लिए महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल का जोरदार अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। महापौर ने इस उपलब्धि का श्रेय



नगर निगम से जुड़े सभी कर्मचारियों और पार्षदों को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम रुद्रपुर को बीते एक अक्टूबर को देहरादून में मुख्य सेवक सदन में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अटल निर्मल नगर पुरस्कार के रूप में 35 लाख की धनराशि का चेक देकर सम्मानित किया था। यह पुरस्कार मुख्यमंत्री से महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने प्राप्त किया। नगर निगम रुद्रपुर को यह पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में निर्धारित मानकों के आधार पर नगर निगम रुद्रपुर को नगर निगम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर प्रदान किया गया।

महापौर विकास शर्मा के कार्यभार संभालने के बाद नगर निगम को यह तीसरा बड़ा पुरस्कार मिला है। जिसकी खुशी में शुक्रवार को नगर निगम के पार्षद, कर्मचारी सफाई कर्मचारी और नगर निगम से जुड़े ठेकेदारों ने नगर निगम के सभागार में एकत्र होकर खुशी मनाई और एक दूसरे को बधाई दी। इस उपलब्धि के लिए सभी ने महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सुनील ठुकराल, राजेश जग्गा, रणदीप, राधेश शर्मा, पवन राणा,चिराग कालड़ा, कैलाश राठौर, महेन्द्री शर्मा,एमपी मौर्या, मुकेश रस्तौगी सचिन गुम्बर, सोनू मुल्मानी, अंकित आदिवासी, सुनील, मुकेश चौधरी, अनिल तने, संदीप आजाद, सूरज आजाद, सुरेन्द्र, रितिक, मुकेश चौहान, जिया लाल, सुनील रोहतगी, ठेकेदार अंकुश उपाध्याय, शेखर जुयाल, गौरव जुयाल, भोला सुखीजा, अरशद खान आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

एक नजर

## दिनेश गुरु रानी बने राज्य निर्माण सेनानी संगठन कुमाऊं मंडल के अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों का एकमात्र पंजीकृत संगठन चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति अब राज्य निर्माण सेनानी संगठन उत्तराखंड जिसकी उत्तराखंड की सभी जनपदों में कार्यकारिणी के साथ दिल्ली व अन्य महानगरों में भी कार्यकारिणी है के केंद्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत व केंद्रीय कमेटी के द्वारा राज्य आंदोलनक. ारी दिनेश गुरु रानी को राज्य निर्माण सेनानी संगठन कुमाऊं मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है।

दिनेश गुरु रानी कुमाऊं व गढ़वाल मंडल विकास निगम कर्मचारी महासंघ के रिकॉर्ड 30 वर्षों से अध्यक्ष रहे हैं। साथ ही जिला ट्रेड यूनियन सहित अन्य कर्मचारियों के बड़े संगठनों में अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व किया है। दिनेश गुरुरानी ने पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। उन्हें चार बार मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। गुरु रानी का नाम सबसे लंबी अवधि तक पौधा लगाने हेतु इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ है। इनको कई सामाजिक संगठनों द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में भी इनके द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। दिनेश गुरु रानी को संगठन का कुमाऊं मंडल का अध्यक्ष बनने पर राज्य आंदोलनकारियों ने बधाई देते हुए कहा है अब राज्य आंदोलनकारियों की लंबित मांगों का निस्तारण भी उनके नेतृत्व में किया जाएगा। यहां संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र रावत, सुनील शाह, अर्जुन कन्याल, प्रदीप कन्याल, गोविंद रावत लिट्टे, बीरजग पाल, शेर सिंह शाही, सुभाष जोशी, कृपालु मेहरा, चंचल बोरा, जगत ठकुराठी, जगदीश जोशी, उमा पांडे, तरुण पाल, दान सिंह कन्याल, दीपचंद जोशी, गोविंद लाल शाह सहित कई आंदोलनकारियों नेबधाई दी। इस अवसर पर पौधा रोपण अभियान के 444 वें दिन दिनेश गुरु रानी द्वारा अपने स्वर्गीय पिता तारादत्त गुरु रानी की स्मृति में प्रतिदिन की भांति डीडीहाट में स्मृति पौध लगाया गया।

## किसान नेता नरेंद्र उत्तराखंडी बने 'सबका विकास पार्टी' के राष्ट्रीय अध्यक्ष




**24 सितम्बर को पार्टी का गठन किया गया नवगठित पार्टी का प्रथम किसान सम्मेलन हुआ संपन्न**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पाटी ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र टॉक खंदक में आयोजित किसान सम्मेलन में 'सबका विकास पार्टी' के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उत्तराखंडी को किसानों द्वारा सम्मानित किया गया। किसानों का कहना था कि लगातार 52 दिनों तक किसानों का खून चूस रही एक सहक. ारी समिति द्वारा किसानों के नाम पर 82 लाख रुपया कर्ज दिखाया गया था। जो जांच में गलत पाया गया।

किसानों का कहना था कि यदि श्री उत्तराखंडी किसानों के पक्ष में खड़े होकर आंदोलन नहीं करते तो यहां के किसानों को अपनी जमीन जायजाद बेचने को मजबूर होना पड़ता। सम्मेलन का संचनल करते हुए केशव दत्त भट्ट ने कहा कि आज किसानों को श्री उत्तराखंडी जैसे व्यक्ति के नेतृत्व की आवश्यकता है। केबी सकलानी, बाला दत्त शर्मा, भुवन मिश्रा, ने कहा कि यहां के 70 किसानों के केसीसी खातों में 82 लाख रुपया समायोजित किया गया। यह सब श्री उत्तराखंडी के आन्दोलन का ही परिणाम था। किसानों द्वारा राष्टीय अध्यक्ष चुने गए नरेंद्र उत्तराखंडी ने कहा कि किसानों के साथ हो रहे लगातार छलावा को देखते हुए भी उन्होंने अपनी भावनाओं का नेतृत्व मुझ जैसे साधारण किसान को सौंपा है। उन्होंने दावे के साथ कहा कि इस दुर्गम क्षेत्र से निकली किसानों की पीड़ा की गूंज जब दिल्ली व देहरादून में सुनाई देगी,तो इससे किसानों का स्वाभिमान बढ़ेगा। खेतों में हाड़ तोड़ मेहनत करने वाले किसान अपनी संगठित ताकत के बल पर सरकार को यह बताना चाहते हैं कि दूसरों का पेट पालते आ रहा किसान कब तक उपेक्षित रहेगा।

इस अवसर पर रमेश राम, रघुवर जोशी, खिलानंद जोशी, केशव राम, हरीश राम, हरीश भट्ट, नवीन भट्ट, त्रिभुवन सकलानी, आनंद बल्लभ भट्ट,जय राम, हीरा देवी, दिनेश राम, सूरज भट्ट, भगवान बोहरा, बची देवी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए तथा 'सबका विकास पार्टी' की सदस्यता ग्रहण की।

## पुलिस ने मात्र चार घंटे के अंदर झपट्टा मार बदमाश को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** राह चलती स्कूटी सवार महिला के कान से कुंडल छीनकर भागने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को रीना पत्नी अरविंद कुमार स्कूटी लेकर गांधी पार्क रोड से अपने घर जा रही थी अचानक पीछे से दो बाइक सवार उचक्कों ने अंधेरे का फायदा उठाकर स्कूटी सवार महिला के एक कान से कुंडल झपट्टा मारकर छीन लिया और भाग गए। पुलिस ने घटना के संबंध में पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली जसपुर में धारा 304( 2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना के मात्र 04 घंटे के अंदर मोटरसाइकिल सवार बदमाश सोनू कुमार पुत्र नरेश कुमार( 26 वर्ष) निवासी मुरली वाला थाना- अफजलगढ़, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया सोने का कुंडल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि उसका दूसरा साथी सगा भाई अंशुल है जो फिलहाल फरार हो गया है उसको भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बरामदगी के आधार पर मुकदमे उपरोक्त में धारा 317( 2) BNS की बढ़ोतरी की गई है और बताया गया कि आरोपी के आप. राधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है आरोपी को अग्रिम कार्रवाई हेतु मान्य न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी एसएसआई जावेद मलिक, एस आई इंदर सिंह, ललित सिंह, हेड कांस्टेबल गणेशराम, का0 अरुण कुमार ,कुलदीप सिंह ,जाकिर हुसैन होमगार्ड दीक्षित शामिल रहे।

## बीएसपी के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** बहुजन समाज पार्टी के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह का जसपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।



स्वागत करने वालो में बसपा भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक डॉ. बीएस गौतम, पूर्व जिला महासचिव साबिर हुसैन , वरिष्ठ कार्यकर्ता ओमप्रकाश, जिला महासचिव सत्यपाल सिंह , सुरेश कुमार समेत दर्जनों बसपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की हुई समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में प्रदेश के समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ सीएम हेल्पलाइन -1905 में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई।

इस दौरान जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि: प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक शिकायतकर्ता से सम्पर्क स्थापित कर फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाए, ताकि समाधान की गुणवत्ता का आकलन हो सके। जिन विभागों में लंबित शिकायतों की संख्या अधिक है, वे प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण की प्रक्रिया को तेज करें। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का डेली मॉनिटरिंग किया जाए तथा संबंधित अधिकारियों की उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। जिन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है, उनकी जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि समाधान संतोषजनक है या नहीं। बैठक में




विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह, अधीक्षण अभियंता लोनिवि,अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह,उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह, सीएमओ डा. एसएस नबियाल समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सर्पदंश से वन कर्मी गंभीर, उपचार जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग कार्यालय में शुक्रवार की सुबह एक कर्मचारी पर अचानक सांप ने हमला कर दिया। सांप के डसने से कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना से कार्यालय में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार, बैलपड़ाव रेंज में कार्यरत कर्मचारी सुखदेव शुक्रवार सुबह डीएफओ कार्यालय, रामनगर में मौजूद था। इसी दौरान कार्यालय परिसर में झाड़ियों के बीच अचानक सांप दिखाई दिया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर सांप को पकड़ तो लिया, लेकिन यह किसी तरह उनके हाथ से छूट गया और सीधा सुखदेव पर टूट पड़ा। सांप ने उसके हाथ में काट लिया। देखते ही देखते उसके हाथ से खून बहने लगा। साथी कर्मचारी घबराए बिना तुरंत सुखदेव को सरकारी अस्पताल ले गए। अस्पताल की चिकित्सक डॉ. दीपा पांडे ने बताया कि घायल कर्मचारी का उपचार शुरू कर दिया गया है। उसे निगरानी में रखा गया है और यदि उसके स्वास्थ्य में गिरावट होती है तो हायर सेंटर रेफर किया जाएगा। अन्यथा स्थिति सामान्य रहने पर छुट्टी दे दी जाएगी।

## महाविद्यालय में मनाया गया स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

■ छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ हाथ उज्ज्वल भविष्य और स्वच्छता अपनाओ, देश बचाओ जैसे स्लोगन से जागरूक किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर के श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय नानकमत्ता साहिब में लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एनएसएस स्वयंसेवियों व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों द्वारा मनाया गया। गांधी-शास्त्री की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता भारत मिशन के तहत वृहद अभियान चलाया गया।

प्राचार्य डा. सीता मेहता व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. इंदु बाला की अगुवाई में सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण व कर्मचारी स्वच्छता करने में जुटे। इस दौरान महाविद्यालय परिसर व गेट के बाहर सफाई अभियान चला और शिक्षकों ने खुद भी श्रमदान दिया। इसके बाद महाविद्यालय कंप्यूटर सहायक पंकज सिंह बोहरा ने एनएसएस स्वयंसेवियों, अध्ययनरत छात्र-छात्राओं व शिक्षकगणों तथा कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। सभी ने प्रतिदिन महाविद्यालय परिसर और घर में सफाई तथा सप्ताह में दो घण्टे स्वच्छता करने की शपथ ली और आम नागरिकों को इसके लिए प्रेरित करने के संकल्प को दोहराया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अनुशासन और सेवा का पाठ पढ़ाती है। विद्यार्थियों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनना चाहिए। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ हाथ उज्ज्वल भविष्य और स्वच्छता अपनाओ, देश बचाओ जैसे स्लोगन से जागरूकता फैलाई। इस मौके पर डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. राधा बिष्ट, डॉ. नीतू, डॉ. आरती राणा, ज्योति, पूनम राणा, काजल बर्मन, रेनू थापा, ममता राणा, प्रगति राणा, दुर्गानाथ गोस्वामी व देव राम उपस्थित रहे।

## शहीद देव बहादुर के घर-आंगन से ताम्र कलश में सम्मानपूर्वक संग्रह की मिट्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** शहीद सम्मान यात्रा-2.0 के अन्तर्गत ग्राम गौरीकला किच्छा के शहीद देव बहादुर के घर-आँगन से शहीद के पिता शेर बहादुर, माता लक्ष्मी देवी, भाई किशन, अनुज, क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिंह धोनी, तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (से.नि.), पूर्व सैनिक आदि लोगों द्वारा ताम्र कलश में सम्मानपूर्वक मिट्टी संग्रह किया गया।



जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (से.नि.) ने बताया कि चार अक्टूबर 2025 तक शहीद सम्मान यात्रा के अंतर्गत शहीद सम्मान यात्रा-2.0 तथा पांच अक्टूबर 2025 को जनपद पौड़ी के लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट सेंटर में शहीद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा तथा भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शहीद सैनिकों के आश्रितों को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के शहीदों के घर-आंगन से ताम्र कलशों में मिट्टी का संग्रहण कर उसे देहरादून स्थित शौर्य स्थल (सैन्यधाम) में प्रतिस्थापित किया जाएगा। जिनकी मिट्टी वर्ष 2021 में आयोजित यात्रा के दौरान एकत्रित नहीं हो पाई थी, साथ ही वर्ष 2021 के पश्चात शहीद हुए के घर/आँगन की मिट्टी को भी संग्रहित कर सम्मानपूर्वक प्रतिस्थापित करना है।

श्री कोठारी ने बताया कि चार अक्टूबर को जिलाधिकारी कार्यालय से शहीद सैनिकों के घर के आंगन की मिट्टी का फ्लैग ऑफ कर यात्रा पौड़ी गढ़वाल के लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट के लिए रवाना किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 05 अक्टूबर को लैंसडाउन के कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के शहीद सैनिकों के आश्रितों को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर शहीद के परिजन अनीता, गीता, दीप शिखा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सैनिक कल्याण महेश चन्द्र भट्ट, सूबे. मेजर सुन्दर सिंह, अजय कुमार, पुष्कर दत्त, आकाश कुमार, सुदर्शन बोरा, कुन्दन राम सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, स्थानीय लोग आदि मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा से लौट रही महिला से युवक ने मंगल सूत्र छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा पूजा मेले से लौट रहे एक परिवार के साथ झपटमारी की घटना सामने आई है। वारदात में अज्ञात युवक ने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर भीड़ का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। मामले में थाना ट्रांजिट कैंप में दी गयीर्ि लखत तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से थाना चम्पावत अंतर्गत बिरगुल निवासी कमल किशोर, वर्तमान में अपने परिवार सहित राय कॉलोनी निकट जन्मभूमि स्कूल में जय प्रकाश के घर में किराए पर रह रहे हैं। विगत रात्रि वे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ट्रांजिट कैंप स्थित दुर्गा पूजा मेले में गए थे। रात करीब 9 बजे, जब वे मेले से लौट रहे थे और गोल मड़इया के आगे, मुकेश ज्वैलर्स के सामने वाली गली पर पहुँचे, तभी एक युवक अचानक सामने से आया और कमल किशोर की पत्नी के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर तेजी से भाग निकला। कमल किशोर और उनकी पत्नी ने साहस दिखाते हुए आरोपी का पीछा किया, लेकिन वह भीड़ का फायदा उठाकर गली में गुम हो गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने काली टी-शर्ट पहनी हुई थी, जिसमें पीछे शेर के मुख का डिजाइन बना हुआ था। उन्होंने दावा किया कि यदि वह युवक दोबारा सामने आता है तो वे पहचान सकते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर लिया है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## चमोली स्थानांतरण होने पर सीओ पौड़ी त्रिवेन्द्र सिंह राणा को पौड़ी पुलिस ने दी भावभीनी विदाई

**कोटद्वार।** पुलिस उपाधीक्षक पौड़ी त्रिवेन्द्र सिंह राणा के जनपद पौड़ी गढ़वाल से जनपद चमोली स्थानांतरण पर पौड़ी पुलिस परिवार द्वारा ससम्मान विदा किया गया। इनके द्वारा जनपद पौड़ी में अपने लगभग 09 माह के कार्यकाल में अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ ही व्यवहारकुशल होकर कुशल नेतृत्व किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह सहित संपूर्ण पौड़ी पुलिस परिवार द्वारा त्रिवेन्द्र सिंह राणा को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भविष्य में भी इसी ऊर्जा और दक्षता के साथ सेवा देने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल भविष्य की कामना की गई।

## कोतवाली परिसर स्थित मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कोतवाली परिसर में स्थित मंदिर के दो वर्ष पूरे होने पर समस्त पुलिस विभाग द्वारा मिलकर एक भंडारे का आयोजन किया गया।

आयोजन में आयोजन में समस्त पुलिसकर्मियों के साथ-साथ जसपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी ,समाजसेवी संगठनों के दर्जनों लोगों ने भाग लेकर भक्ति भाव से मंदिर में पूजा की और प्रसाद चढ़ाया उसके पश्चात सभी लोगों ने भंडारे का लंगर चखा।

भंडारे में पहुंचे भक्तों के भक्ति भाव को देखकर कोतवाल राजेंद्र सिंह दांगी ने सभी पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों, पत्रकारों, गणमान्य व्यक्तियों की सराहना व स्वागत किया। इस अवसर पर कोतवाल राजेंद्र सिंह दांगी, एस एस आई जावेद अख्तर, उपनिरीक्षक इंदर सिंह, संतोष देवरानी, हे.का. गणेश राम, जाकिर, अब्दुल मलिक, परविन्द्र, कुलदीप, हेमचंद्र फुलारा, फकीर चन्द,अमर सिंह, अशोक कुमार, मनोज रावत, नगर अध्यक्ष मौ. नौशाद सम्राट, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, त्रिलोक अरोरा,नवीन अग्रवाल , विमल अग्रवाल, बलराम तोमर, अशोक खन्ना, खड़क सिंह चौहान, इख्तियार बबलू, मोईनुद्दीन मजनू, राजेंद्र सिंह चौहान, मीडिया से शरीफ खान, आलम रजा, शहजाद सिद्दीकी, उस्मान अली, रईस अहमद, विजय जोशी,हसीब सिद्दीकी, प्रदीप श्रीवास्तव,अजय सागर,समीर परूरू, नदीम, महेंद्र सिंह, मुनेश चौहान ,एस पी सिंह, नीरज कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**पढ़ते रहिए शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहें**


**कार्यालय सहायक अभियन्ता-प्रथम**
**सिंचाई खण्ड विकासनगर डाकपत्थर (देहरादून)**

पत्रांक : 397 / स0अ0-प्रथम / टी-1 / दिनांक- 29 / 09 / 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं0-04/स0अ0-प्रथम/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिंचाई विभाग में डी / सी / उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक-**13 / 10 / 2025** को अपरान्ह 03:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है, जो उसी दिन 03:30 बजे अपरान्ह निविदादाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100 / -मूल्य का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में रू0 1.00 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित वांछित धरोहर धनराशि जो कि राष्ट्रीयकृत बैंक के सी0डी0आर0 / एफ0डी0आर0 अथवा पोस्ट ऑफिस के राष्ट्रीय बचत पत्र / किसान बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड विकासनगर (डाकपत्थर) के नाम बन्धक होगी, संलग्न करनी अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक-**29 / 09 / 2025** से **12 / 10 / 2025** तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सांयः 05:00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर सहायक अभियन्ता-प्रथम के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. स. | जॉब / कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **2701 लघु निर्माण)** मद के अन्तर्गत विकासखण्ड विकास नगर में यमुना खादर नहर की मरम्मत कार्य। जॉब नं0-01 | 10000.00 | 500+18% G.S.T | 01 माह |
| 2 | **(2701 लघु निर्माण)** मद के अन्तर्गत विकासखण्ड विकास नगर में यमुना खादर नहर की मरम्मत कार्य। जॉब नं0-02 | 10000.00 | 500+18% G.S.T | 01 माह |
| 3 | **2701 लघु निर्माण)** मद के अन्तर्गत विकासखण्ड विकास नगर में यमुना खादर नहर की मरम्मत कार्य। जॉब नं0-03 | 10000.00 | 500+18% G.S.T | 01 माह |

शर्तेः-
1. सर्शत निविदा मान्य नही होगी।
2. एक या एक से अधिक निविदा को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारियों के पास सुरक्षित होगा।
3. अनुबन्ध करते समय अनुबन्धित राशि का 10 प्रतिशत प्रतिभूति जमा करनी होगी।
4. अनुबन्ध करते समय प्रतिभूति धनराशि पर नियमानुसार स्टाम्प शुल्क ठेकेदार को जमा करना होगा।
5. ठेकेदार को आयकर एव व्यापार कर / जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
6. निविदा दर निविदा खुलने की तिथि से 90 दिनों के लिए मान्य होगी तथा निविदादाताओं द्वारा निविदा के साथ उक्त हेतु अपनी सहमति 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर 1.00 रूपये का रसीदी टिकट लगाकर उस पर हस्ताक्षर कर के देना अनिवार्य है अन्यथा निविदायें मान्य नहीं होगी।
7. निविदा दरें शब्दों तथा अंको दोनों में लिखना अनिवार्य है तथा दरें आईटम वाईज ही मान्य होगी अन्यथा निरस्त कर दी जायेगी।
8. निविदा उन्हीं ठेकेदारों को विक्रय की जायेगी जो विभाग में नियमानुसार पंजीकृत होंगे।
9. निविदा प्रपत्र का मूल्य बिक्री के पश्चात् किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
10. डाक द्वारा प्रेषित निविदायें मान्य होंगी।
11. ठेकेदारों को निविदायें प्रत्येक लॉट हेतु अलग-अलग राष्ट्रीय बचत पत्र / किसान बचतपत्र (राष्ट्रीकृत बैंक) की सी0डी0आर0 / पोस्ट ऑफिस पासबुक जो कि अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, विकासनगर (डाकपत्थर) के नाम बन्धक हो प्रस्तुत करने पर ही बेची जायेगी।
12. निर्माण सामग्री यथा मसाला, कंक्रीट इत्यादि का सैम्पल टेस्टिंग ठेकेदार द्वारा कराना होगा।

सहायक अभियन्ता प्रथम
सिंचाई खण्ड विकासनगर (डाकपत्थर)

**BRIDCUL (ब्रिडकुल)**
ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
इकाई कार्यालयः अवस्थापना भवन, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून- 248001
टैलीफैक्स- 0135-2522941, ई-मेल - pmbridcul.ddn@gmail.com CIN No. U45203UR2008SGCO32591

Ref No: - 12/BRIDCUL-23/25 **E-Tender** Dated: 03/10/2025

**NIT No. (BRIDCUL/PU/DDN/2025-26)**

On behalf of Hon'ble Governor of Uttarakhand, MD, BRIDCUL, invites E-Tender for the following work from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (upto 2 Crore):-

| S. No. | Name of work | Estimated Cost with GST (In Lac) | Bid Security/ EMD (In Lac.) | Cost of Tender Document | Document Download Start Date | Bid Submission End Date | Date of Technical Bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Miscellanious Civil work at Rajeev Gandhi Navodaya Vidhyalaya Gairsain, Dist Chamoli | 79.25 | 1.59 | ₹ 5000/- + 18% GST | 04.10.2025 | 17.10.2025 | 17.10.2025 |

The details of e-tender of above work can be obtained directly from website **https://www.uktenders.gov.in.** Changes if any will be intimated only through our website **https://www.uktenders.gov.in.**

Project Manager
BRIDCUL

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही समाधान का मानक

**मुख्यमंत्री धामी ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में दिए कड़े निर्देश, लंबित मामलों को निपटाने के लिए चलेगा विशेष अभियान विश्वविद्यालयों में बनेगी हेल्प डेस्क, मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों का होगा त्वरित निस्तारण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों के साथ "सीएम हेल्पलाईन" पर प्राप्त शिकायतों की प्रगति की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान का एकमात्र मानक शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि होगी, मात्र फाइलों को निपटाना उद्देश्य नहीं होना चाहिए।
मुख्यमंत्री धामी ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी विश्व. विद्यालयों में छात्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शहेल्प डेस्कश स्थापित की जाए। उन्होंने जोर दिया कि सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर और तेजी से किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं को तुरंत सुलझाया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित पड़े सभी मामलों को एक विशेष अभियान चलाकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए। साथ ही, जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि वे नियमित रूप से श्जनता मिलनश् कार्यक्रम आयोजित करें ताकि आमजन की समस्याओं को सीधे सुना और सुलझाया जा सके। प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को यह भी आदेश दिया कि वे प्रत्येक माह की 5 तारीख तक मुख्यमंत्री कार्यालय में सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस समीक्षा बैठक के दौरान, जनपद टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने जिले में सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के 98 प्रतिशत उत्कृष्ट निस्तारण के लिए अधिशासी अभियंता, विद्युत, अमित आनंद के प्रयासों की विशेष सराहना की। बैठक में ही, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से संबंधित मार्कशीट की एक लंबित शिकायत का भी मौके पर ही प्रभावी समाधान कर दिया गया। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, डीएफओ पुनीत तोमर, अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्याम विजय सहित जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# खस्ताहाल सड़क को किया गया दुरुस्त

## व्यापारियों ने अधिकारियों का आभार जताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रयासों से आखिरकार शारदा मार्केट की खस्ताहाल हो चुकी सड़क को दुरुस्त कर लिया गया है। संगठन ने जुड़े व्यापारियों ने डीएम वंदना सिंह, मेयर गजराज सिंह बिष्ट और नगर आयुक्त ऋचा सिंह का आभार जताया है। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि शहर के मुख्य बाजार शारदा मार्केट का निर्माण 1980 के आसपास हुआ था, लेकिन शारदा मार्केट की सड़क की बदहाली की तरफ कभी भी किसी प्रशासनिक अधिकारी ने कोई सुध नहीं ली और व्यापारियों तथा आम जनता की परेशानियों को नजरअंदाज किया गया। इस बीच भारी बरसात से सड़क काफी ऊबड़-खाबड़ होने से आम जनता का चलना दुर्भर हो गया और हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहने लगा। जिसके बाद प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों का घेराव किया और जन आंदोलन की चेता. वनी दी गई। आखिरकार देरी से ही सही शारदा मार्केट की सड़क का निर्माण करवा दिया गया है। आभार व्यक्त करने वालों में संगठन के संयोजक धर्म यादव, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, पूरन लाल साह, जिलाध्यक्ष कुंदन बिष्ट, प्रज्ञान भारद्वाज, राकेश गुप्ता, रामदत्त उप्रेती, कुंदन रावत, ललित जायसवाल, चमन गुप्ता, राजीव शर्मा, नुसरत सिद्दीकी, निशु मल्होत्रा, धर्मेंद्र गुप्ता, अश्मित गुजराल आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### हल्द्वानी के कई इलाकों में सत्यापन अभियान

**हल्द्वानी।** सत्यापन अभियान के अंतर्गत मुखानी क्षेत्र में सीओ नितिन लोहनी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अमर चंद्र शर्मा, प्रभारी थाना बनभूलपुरा सुशील जोशी, थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा, निरीक्षक ललिता पांडे और थानाध्यक्ष मुखानी दिनेश जोशी ने अपनी-अपनी टीमों के साथ कठघरिया, आम्रपाली क्षेत्र पनियाली, लामाचौड़ क्षेत्र, कुसुमखेड़ा, प्रेमपुर लोश्ज्ञानी, आरटीओ रोड सहित अन्य स्थान पर सत्यापन अभियान चलाकर कार्यवाही की। टीम ने 180 कुल सत्यापन किये और सत्यापन न करने पर102 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 25,500 रुपये जुर्माना वसूला। जबकि 3 व्यक्तियों भवन स्वामी, दुकान मालिक व ठेकेदारों के कोर्ट चालान किये। टीम ने कुल 30,000 हजार का जुर्माना भी वसूल किया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किरायेदारों, कामगारों, घरेलू सहायकों तथा बाहरी व्यक्तियों का समय से सत्यापन अवश्य कराएं और अपने परिवार एवं समाज को सुरक्षित बनाने में अपना योगदान दें।

### प्रो. बर्गली विश्व के 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह बर्गली स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के विश्व के 2 प्रतिशत वैज्ञानिक 2024 सूची सिंगल ईयर श्रेणी में शामिल हुए हैं। बता दें कि प्रो. बर्गली को इकोलॉजी तथा कृषि विज्ञान के क्षेत्र में ये कामयाबी मिली है। वर्ष 2024 में प्रो. बर्गली को वैश्विक रैंकिंग 100890 रही तथा इकोलॉजी में 1481 तथा कृषि विज्ञान में 1798 वा स्थान प्राप्त हुआ। प्रो. बर्गली इकोलॉजी तथा एग्रोफोरेस्टी तथा पादप मृदा विज्ञान तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन के क्षेत्र में शोध रत है। उनकी इस कामयाबी पर कूटा के अध्यक्ष तथा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा डा. सुषमा टम्टा तथा डा. नीलू लोधियाल तथा डा. अनिल बिष्ट, डा. कपिल सहित डा. नवीन पांडे तथा डा. प्रभा पंत तथा डा. हेम जोशी व डा. हिमानी कार्की ने बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं।



### दिनेश गुरुरानी बने कुमाऊं मंडल के अध्यक्ष

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों का एकमात्र पंजीकृत संगठन चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति अब राज्य निर्माण सेनानी संगठन उत्तराखंड जिसकी उत्तराखंड की सभी जनपदों में कार्यकारिणी के साथ दिल्ली व अन्य महानगरों में भी कार्यकारिणी है के केंद्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत व केंद्रीय कमेटी के द्वारा राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी को राज्य निर्माण सेनानी संगठन कुमाऊं मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। बता दें कि दिनेश गुरुरानी कुमाऊं व गढ़वाल मंडल विकास निगम कर्मचारी महासंघ के रिकार्ड से अध्यक्ष रहे हैं साथ ही जिला ट्रेड यूनियन सहित अन्य कर्मचारियों के बड़े संगठनों में अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व किया है। गुरुरानी ने पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। उन्हें चार बार मुख्यमंत्री द्वारा सममानित किया जा चुका है। गुरुरानी का नाम सबसे लंबी अवधि तक पौधा लगाने हेतु इंडिया बुक आफ रिकार्ड में नाम दर्ज हुआ है। इनको कई सामाजिक संगठनों द्वारा भी सममानित किया जा चुका है।



### प्रदेश अध्यक्ष नेगी का हुआ जोरदार स्वागत

**नैनीताल।** भाजपा किसान मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी का गृह क्षेत्र पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक वंशीधर भगत भी मौजूद रहे। प्रदेशाध्यक्ष श्री नेगी ने लोगों का आभार व्यक्त करते किसानों के हितार्थ प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और किसानों की समस्याओं के निदान का भरोसा दिलवाया। समीपवर्ती ग्राम चोपड़ा निवासी महेंद्र नेगी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अपने गृह क्षेत्र में पहुंचे तो भुजियाघाट समेत दो गांव, आमपड़ाव, ज्योलीकोट और चोपड़ा में माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ भेंट जोरदार स्वागत किया गया। वंशीधर भगत ने कहा कि भाजपा में कई दशकों से पार्टी की रीति नीति के प्रचार प्रसार में जुटे श्री नेगी के नेतृत्व में किसान मोर्चा किसानों को मजबूत सशक्त बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। सांसद प्रति. निधि पुष्कर जोशी, कैलाश जोशी, ग्राम प्रधान शेखर भट्ट, हरगोविंद रावत, नवल कुमार, संदीप सनवाल व धीरज पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सूर्यागांव व ज्योली गांव में बने नए पोलिंग बूथ

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के विकासखंड भीमताल में सूर्यागांव व ज्योली गांव में दो नये बूथ बना दिए गए हैं। बता दें कि सूर्यागांव का बूथ जो अभी तक सूर्याजाला में था जिससे सूर्यागांव के लोगों को 8 किमी पैदल चलकर जंगल के रास्ते सूर्याजाला आना होता था अकसर वहां बाघों और जंगली जानवरों के चलते बहुत कम वोटिंग नहीं हो पाती थी विकलांग व बुजुर्ग अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते थे। इसी तरह ज्योली ग्राम सभा में अलग बूथ नहीं था वोटिंग के लिए बड़ी गोला नदी व छोटे बड़े गधेरे पार कर डोलमार में आना पड़ता था अकसर उक्त नदी नालों में काफी मात्रा में पानी व भूस्खलन के कारण मतदान में गाँव वासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी जो कि विधायक बंशीधर भगत के सहयोग से अब दोनों बूथों को स्वीकृति मिल गई है, जिसके लिए ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित सुरेंद्र सूर्या, भगवत सूर्या, शक्ति सूर्या तथा पंकज सूर्या, मनोज पांडेय, शेखर भट्ट, कमल जंतवाल, नवीन पांडे, पूरन पांडे, महेन्द्र सिंह नेगी, दान सिंह जीना, कैलाश जोशी, पुष्कर जोशी, हरगोविंद रावत, मनोज बिष्ट, सुरेश जीना और ग्रामीणों ने विधायक बंशीधर भगत का आभार जताया व स्वागत किया।

# चित्रकला प्रतियोगिता 12 को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** शारदा संघ के अवैतनिक महासचिव प्रो. घनश्याम लाल साह ने बताया कि शारदा संघ की आन द स्पाट चिल्ड्रन पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन नैनीताल में 12 अक्टूबर रविवार को होगा।
प्रो. साह के मुताबिक प्रतियोगिता 12 अक्टूबर रविवार की सुबह 10 बजे से डीएसए मैदान में होगी। बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि नैनीताल बैंक के एमडी व सीईओ सुशील कुमार लाल करेंगे जबकि बच्चों की ओर से बनाये गए चित्रों की प्रदर्शनी 14 अक्टूबर मंगलवार की शाम को 5 बजे शारदा संघ सभागार में लगेगी जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि नैनीताल होटल व रैस्टोरैंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिगविजय सिंह बिष्ट करेंगे वहीं विजेता प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण समारोह 16 अक्टूबर वीरवार को होगा जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल मौजूद रहेगी।
इसके साथ ही तीनों समारोह में नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या, पूर्व सांसद डा. महेंद्र पाल, पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल, कूर्माचल बैंक के अध्यक्ष विनय साह, पूर्व अध्यक्ष जगदीश लाल साह, पद्मश्री अनूप साह, नैनीताल बैंक के पूर्व अध्यक्ष वीके विंग व वरिष्ठ रंगकर्मी व युगमंच संस्था के अध्यक्ष जहूर आलम समेत सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यो को आमंत्रित किया गया है। दूसरी ओर शारदा संघ के अवैतनिक महासचिव प्रो. साह समेत अध्यक्ष प्रो. देवेंद्र लाल साह, चंद्र लाल साह, संघ ने प्रतियोगिता की तैयारियां शुरु कर दी हैं।

# पत्रकार राजीव की हत्या नहीं सड़क हादसा : पंवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** उत्तरकाशी में डिजिटल पत्रकार राजीव प्रताप की रहस्यमयी मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। लंबे समय से चल रही चर्चाओं और संदेहों के बीच पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार ने पत्रकारों को स्पष्ट किया है अभी तक कि तमाम जांच यह हत्या नहीं बल्कि एक सड़क दुर्घटना थी।
उन्होंने बताया कि जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और सबूतों से यह साबित हुआ कि राजीव प्रताप दुर्घटना के समय शराब के नशे में थे। फुटेज में वे लड़खड़ाते हुए चलते और गाड़ी को गलत दिशा में चलाते हुए दिखाई दिए।उन्होंने बताया कि 18 सितंबर की शाम करीब 7 बजे राजीव प्रताप



अपने पूर्व विद्यार्थी और कैमरामैन मनबीर कलूड़ा तथा पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी सोबन सिंह से मिलने पहुंचे।तीनों ने टैक्सी स्टैंड पर देर रात तक शराब पी। रात करीब 10 बजे सोबन सिंह वहां से निकल गए लेकिन राजीव के कहने पर वापस लौटे।इसके बाद दोनों बाजार गए, होटल में खाना खाया और फिर शराब पी।रात करीब 11 बजे होटल से बाहर आने पर राजीव नशे में लड़खड़ाते हुए दिखे। थोड़ी देर बाद दोनों गाड़ी में बैठे, लेकिन बाद में सोबन सिंह बाहर आ गए और राजीव खुद ड्राइविंग सीट पर बैठ गए।आखिरी सफर सीसीटीवी फुटेज में राजीव अकेले जांच में सामने आया कि रात 11:24 बजे सोबन सिंह ने राजीव से फोन पर बात की। इसके बाद राजीव की गाड़ी बद्री तिराहा, तेखला पुल और गंगोरी पुल के सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हुई। हर जगह गाड़ी में केवल राजीव ही दिखाई दिए।
गंगोरी पुल के बाद वाहन का कोई फुटेज सामने नहीं आया। पुलिस का अनुमान है कि करीब 11:40 बजे गाड़ी वहीं दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने राजीव की पुरी हिस्ट्री खंगाली की कोई लेन देन कि कोई रंजिश तो नहीं पुलिस ने बताया कि राजीव प्रताप पर के खिलाफ वर्ष जुलाई 2023 में देहरादून नेहरू नगर थाना में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।जो बाद में आपसी राजनमा से निपटा लिया गया था। वहीं राजीव प्रताप के जिला न्यायालय में चेक बाउंस मामले भी सामने आ रहे है। जिसमें एक मामले में 7.10.2025 को न्यायालय में उपस्थित होने कि अंतिम अवसर दिया गया है। इधर राजीव प्रताप ने एक बैंक से लोन ले रखा था जिसके गारंटर एक पुलिस कर्मी बताया गया। बताया जा रहा कि बैंक बार -बार पुलिस कर्मी को परेशान कर रहा था। और पुलिस कर्मी राजीव को बैंक का लोन जमा करवाने का बार बार बोल रहे थे।

# भरत मिलाप व राज्याभिषेक

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में विभिन्न रामलीला मंचन में शुक्रवार को भरत मिलाप व राम राज्याभिषेक हुआ। इसके बाद कलाकारों व कार्यकर्ताओं को परितोषिक बांटे गए। मल्लीताल राम सेवक सभा की ओर से सभा भवन में रामलीला व अन्य कार्यक्रम हुए। आदर्श रामलीला समिति सूखाताल व नव सांस्कृतिक सतसंग समिति शेर का डांडा में भी रामलीला स्टेज में कार्यक्रम हुए। तल्लीताल रामलीला समिति की ओर से बीते कई दशकों की परंपरा के तहत नया बाजार स्थित वैष्णो देवी मंदिर में राम भरत मिलाप हुआ। जबकि इसके राम बारात को बाजार होते हुए क्रांति चौक ले जाया गया। जहां मारुति नंदन साह-ईशा साह के आवास में राम राज्याभिषेक हुआ। राम की आरती के बाद प्रसाद वितरण व भजन संध्या आयोजित हुई। इससे यहां का माहौल भक्तिमय रहा।

# जवाहर बाल मंच की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. जीवी हरि द्वारा उत्तराखंड जवाहर बाल मंच की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। बता दें कि जवाहर बाल मंच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पायलट प्रोजेक्ट है। वही इसका संचालन करते हैं और यह विभाग उनके दिल के बेहद करीब है। कांग्रेस को अब लगने लगा है कि भाजपा को राजनीतिक चुनौती केवल चुनावी मैदान में ही नहीं देनी होगी बल्कि विचाराधारा के स्तर पर भी देश में मध्यम मार्ग की वैचारिक धारा को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए जरूरी है कि बच्चों के बीच शुरू से ही देश की बहुलवादी संस्कृति और सबको साथ लेकर चलने की सोच को उनके चिंतन में शामिल करने का प्रयास किया जाए। 7 से 17 साल के बच्चों व किशोरों के बीच रहेगी मंच की सक्रियता रहे। इसी क्रम में हल्द्वानी वार्ड 56 मानपुर से पार्षद भागीरथी देवी एवं नैनीताल महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष डा. भावना भट्ट को स्टेट कोआर्डिनेटर बनाया गया है जबकि रेनू तोमर को जिला अध्यक्ष नैनीताल वहीं ग्राम प्रधान शिवलालपुर शौर्य लखेरा को जिला अध्यक्ष उधम सिंह नगर समेत मोहित कबड़वाल और शानू अल्वी को जिला कोआर्डिनेटर एवं अरुण जोशी को जिला मीडिया कोआर्डिनेटर बनाया गया है।

# दशहरा व वीकेंड पर उमड़े पर्यटक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आखिरकार चार महीने की मंदी के बाद नैनीताल में एक बार फिर पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। दशहरा तथा वीकेंड के मौके पर नैनीताल समेत आसपास के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली। लंबे समय से सूनी पड़ी होटल व पार्किंगें अब पर्यटकों से गुलजार हो रही हैं। दूसरी ओर शुक्रवार शाम से ही पर्यटक नैनीताल पहुंचने लगे हैं। नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन तथा माल रोड पर जम कर खरीदारी भी करी। इसके अलावा पर्यटक नैनी पीक में ट्रैकिंग समेत शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों जूम लैंड, चिड़ियाघर तथा वाटरफाल में खासी चहल-पहल रही। इसके साथ ही प्रसिद्ध कैंची धाम में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। नैनीताल होटल एंड़ रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि चार महीने की सुस्ती के बाद यह पहला मौका है जब दशहरा वीकेंड पर पर्यटकों की संख्या संतोषजनक स्तर पर पहुंची है। उन्होंने



कहा कि अगर यही रुझान रहा तो आने वाले दिनों में होटल व्यवसाय को बड़ी राहत मिलेगी वहीं दोपहिया टैक्सी बाइक एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश भट्ट ने कहा कि इस वीकेंड में पर्यटकों की संख्या पिछले महीनों की तुलना में कहीं अधिक रही। इसका असर टैक्सी और बाइक बुकिंग पर भी साफ दिखाई दिया है। स्थानीय कारोबारियों का कहना है कि त्योहारों का मौसम आगे और बेहतर व्यवसायिक अवसर लेकर आएगा।
**वहीं ,** मानसून की विदाई के साथ ही अब ठंडक का अहसास होने लगा है। दिन में जहां धूप खिली रहती है वहीं सुबह और शाम की ठंडी हवाएं लोगों को सर्दी का एहसास कराने लगी हैं। लगातार हो रही बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिला मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शुक्रवार को नैनीताल का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बदलते मौसम ने अब लोगों को गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर कर दिया है।

# कैंसर जन जागरूकता 'पिंक रैली' कल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आशा फाउंडेशन कैंसर के प्रति जागरूकता को लेकर नैनीताल में पिंक रैली का आयोजन 5 अक्टूबर रविवार को करने जा रहा है। रैली में कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों समेत स्थानीय गणमान्य नागरिक और स्कूल और कालेज के छात्र भाग लेंगे। आशा फाउंडेशन की संस्थापक आशा शर्मा ने बताया कि उनकी संस्था कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध है और पिछले 6 वर्षों से नगर में पिंक रैली का आयोजन करते आ रही है। कैंसर जागरूकता को लेकर कई देशों में बड़े पैमाने में पिंक रैली का आयोजन किया जाता है।
भारत में भी कई महानगरों में इसका प्रचलन चल पड़ा है और कैंसर की लड़ाई में वह नैनीताल में पिंक रैली का आयोजन करते आ रही है। इस वर्ष पिंक रैली का शुभारंभ पांच अक्टूबर की सुबह 7.30 बजे डीएसए मैदान शहर के गणमान्य लोग और नैनीताल जिला प्रशासन के पदाधिक. ारी रहेंगे। इस अवसर पर सेंटमैरी कालेज की छात्राओं द्वारा कैंसर की गंभीरता को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया जाएगा। तत्पश्चात प्रात: 8 बजे रैली निकाली जाएगी। रैली मालरोड होते हुए इंडिया होटल से वापस मल्लीताल डी एस ए ग्राउंड में वापस लौट आएगी। इसके बाद डीएसए मैदान में आयोजित समारोह में कैंसर विशेषज्ञ इस जानलेवा बीमारी की गंभीरता पर प्रकाश डालेंगे और इस रोग से मुक्ति को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव देंगे। जिसमे लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कालेज के एंडोक्राइन हैड डा. आनंद मिश्रा समेत हल्द्वानी से चंदन हॉस्पिटल से कैंसर विशेषज्ञ डा. शशांक बंसल, यमुना विकास प्राधिकरण की एजीएम डा. स्मिता सिंह तथा नैनीताल जिले के सीएमओ डा. डीसी पंत समेत नगर के अनेक गणमान्यजन समारोह में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने 5 अक्टूबर को पिंक रैली को सफल बनाने के लिए स्कूली छात्रों और कालेज के छात्रों के साथ नगरवासियों से बड़ी संखया में शामिल होने का आग्रह किया है।




आशा फाउंडेशन 6 साल से चला रहा सराहनीय मुहिम

# कार्यक्रम के निर्देश

**बागेश्वर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागेश्वर की सचिव अनीता कुमारी ने पराविधिक कार्यकर्ताओ, अधिकारमित्र एवं पैनल अधिवक्ताओं की मासिक बैठक ली। बैठक में सचिव ने सालसा द्वारा उपलब्ध कराए गए प्लॉन ऑफ एक्शन माह अक्टूबर में दिए गए दिशा निर्देश के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को जनपद में नशे से दुष्प्रभावों एवं नशे से होने वाले दुष्परिणाम विषय पर विधिक जागरुकता रैली, शिविर, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, निबन्ध प्रतियोगिता करवाई जानी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कुमारी ने कहा कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निवारण एवं निषेध) अधिनियम, 2013 पर जागरुकता कार्यक्रम समय समय पर चलाए जाएं।

# बीएसएनएल की सेवा ठप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कपकोट तहसील क्षेत्र में बीएसएनएल सेवा पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। यहां महीने में 15 दिन सेवा प्रभावित रहती है। गुरुवार से एक बार फिर सेवा प्रभावित हो गई है।
इस कारण भराड़ी से लेकर बोरबलड़ा तक की सेवा प्रभावित हो गई है। ऑनलाइन कारोबार ठप है। लोग अपने प्रवासियों की कुशलक्षेम तक नहीं पूछ पा रहे हैं। भराड़ी के व्यापारियों ने अब आंदोलन की चेता. वनी दी है। बता दें कि कपकोट क्षेत्र में बीएसएनएल के अलावा अन्य कंपनियों के टावर नहीं है। पूरा क्षेत्र बीएसएनएल पर निर्भर है। डिजीटल भारत आज भी इनके लिए सपना बना हुआ है। यहां अधिकतर समय सेवा प्रभावित रहती है। गुरुवार की शाम छह बजे से एक बार फिर से सेवा ठप है। इस कारण कपकोट, भराड़ी, दानपुर क्षेत्र कर्मी, बघर, बदियाकोट, सोराग, बोरबलड़ा समेत समचे क्षेत्र में दो दिन से सेवा प्रभावित है। भराड़ी तथा कपकोट में सीएससी सेंटर संच. ालक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने प्रवासियों की कुशलक्षेमत तक नहीं पूछ पा रहे हैं। भराड़ी के व्यापारियों ने जल्द आपूर्ति बहाल नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर बीएसएनएल के जेटीओ गौरव तड़ागी ने बताया कि बागेश्वर व कपकोट के बीच ऑपटिकल फाइबर लाइन कटी है। उसे जोड़ने का काम चल रहा है। जल्द आपूर्ति बहाल हो जाएगी।


### प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से 6 अक्टूबर तक

**काशीपुर।** नैतिक एवं वैज्ञानिक अध्यात्मवाद के केंद्र गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की एक शक्तिपीठ का निर्माण बाजपुर रोड स्थित रामपुरम में हुआ है। इस गायत्री शक्तिपीठ की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 4, 5 व 6 अक्टूबर को शांति कुंज की टोली द्वारा संपन्न किया जाएगा। शनिवार, 4 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे कलश यात्रा चैती मेला प्रांगण से प्रारंभ होकर चैती चौराहा व प्रकाश सिटी होते हुए रामपुरम शक्तिपीठ पहुंचेगी। 5 को प्रात: 8 बजे से देव पूजन, गायत्री महायज्ञ तथा संस्कार (मुंडन, अन्नप्राशन, विद्यारंभ व यज्ञोपवीत दीक्षा आदि) संपन्न होंगे। सोमवार, 6 को प्रात: 8 बजे से प्राण प्रतिष्ठा प्रारंभ होगी।

# कोटाबाग में कम्प्यूटर हार्डवेयर प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कोटाबाग।** 21 दिवसीय कम्प्यूटर हार्डवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम उद्योग विभाग हल्द्वानी द्वारा प्रायोजित एवं विद्या सोसाइटी हल्द्वानी द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में कुल 25 प्रतिभागियों ने नामांकन कराया है, जिन्हें कंप्यूटर हार्डवेयर की बारीकियां सिखाई जाएंगी। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि डा. श्वेता सैनी (ब्लॉक विकास अधिकारी, कोटाबाग) ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में कंप्यूटर हार्डवेयर और तकनीकी ज्ञान युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर खोल रहा है। इस प्रकार के प्रशिक्षण ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होंगे। इस प्रशिक्षण का संचालन जितेन्द्र गरजौला द्वारा किया जाएगा, जो प्रतिभागियों को हार्डवेयर की तकनीकी जानकारी, प्रैक्टिकल अभ्यास तथा रोजगारपरक कौशल प्रदान करेंगे। इस अवसर पर विद्या सोसाइटी के पदाधिका. रियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार के अवसरों से जोड़ना है।



# वन्यजीवों के संरक्षक कैसे बन सकते हैं हम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वन्य प्राणी सप्ताह के द्वितीय दिवस यानी शुक्रवार को प्राणी उद्यान नैनीताल में प्राणी उद्यान के निदेशक आकाश गंगवार के विशेष दिशा निर्देश में स्कूली बच्चों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें प्रथम सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता तीन वर्गो में करायी गयी। प्रथम वर्ग कक्षा 3 से 5 तक, द्वितीय वर्ग कक्षा 6 से कक्षा 8 तक एवं तृतीय वर्ग कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 तक के प्रतिभागियों को प्राणी उद्यान नैनीताल द्वारा ए थ्री शीट में वन्य प्राणी का आउट लाईन, ढांचा प्रिन्ट कर दिया गया जबकि कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के प्रतिभागियों को प्लेन शीट दी गई। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा वन्य प्राणी सप्ताह-2025 की थीम से संबन्धित पोस्टर निर्माण किया गया जिसमें प्रतिभागियों द्वारा प्राणी उद्यान, नैनीताल परिसर में विद्यमान एवं स्वयं से लाए गए प्राकृतिक सामग्री (जैसे फूल, पत्ती, मिट्टी, गोंद आदि) से उस वन्य प्राणियों के आउट लाईन, ढांचा, पोस्टर को भरा गया।
कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों द्वारा स्थानीय समुदाय वन्यजीवों के सर्वश्रेष्ठ संरक्षक कैसे बन सकते हैं?, क्यों बाघ का स्वास्थ्य सीधे तौर पर गांव के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है?, छोटे जानवर मानव स्थानों से कैसे बातचीत करते है? एवं वन्यजीवों की रक्षा करना स्वयं अपनी रक्षा कयों है? विषयों पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान राना (सनवाल स्कूल नैनीताल), द्वितीय स्थान राफिया रफत (मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर नैनीताल) जबकि तृतीय स्थान काव्या जोशी (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल) एवं साक्षी बिष्ट (राधा चिल्ड्रन एकेडमी नैनीताल) ने हासिल किया जबकि सांत्वना पुरस्कार की हकदार हया (मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर नैनीताल) रही।
भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में कुविवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. सुषमा टम्टा रही। दोनों प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के कुल 250 अध्यापक, अध्यापिका एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज काण्डपाल (बायोलॉजिस्ट प्राणी उद्यान नैनीताल एवं डा. रजनी रावत (बोटनिस्ट हिमालयन बोटैनिकल गार्डन नारायणनगर) द्वारा किया गया। विजयी प्रतिभागियों को अब 8 अक्टूबर वीरवार को पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर सुश्री स्वाति उप निदेशक प्राणी उद्यान, आनन्द लाल वन क्षेत्राधिकारी प्राणी उद्यान, जगदीश सिंह कोरंगा वन दरा. ेगा, नितिन मुकेश वन आरक्षी, विक्रम सिंह मेहरा फार्मासिस्ट, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट एवं प्राणी उद्यान नैनीताल के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।




वन्य प्राणी सप्ताह के तहत पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता

# शहीद प्रताप सिंह बिष्ट को किया याद

**नैनीताल।** पृथक उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान 3 अक्टूबर 1994 को आज ही के दिन नैनीताल में प्रताप सिंह बिष्ट पुलिस की गोली से शहीद हो गए थे। हर वर्ष की भांति शहीद प्रताप सिंह को शहर के विभिन्न संगठनों के व्यक्तियों तथा बुद्धिजीवियों ने शहीद स्थल पर पहुंच कर श्रद्धांजली अर्पित की। इस श्रद्धांजली सभा को प्रसिद्ध इतिहासकार व पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक ने संबोधित किया तथा 31 वर्ष पूर्व की इस घटना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने उत्तराखंड आंदोलन का जिक्र भी किया तथा खटीमा समेत मसूरी व मुज्फ र नगर के शहीदों को भी याद किया। सभा के अन्त में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखा। श्रद्धांजली सभा में प्रो. शेखर पाठक समेत रईस भाई, डा. शीला रजवार, संध्या शर्मा, चंपा उपाध्याय, माया चिलवाल, मनमोहन सिंह चिलवाल, दीपा, रुपिन, प्रताप सिंह खाती थे।

## ● भारत तीसरे दिन ही अहमदाबाद टेस्ट जीत जाएगा!

# राहुल, जुरेल और जडेजा की सेंचुरी

**● पहली पारी में वेस्टइंडीज पर 286 रनों की बढ़त ली**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच पर पकड़ मजबूत कर ली है। मुकाबले के पहले दिन वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर समेटने के बाद भारत ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बना लिए हैं। आलराउंडर रवींद्र जडेजा 104 और वाशिंगटन सुंदर 9 रन पर नाबाद लौटे। जडेजा से पहले ध्रुव जुरेल (125 रन) और केएल राहुल (100 रन) ने भी संेचुरी लगाई। पहली पारी के आधार पर भारत की बढ़त 286 रन की हो गई है। अब इस बात की संभावना काफी बढ़ गई है कि यह मुक. ाबला तीसरे दिन ही समाप्त हो जाए। वेस्टइंडीज अगर दूसरी पारी में संघर्ष करता है, तब भी मैच का चौथे दिन से आगे जा पाना काफी मुश्किल है। भारतीय टीम ने दूसरे दिन 121/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान शुभमन गिल ने पहले दिन के अपने स्कोर में 32 रन और जोड़े। वे पूरे 50 रन बनाकर रोस्टन चेज की गेंद पर जस्टिन ग्रीव्स को कैच थमा बैठे। गिल ने 48 गेंदों का सामना किया और 4 चौके जमाए। गिल और केएल राहुल ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 98 रन जोड़े। केएल राहुल ने करियर की 11वीं सेंचुरी जमाई भारतीय ओपनर केएल राहुल ने करियर की 11वीं सेंचुरी जमाई। वे पूरे 100 रन बनाकर आउट हुए।उन्होंने 197 गेंदों का सामना किया और 12 चौके जमाए। उनका विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकैन को मिला। यह राहुल की वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सेंचुरी है। उन्होंने सबसे ज्यादा पांच सेंचुरी इंग्लैंड के खिलाफ जमाई है। साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ उनके नाम दो-दो सेंचुरी है। आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एक-एक शतक लगाया है। जुरेल और जडेजा के बीच 206 रन की पार्टनरशिप जिस समय राहुल आउट हुए थे भारत का स्कोर 218 रन था। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पांचवें विकेट के लिए 206 रन की पार्टनरशिप कर भारत को बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जुरेल ने 190 गेंदों पर 12 चौके और 2 छक्के की मदद से शतक पूरा किया। यह जुरेल के टेस्ट करियर का पहला शतक है। इससे पहले उनका बेस्ट स्कोर 90 रन था। वहीं, जडेजा ने 168 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्के जमाते हुए सेंचुरी बनाई। वे अपनी अब तक 176 गेंद खेलकर 104 रन बना लिए हैं। तीसरे दिन कैसे खत्म हो सकता है मुकाबला भारतीय टीम की बढ़त आलरेडी 286 रन की हो गई है। चौथे दिन टीम इंडिया 400 के आस-पास की लीड लेकर पारी घोषित कर सकती है। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 44 ओवर ही टिक पाई थी। दूसरी पारी में भी ऐसा होता है तो यह मैच तीसरे दिन ही अपने अंजाम पर पहुंच सकता है। 126वें ओवर की तीसरी बाल पर रवींद्र जडेजा ने शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने जोमेल वारिकन की तीसरी बाल पर एक रन लेकर शतक पूरा किया। उसके बाद अपने ट्रेडमार्क स्टाइल में सेलिब्रेट किया। जडेजा ने बल्ले को तलवार की तरह हवा में लहराया। 123वें ओवर में भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर ध्रुव जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें खारी पियर को शाई होप के हाथों कैच कराया। पियर ने 206 रन की पार्टनरशिप ब्रेक की। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में अपनी पहली पारी में 400 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जुरेल ने 120वां ओवर डाल रहे जोमेल वारिकन की दूसरी गेंद पर चौका लगाया। इसी चौके ने टीम का स्कोर 400 पार पहुंचा दिया। 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट सेंचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया।



केएल राहुल

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर पांच मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान की अगुवाई में भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओलनग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मैच डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में खेले जाएंगे और यह भारतीय महिला हॉकी प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय महिला हॉकी का यह कार्यक्रम उभरते हुए एथलीटों को अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में आगे बढ़ने से पहले नई चुनौतियों के अनुकूल होने का एक मंच प्रदान करता है। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनर्स ने इस अवसर के बारे में कहा कि हमने अपार संभावनाओं वाली एक मजबूत, युवा टीम तैयार की है।

#### यश की अगुवाई में गेंदबाजों ने दिलाई विदर्भ को बड़ी बढ़त

**नागपुर, वार्ता।** ठाकुर (चार विकेट), पार्थ रेखड़े और हर्ष दुबे (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर विदर्भ ने शुक्रवार को ईरानी ट्रॉफी के तीसरे दिन शेष भारत को 214 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद दूसरी पारी में स्टंप के समय दो विकेट पर 96 रन बना लिए है और उसकी बढ़त 224 रनों की हो गई है। शेष भारत ने कल के पांच विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत का पहला विकेट मानव सुथार (एक) के रूप में गिरा। उन्हें आदित्य ठाकरे ने आउट किया। इसके बाद सारांश जैन (10), आकाश दीप (14) रन को यश ठाकुर ने आउट किया। शेष भारत का नौवां विकेट रजत पाटीदार के रूप में गिरा।

# शतकवीरों के अलग-अलग सेलिब्रेशन

**अहमदाबाद, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में शुक्रवार को तीन भारतीय बल्लेबाजों केएल राहुल,

ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाए। तीनों बैटर्स ने अपने शतक को अलग अंदाज में सेलिब्रेट किया। राहुल ने सीटी बजाई, जडेजा ने बैट को तलवार की तरह घुमाया तो वहीं ध्रुव जुरेल ने आर्मी में रहे अपने पिता को आर्मी स्टाइल में सैल्यूट किया। बतौर कप्तान शुभमन गिल भारत में पहला मैच खेल रहे हैं। गिल ने भारत की पहली पारी में 50 रन बनाए। यह कप्तान के रूप में गिल की देश में पहली फिफ्टी है। उन्होंने 56वें ओवर में खारी पियर की आखिरी बाल पर एक रन लेकर फिफ्टी पूरी की। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में भी उनकी पहली हाफ सेंचुरी रही। केएल राहुल ने भारतीय पारी के 65वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। ये उनके टेस्ट करियर का 11वां और भारत में दूसरा शतक है। उन्होंने 2016 के बाद से घर पर एक भी सेंचुरी नहीं लगाई थी।

**● केएल राहुल ने सीटी बजाई रवींद्र जडेजा ने बैट को तलवार की तरह लहराया, ध्रुव जुरेल ने आर्मी सैल्यूट किया**

राहुल ने शतक पूरा करने के बाद पहले हेलमेट पर लगे तिरंगे को चूमा और फिर सीटी बजाई। सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि केएल राहुल ने ये जश्न अपनी बेटी को समर्पित किया है।

राहुल के बेटी इवारा इसी साल 24 मार्च को पैदा हुई थी। ध्रुव जुरेल ने 71वें ओवर में भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। रोस्टन चेज की बैक आफ लेंथ बाल पर ध्रुव जुरेल बैकफुट पर गए और मिडविकेट के ऊपर शानदार छक्का लगाया रवींद्र जडेजा ने जोमेल वारिकन की बाल पर सिंगल लेने के साथ 168 बाल पर अपनी सेंचुरी पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपने बैट को तलवार की तरह लहराया और सोर्ड सेलिब्रेशन किया।



रवींद्र जडेजा

जडेजा अक्सर फिफ्टी या सेंचुरी पूरी करने पर इसी तरह सोर्ड सेलिब्रेशन करते हैं। भारतीय पारी के 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट सेंचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया। सेंचुरी लगाने के बाद जुरेल ने आर्मी स्टाइल में पिता को सेंचुरी डिडकेट की। ध्रुव ने अपने बल्ले को आर्मी जवान की राइफल बना दिया और फिर सैल्यूट भी किया।

ध्रुव जुरेल के पिता नेम चंद भारतीय सेना से रिटायर हवलदार हैं। जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए।



ध्रुव जुरेल

# चानू ने वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग में जीता रजत




**नॉर्वे, वार्ता।** भारतीय महिला भारोत्तलक मीराबाई चानू ने गुरुवार को आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

यहां वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू ने कुल 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर ओवऑल रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की। हालांकि, वह 87 किग्रा के दोनों प्रयासों में असफल रहीं।

इसके बावजूद 84 किग्रा का प्रयास उन्हें स्नैच में कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 किग्रा से शुरुआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस प्रयास ने उन्हें क्लीन एंड

**● मीराबाई चानू ने 109 किग्रा से शुरूआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया**

जर्क और कुल मिलाकर रजत पदक दिलाया। उन्होंने 2022 के बाद यह पदक जीता हैं। पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह उनकी दूसरी बड़ी प्रतियोगिता थी।

मौजूदा विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91 किग्रा प्लस 122 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा नया विश्व रिकॉर्ड है। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकच. ारोएन ने 198 किग्रा (88 किग्रा प्लस 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चानू का वर्ल्ड चैंपियनशिप इतिहास शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में एनाहाइम में 48 किग्रा वर्ग में 194 किग्रा (85 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर स्वर्ण जीता था। वह कर्णम मल्लेश्वरी के 1994 और 1995 में लगातार दो खिताबों के बाद भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं।

2022 की बोगोटा चैंपियनशिप में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 200 किग्रा (87 किग्रा स्नैच प्लस 113 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक हासिल किया था। 2023 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में वजन मापा लेकिन चोट से बचाव के लिए प्रतियोगिता में लिफ्ट नहीं किया। यह भारत का वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 18वां पदक है। अब तक भारत के खाते में कुल तीन स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य पदक आए हैं, जो सभी महिला खिलाड़ियों के नाम हैं। पिछले महीने, मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की थी।

# एरेल मिडलटन ने 10 बार की चैंपियन अनुभव चीनी स्टार को हराया

**दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अमे. रिका की किशोरी एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यहां दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल मिडलटन ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की।

12.38 मीटर के प्रयास से उन्होंने शुरुआती राउंड के बाद पोल पोजिशन बरकरार रखी। चीनी दिग्गज ने सर्कल में अपनी दूसरी बार 12.42 मीटर थ्रो के साथ जवाब दिया और 12.82 मीटर के प्रयास के साथ बढ़त बढ़ा दी। 17 वर्षीय लंबी कद-काठी वाली एरेल मिडलटन हार मानने को तैयार नहीं थीं और उन्होंने अपनी चौथी बार 12-.95 मीटर थ्रो करके स्वयं को पूरी तरह से तैयार कर लिया। उन्होंने 12.93 मीटर से अधिक की एक और बड़ी थ्रो फेंकी जिससे पता चला कि उनका पिछला प्रयास कोई क्षणिक सफलता नहीं थी। लगभग 25 साल पहले प्रतिस्पर्धा शुरू करने वाली और छह पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण और 10 विश्व चैंपियनशिप खिताबों के साथ दबाव से निपटने में माहिर 44 वर्षीय याओ हुआन ने अपने अंतिम प्रयास में अपना सब कुछ झोंक देने से पहले दो प्रयास फाउल किए। इसका परिणाम सुबह का उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो, 12.52 मीटर, रहा, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को स्वर्ण पदक मिला। एरेल मिडलटन की जीत ने अमे. रिका को अधिक रजत पदकों के साथ तालिका में भारत से आगे निकलने में मदद की। वह चार स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि भारत के चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक हैं और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत की पांचवें स्वर्ण पदक की उम्मीदें सिमरन पर टिकी हैं, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में 12:08 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर टी12 फाइनल में आसानी से प्रवेश किया। उमर सैफी को अपना मार्गदर्शक बनाकर दौड़ते हुए, उन्होंने अपनी ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित किया और स्पेन की नागोर फोल्गाडो गार्सिया की कड़ी चुनौती को हराकर शुक्रवार शाम के फाइनल में जगह बनाई।

# फीफा विश्व कप-2026 की आधिकारिक मैच बॉल का अनावरण



**मास्को, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए 'अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून' दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया।

इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है

**● फीफा ने अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया**

और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को दर्शाता है। इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप' होगा। इस बॉल के डिजाइन में लाल, हरे और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जो तीनों मेजबान देशों को सम्मान देता है। इस पर प्रत्येक मेजबान देश के प्रतीक चिन्ह अंकित हैं। कनाडा के लिए मेपल का पत्ता, मेक्सिको के लिए चील और अमेरिका के लिए तारा। ट्रायोंडा नाम का स्पेनिश में अर्थ 'तीन लहरें' है, जो मेजबानों की तिकड़ी का प्रतीक है। गेंद में एक अत्याधुनिक मोशन सेंसर चिप लगी है, जो गेंद की गति की जानकारी देती है। यह तकनीक वीडियो असिस्टेंट रेफरी सिस्टम को वास्तविक समय में डेटा भेजती है।

#### फाइनल में रेलवे और इंडियन ऑयल के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**नई दिल्ली, वार्ता।** सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में लवे खेल संवर्धन बोर्ड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच खिताबी भिड़ंत होगी।

शिवाजी स्टेडियम में पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर- विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के पहले सेमीफाइनल मैच में, रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने भारतीय खेल प्राधिकरण को 3-1 से हराया। रेवले के लिए लालरेम्सियामी ने (सातवें), नवनीत ने (39वें) मिनट और वंदना कटारिया ने (50वें) मिनट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। वहीं, साई के लिए गरलांका ने (53वें) मिनट में सांत्वना गोल दागा।

# इंग्लैंड ने द. अफ्रीका को 69 रन पर ढ़ेर किया




**गुवाहाटी, वार्ता।** लिंसी स्मिथ (तीन विकेट) तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की टीम ने शुक्रवार को महिला विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जूझती नजर आयी। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाए और वह अच्छा स्कोर भी नहीं

**● इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए, सोफी नेट और डीन ने दो-दो विकेट लिए**

कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिनालो जाफ्टा ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को 20.4 ओवर में 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।

इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट विकेट लिए। तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन को दो-दो विकेट मिले। लॉरेन बेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यह महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका दूसरा सबसे कम स्कोर है। महिला विश्व कप में उनका पिछला दूसरा सबसे कम स्कोर भी इंग्लैंड के खिलाफ था जोकि उन्होंने कटक में 2013 में बनाया था। महिला क्रिकेट विश्व कप में सबसे कम ओवरों में आउट होने वाली एकमात्र टीम पाकिस्तान थी, जिसने 1997 में हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13.4 ओवरों में केवल 27 रन बनाए थे।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ढंडेरा के युवक को ईरान में यातनाएं देने पर पुलिस की कार्यशैली से खुश होकर

# युवक की वापसी पर पुलिस अधिकारी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर रुड़की के एक युवक का विदेश में अपहरण कर थर्ड डिग्री दी गई। इतना ही नहीं परिजनों को वीडियो कॉल कर युवक को पीटते हुए दिखाया गया और पच्चीस लाख फिरौती भी मांगी। वहीं मामला रुड़की पुलिस पर पहुंचा तो पुलिस अधिकारियों ने दूतावास से संपर्क कर प्रयास शुरू किए और युवक अपने घर सकुशल वापस आ गया। पुलिस के इस अतिरिक्त प्रयास पर कांग्रेस नेता उदय सिंह पुंडीर ने उनका सम्मान किया।

इंटक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उदय सिंह पुंडीर ने बताया कि रुड़की सिविल लाइंस कोतवाली के ढंडेरा निवासी विनय पुत्र स्वर्गीय तरसेम ने विदेश में नौकरी करने के लिए हरियाणा निवासी एक रिश्तेदार से वार्ता की थी। उक्त रिश्तेदार ने उसे कैथल निवासी एक युवक से फोन पर बात करवाई। जिसने विनय को स्पेन में नौकरी दिलवाने की बात कही और तीसरे दिन वह उसके घर आ गया। घर से उन्होंने विनय सेएक लाख तीस हजार रुपए लिए और एक हफ्ते बाद दिल्ली आने की बात कही। विनय के अनुसार उसे दिल्ली में एक हफ्ते रखा वहां से जयपुर और फिर दिल्ली के दो चक्कर



लगाए। घर से जाने के करीब पन्द्रह दिन बाद दिल्ली से फ्लाइट में उसे तेहरान (ईरान) ले गए जहां से दूसरी फ्लाइट से उसे छाबरा ईरान ले जाया गया। विनय ने बताया कि एक युवक जो कि पाकिस्तान का निवासी था वह टैक्सी लेकर एयरपोट के बाहर आया जो कि उसे एक गांव में लेकर गया। विनय के अनुसार उसे वहां से एक गांव में ले जाया गया जहां भारत के पंजाब प्रांत के भी कई लोग बंधक बनाए हुए थे वहीं उसे भी बंधक बना लिया और अपहरण कर्ताओं के बीच पास हथियार भी थे। विनय ने बताया कि उन्हें वहां पर थर्ड डिग्री दी जाती थी और वीडियो कॉल के माध्यम से परिजनों को दिखाकर फिरौती की मांग की गई थी।

वहीं परिजनों ने रुड़की पुलिस से संपर्क साधा जिसके बाद एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने सीओ नरेंद्र पंत के नेतृत्व में टीम गठित की जिसमें इंस्पेक्टर मनीष उपाध्याय और सब इंस्पेक्टर लोकपाल परमार आदि ने कारवाई शुरू की। उन्होंने कड़ी से कड़ी जोड़ने के साथ भारतीय दूतावास से भी संपर्क किया और जिसके परिणाम यह निकले कि युवक सकुशल वापस आ गया।

विनय ने बताया कि वहां पर बहुत सारे युवक बंधक बनाए हुए थे जिनके परिजनों से लगातार फिरौती मांगी जा रही थी। एसपी देहात ने अधीनस्थों को सराहनीय कार्य पर शाबाशी दी। उदय सिंह पुंडीर ने कहा कि पुलिस टीम ने अपने अतिरिक्त प्रयास किए जिसके कारण लड़का आज अपने परिजनों के बीच सकुशल पहुंचा है।

## चैम्बर परिसर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दिनांक 1.10.2025 को वादी रवी मोहन कौशिक पुत्र बी0एस0 कौशिक (एडवोकेट) चैंबर नंबर 177 तहसील परिसर रुड़की जनपद हरिद्वार के द्वारा लिखित तहरीर दी कि दिनांक 30-9-2025 को उनके चौंबर के छत पर ।ब को चेक किया तो ंब की कॉपर की तार अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी जिसके आधार पर कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 360/25 धारा 303 (2) बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना अपर उप निरीक्षक बालम सिंह राठौर के सुपुर्द की गई, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए उपरोक्त मुकदमे का अनावरण करने हेतु अपर उप निरीक्षक बालम सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई पुलिस टीम के द्वारा सुरागसी करते हुए व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुखबिर की सूचना पर वसीम उर्फ भूरा पुत्र हाशिम निवासी बदा रोड माहीग्रान रुड़की कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार को मय कॉपर तार के साथ कलियर मेटाडोर स्टैंड रुड़की से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। 'गिरफ्तार अभियुक्त' वसीम को पकडने वाली पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक बालम सिंह राठौर, कमल सिंह, ईतेंद्र ध्यानी शामिली रहे।

## शांति व्यवस्था भंग करने पर तीन युवक दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें 3 अक्टूबर 2025 को सूचना मिली की कुछ व्यक्ति आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं तुरंत ही पुलिस को भेजा गया। पुलिस टीम के द्वारा तीनों व्यक्तियों को काफी समझाने का प्रयास किया वह नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम सूर्य प्रताप पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम मजलिसपुर तोफिर थाना भोपा जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश उम्र 25 वर्ष पारस पुत्र रामकुमार निवासी समाना उर्फ रामराज थाना रामराज मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश उम्र 27 वर्ष अनिल पुत्र कुंवर पाल निवासी ग्राम रामपुर रायघटी कोतवाली लक्सर उम्र 21 वर्ष बताया। उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भीक्कमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान कांस्टेबल अमित रावत संजय पवार दिगंबर राय शामिल रहे पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## संस्कृत अकादमी ने गांधी व शास्त्री जयंती पर आयोजित किया कवि सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी द्वारा महात्मा गान्धी व श्री लालबहादुर शास्त्री जयन्ती के अवसर पर अखिलभारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन 03 अक्टूबर को केवल कन्या पाठशाला इण्टर कालेज मंगलौर में किया गया। संस्कृत कवि सम्मेलन का शुभारम्भ मख्य अतिथि प्रो कमल किशोर पन्त, निदेशक, आई आई टी रूड़की, विशिष्ट अतिथि गण महामण्डलेश्वर यतीन्द्रानन्द गिरि महाराज, डॉ प्रेमचंद शास्त्री, पूर्व उपाध्यक्ष उत्तराखंड संस्कृत अकादमी प्रोफेसर रजत अग्रवाल, अध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन संकाय आईआईटी रुड़की व डॉ रविंद्र कपूर, निदेशक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, सचिव डा आनन्द भारद्वाज, संस्कृत शिक्षा उत्तराखण्ड व उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपन्न हुआ। अध्यक्षता करते हुए महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि महाराज ने कंप्यूटर में संस्कृत की उपादेयता व्यक्त करते हुए कहा की आज नासा के द्वारा भी कंप्यूटर में संस्कृत के समायोजन के तथ्यों पर प्रकाश डाला। उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी के सचिव डा आनन्द भारद्वाज ने कहा कि संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति, मानव मूल्यों और वैज्ञानिक चिन्तन का मूल आधार है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी के सचिव डॉ. आनंद भारद्वाज ने संस्कृत अकादमी व संस्कृत भारती



जनपद रूड़की के संयुक्त तत्वाधान में 11 संस्कृत शिक्षण केंद्र प्रारंभ करने की उद्घोषणा करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड सरकार संस्कृत के विकास एवं संवर्धन के लिए कटिबद्ध है। प्रसिद्ध चिकित्सक कपूर मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के निदेशक डा रवीन्द्र कपूर ने कहा कि संस्कृत से ही हम अपनी संस्कृति, संस्कार, आचरण और व्यवहार को श्रेष्ठ बना सकते हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि मंगलौर में प्रथम बार संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृत कवि के रूप दिल्ली से डा जीतराम भट्ट, डा अंजूरानी, डा शंकर पाण्डेय, वाराणसी से डा शैलेश कुमार तिवारी, झारखंड से डा राहुल पोखरियाल, उत्तराखण्ड के ऊधमसिंह नगर से डा सुरेन्द्र कुमार शर्मा व डा उमेश जोशी, हरिद्वार से डा निरंजन मिश्र, डा प्रकाश चन्द्र पन्त, डा मनोहर लाल आर्य, सर्वेश तिवारी, देहरादून से डा नवीन जसोला, रुद्रप्रयाग से डा अरुणकिशोर भट्ट, अल्मोडा से डा हेमचंद्र बेलवाल ने संस्कृत में काव्यपाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में वैदिक मंगलाचरण जगद्गुरु श्रीचन्द्र संस्कृत विद्यालय के ब्रह्मचारियों ने किया। कार्यक्रम का संचालन अकादमी के शोध अधिकारी डा हरीशचन्द्र गुरुरानी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन केवल कन्या पाठशाला की प्रधानाचार्या ने किया। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षाधिकारी नारसन मैराज आलम, गणेश प्रसाद फोन्दणी, पंकज नेगी, प्रो रजत अग्रवाल संस्कृतभारती रुडकी की जनपद अध्यक्ष डा भारती शर्मा, मंत्री श्रद्धा हिन्दू, गीताशिक्षण प्रमुख डा कल्पना वत्स, प्रबन्धक डा विजय कुमार, प्रधानाचार्य मनोज सैनी, ठाकुर नरेंद्र सिंह पूर्व ओएसडी डॉ दिनेश त्रिपाठी संजय कालरा, कुंवर जावेद आदि उपस्थित रहे।

## भक्तोंवाली में आम के छह हरे पेड़ काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम भक्तों वाली के पास एक प्लॉट में खड़े आम के हरे भरे 6 पेड़ों को चोरी से बिना परमिशन के काट लिए जाने पर उद्यान विभाग द्वारा दो लकड़ी ठेकेदारों के खिलाफ शुक्रवार को थाने में मुकदमा दर्ज कर गया है।

उद्यान विभाग कर्मचारी नरेश कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि ग्राम भक्तों वाली के पास झबरेड़ा निवासी बबली कुमार का प्लॉट है ।उसमें से 6 आम के हरे भरे पेड़ विभाग की बिना अनुमति के लकड़ी ठेकेदार मुकीम अहमद तथा अब्दुल कयूम निवासी मंगलौर द्वारा चोरी से काट लिए गए हैं। थानाध्यक्ष अजय सिंह का कहना है कि ताहिद के आधार पर पेड़ चोरी से काटने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## तहसील प्रशासन ने हटवाया अवैध अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र के मुंडाखेड़ा कलां गाँव में शुक्रवार को प्रशासन ने अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 41 कब्जों को हटाया। तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला और भारी पुलिस बल मौके पर पहुँचा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली लक्सर पुलिस भी मुस्तैदी के साथ तैनात रही।

जानकारी के अनुसार तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान ने



बताया कि गाँव के 47 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ धारा 122 बी के तहत कार्रवाई की गई थी, जिनमें से 6 प्रकरणों पर जिलाधिकारी स्तर से पुनर्विचार का निर्देश जारी हुआ है। शेष 41 अवैध कब्जों को नोटिस अवधि पूरी होने के बाद ध्वस्त किया गया। प्रशासन ने करीब 20 दिन पहले ही सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर दिया था, जिसमें स्पष्ट चेतावनी थी कि तीन अक्टूबर को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी विकल्प दिया गया था कि निर्धारित तारीख से पहले यदि कोई स्वयं अतिक्रमण हटाना चाहे तो ऐसा कर सकता है। कार्रवाई शुरू होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में स्थिति शांतिपूर्ण रही। ग्रामीण इलाकों में इस सख्ती को लेकर चर्चा तेज है और प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## शहीद आन्दोलनकारियों को न्याय न मिलना सरकारों की उपेक्षा : काला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य बने 25वर्ष पूर्ण होने में एक माह शेष है एवं खटीमा, मसूरी और 2अक्टूबर को जब उत्तराखंड सरकार के मुखिया एवं मन्त्री, सन्त्री सब उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु रामपुर तिराहा मुज्जफर नगर तिराहे पर अपने घड़ियाली आंसू बहाने पहुंचते हैं और न्याय की बड़ी-बड़ी बात करते हैं जिन आन्दोलन कारियों के बलिदान के फलस्वरूप सभी नेता बने हैं और सरकार में हैं। एक दूसरी सरकार पर दोषारोपण के अलावा कुछ नहीं है। हम सभी वरिष्ठ एवं सक्रिय आन्दोलनकारी 1995से लगातार 2अक्टूबर को रामपुर तिराहा शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचते हैं परन्तु सरकार द्वारा ऐसा आदेश पुलिस प्रशासन को होता है कि राज्य आंदोलनकारियों को भी श्रद्धांजलि नहीं देने देते, मंच पर वरिष्ठ आन्दोलनकारियों




का सम्मान तो क्या? जबकि जिस जमीन पर शहीद स्मारक बना है 1994-95मेंउस स्थान को लेने एवं शहीद स्मारक बनाने में हमारी अहम भूमिका ही नहीं रही तन-मन-धन से शहीद स्मारक बनाया। 2अक्टूबर 1994की वह काली स्याह रात के हम प्रत्यक्ष गवाह हैं हमारे आजू-बाजू के आन्दोलन कारी शहीद हो गए और रुड़की और रुड़की का प्रथम राज्य आंदोलनकारी एवं अध्यक्ष होने के कारण रुड़की की संघर्ष समिति की टीम ने सभी शहीद एवं घायलों को रुड़की अस्पताल पहुंचाया जिसकी जिम्मेदारी तत्कालीन कोषाध्यक्ष स्व पान सिंह खनका एवम् स्व श्री दयाराम बलूनी जी को दी गई थी जो सरकार की उपेक्षा झेल रहे हैं।

## लाठरदेवा शेख में महिला को बिजली चोरी करते पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ऊर्जा विभाग की टीम द्वारा ग्राम लाठरदेवा शेख में छापा मारा कर एक महिला को बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। बिजली चोरी कर रही महिला के खिलाफ शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर विद्युत विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है। विद्युत विभाग अवर अभियंता सिमायला द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि 30 सितंबर को ऊर्जा विभाग की टीम द्वारा उनके साथ मिलकर लाठरदेवा शेख में बिजली चोरी पकड़ने के लिए छापा मारा गया था। छापा मारने के दौरान गांव निवासी फरीदा पत्नी सलीम मौके पर बिजली चोरी करती हुई पकड़ी गई। उक्त द्वारा विद्युत लाइन पर सीधे विद्युत केबल डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। विभाग द्वारा विद्युत केबल जप्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष अजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## घर से सामान लेने गया युवक बाइक सहित लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक बाइक सहित उस समय गायब हो गया जब वह घर का सामान लेने के लिए बाइक से कस्बा झबरेड़ा में गया था। गुम हुए युवक की मां द्वारा शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। गांव भक्तों वाली निवासी फुलमा देवी द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा प्रियांशु 1 अक्टूबर को घर से बाइक लेकर कस्बे मैं कुछ सामान लेने गया था। लेकिन वापस नहीं लौटा है। शाम होने पर उसे आसपास तथा सभी जगह रिश्तेदारियों में पता करने पर भी कुछ पता नहीं लग पाया है। युवक की मां द्वारा पुलिस से बेटे को ढूंढने की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर गुमशुद्धि दर्ज कर ली गई है।

## कारोबारी के ऑफिस पर फायरिंग में बदमाशों तक पहुंची पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बैटरी कारोबारी के ऑफिस पर फायरिंग में शामिल बदमाशों के गिरेबान तक पुलिस के हाथ पहुंच चुके हैं। दावा है कि जल्द पुलिस मामले में गिरफ्तारी कर फायरिंग मामले का खुलासा करेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली को फिरोज निवासी महावीर एंक्लेव रेलवे रोड ने बताया कि वह बैटरी के डिस्ट्रीब्यूटर हैं। ऑफिस और दुकान एक ही जगह पर है। 23 सितंबर को रात के वक्त ऑफिस पर किसी ने फायर किया था। फायर की आवाज के बाद काफी लोग इकट्ठा भी हो गए थे। उन्हें इस घटना की जानकारी अगले दिन ऑफिस खोलने पर लगी थी। गोली के निशान उन्हें शटर पर भी दिखे थे। सूचना पुलिस तक पहुंची तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की थी। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी पुलिस ने कब्जे में ले रखा है।

वहीं उक्त मामले को लेकर उपनिरीक्षक प्रवीण बिष्ट ने बताया कि पुलिस को फायरिंग के मामले में अहम सुराग हाथ लगे हैं। जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** थाना क्षेत्र के गांव नागल पलूनी के पास जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान 35 वर्षीय प्रदीप उर्फ काकू निवासी सेक्टर-52 चंडीगढ़ के रूप में हुई है। प्रदीप दो दिन पूर्व अपने जीजा गुलाब के घर नागल पलूनी आया था। बृहस्पतिवार को ग्रामीणों ने जंगल के पास एक पेड़ से युवक का शव रस्सी के सहारे लटका हुआ देखा। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने एक वारण्टी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक के द्वारा उप निरीक्षक ध्वजवीर सिंह पवार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा मा0न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्ट की तामील कर 01 वारण्टी अब्दुल पुत्र मकसूद निवासी ग्राम जौरासी कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार को उसके मस्कन पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। वारंटी' अब्दुल पर सम्ब0 मुकदमा अपराध संख्या 860/23 धारा 147.323.504.506. भादंवि दर्ज किया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक ध्वजवीर सिंह पवार कांस्टेबल भूपेंद्र कांस्टेबल अनिल शर्मा शामिल रहे।

## लक्सर में हर शुक्रवार लगेगा जनता दरबार

### अब वार्डों में सुनी जाएंगी लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका परिषद ने जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। पालिका अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने घोषणा की है कि हर शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे से अलग-अलग वार्डों में जनता दरबार लगाया जाएगा, जहाँ लोगों की जन समस्याएं सुनी जाएंगी।अध्यक्ष नीटू ने बताया कि यह निर्णय उन लोगों की समस्याओं को देखते हुए लिया गया है, जिन्हें अपनी शिकायतें लेकर भटकना पड़ता है और उनका काम नहीं हो पाता। इसी को ध्यान में रखते हुए, अब हर वार्ड में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी।

पहले दिन एक व आठ नंबर वार्ड में हुई सुनवाईइस नई पहल के तहत, पहले दिन वार्ड नंबर एक और आठ में लोगों की जन समस्याएं सुनी गईं। अध्यक्ष ने बताया कि जो भी शिकायतें आईं, उनमें से कुछ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को समाज कल्याण एवं खाद्य पूर्ति विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।जारी हुआ जनता दरबार का पूरा कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी योगेश चौहान ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष के आदेश पर यह तय हुआ है कि हर शुक्रवार को ढाई बजे से हर वार्ड में जन समस्या सुनी जाएगी। उन्होंने आगामी जनता दरबार का विस्तृत कार्यक्रम भी जारी किया है। अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने आम जनता से अपील की है कि अगर किसी की भी कोई समस्या



हो, तो वह निर्धारित तारीख पर अपने वार्ड में पहुंचकर अपनी समस्या को रख सकता है।जनता दरबार में नगर पालिका के अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी के अलावा समाज कल्याण और खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों में अध्यक्ष संजीव कुमार, अधिशासी अधिकारी योगेश चौहान, मोहम्मद गुलशनव्वर, सुरेंद्र कुमार झा, दीपक, लक्ष्मण, आरिफ, अश्वनी, अंशुल राठी, वार्ड नंबर एक के सभासद अंकुर चौधरी सहित वार्ड नंबर एक व आठ वार्ड के दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

## ब्लॉक स्तरीय ट्रायल कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक लिबरहैरी द्वारा माध्यमिक ब्लॉक स्तरीय ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें नारसन ब्लॉक के नेहरू इंटर कालेज, राजकीय उच्चतर माध्यमिक हरदौली जट्ट, केवल कन्या इंटर कॉलेज मंगलौर, अटल राजकीय इंटर कॉलेज लंढौरा, राजकीय उच्चतर माध्यमिक टिकोला कला, पीएम श्री इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण एवं विद्या विकासिनी इंटर कॉलेज के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लेकर जबरदस्त प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

इस अवसर पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिबरहैरी के प्रधानाचार्य भारतवीर मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया उन्होंने इस अवसर पर कहा की खेल के माध्यम से ही हम अनुशासन में रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता मे संजीव राणा एवं अरुण खरे का मैच संचालन जबरदस्त रहा। ब्लॉक खेल समन्वयक पवन राणा ने बताया इस ब्लॉक स्तरीय माध्यमिक कबड्डी ट्रायल प्रतियोगिता से चयनित छात्र नरसिंह ब्लॉक का प्रतिनिधित्व कर



जिला स्तरीय खेल कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में राजीव चौधरी, अनुज कुमार, कबड्डी प्रशिक्षक रवि कुमार, कबड्डी प्रशिक्षक चौधरी रिशिपाल, अमरिंदर गांधी , विपिन,प्रीति सैनी, सोनिया सैनी, सुषमा पांडे, अलीशा चौधरी एवं आलोक कुमार द्विवेदी ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

## सम्पादकीय

शनिवार, 4 अक्टूबर 2025

# सेना प्रमुख की दोटूक

राजस्थान के श्री गंगानगर जिले के अनूपगढ़ में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आतंकवाद को लेकर पाक को कड़ा संदेश दिया। सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब भारत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं और सबसे बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह है कि सैनिक अपने आपको पूरी तरह तैयार रखें भगवान ने चाहा तो मौका जल्द आएगा। जाहिर है उनके कहने का आशय यही था कि ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत ने संयम बरता और केवल चुनिंदा टारगेट को ही अपना निशाने पर लिया। अब की बार ऐसा नहीं होगा। पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। वहीं वायु सेना प्रमुख मार्शल एपी सिंह ने भी शुक्रवार को पाक की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे को सिर्फ कहानियां जैसा बताया। उनके अनुसार सच्चाई यह है कि भारत ने ही पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट तबाह किए, जिसमें एफ 16 और जे 17 भी शामिल हैं। वायु सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने पाक में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। यह दूसरी बार है जब उन्होंने इस तरह का दावा किया। अब से पहले वह नौ अगस्त को यह दावा कर चुके हैं, जब उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक के पांच विमान गिराए गए थे। उन्होंने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि जिस तरह के दावे करते रहे हैं, उनको लेकर अगर उनके पास एक भी सबूत है तो वह सार्वजनिक रूप से दिखाएं। जबकि हमने उन्हें उनकी जगहों की सारी तस्वीरें दिखाई हैं। एमपी सिंह के अनुसार यह एक उच्च तकनीक वाला युद्ध था, जिसमें हमने 80 से 90 घंटों के अंदर इतना नुकसान किया कि पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और उन्हें पता चल गया कि अगर वह इस युद्ध को जारी रखते हैं तो इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसलिए उन्होंने भारतीय डीजीएमओ को संदेश भेजा कि वह बात करना चाहते हैं, जिसे हमने स्वीकार कर लिया। इस युद्ध की सफलता का श्रेय उन्होंने राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिया। उनका कहना था कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना था। हमें स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। सेना को खुली छूट थी कि जैसे चाहें आगे बढ़ें। तीनों सेनाओं के बीच कॉर्डिनेशन भी बेहद कारगर साबित हुआ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीडीएस के पद ने वास्तव में अंतर पैदा किया। मतलब साफ है कि अब हमारी सेना आधुनिक युद्ध लड़ने में पूरी तरह तैयार है और निरंतर बेहतर होने का प्रयास कर रही है। सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का अपने सैनिकों से यह कहना कि उन्हें हर समय तैयार रहना चाहिए और मौका जल्द मिलेगा, यह इस तरफ इशारा करता है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाक के खेबर पख्तूनवा में आतंकियों के नए अड्डे बनने की बात बराबर सामने आ रही है। इस बात को द्विवेदी ने भी स्वीकार किया है। मतलब साफ है कि पाक आतंकवाद को छोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखाई दे रहा।

### आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करे पाक



यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा, भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दो. हराएगा नहीं, सेनिक अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा, भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे, सीमा के पास रहने वाले लोगों को भारत आम नागरिकों के बजाय सैनिकों के रूप में देखता है, वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में खड़े हैं, यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाला संघर्ष सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का है, 1965 और 1971 के युद्धों के समय भी आम नागरिकों ने सैनिकों का साथ दिया था।


**जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सेना प्रमुख**

# उसूल और इरादे के पक्के थे स्व. हर्षवर्धन

## पुण्यतिथि पर विशेष



**यशोदा श्रीवास्तव**



पूर्वांचल के कद्दावर नेता पूर्व सांसद स्व. हर्षवर्धन भ्रष्टाचार और सरकारी जुल्म के खिलाफ बुलंद आवाज थे। महराजगंज जिले का जोगिया बारी गांव भ्रष्टाचार, सरकारी जुल्म और पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष की रणनीति का केंद्र था। मुलायम सिंह के बाद यदि कोई दूसरा नेता जी नामधारी था तो वह हर्षवर्धन थे। लखनऊ और पूर्वांचल में वे इसी नाम से मशहूर थे। 1977 से लेकर 2016 के कुछ महीनों तक यह नाम भ्रष्टाचार, पुलिस या प्रशासनिक जुल्म को बढ़ावा देने वालों के लिए भय का पर्याय था।

लखनऊ छात्र राजनीति से निकलकर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने आए हर्षवर्धन यहीं के होकर रह गए। 1975 के आपातकाल के बाद 1977 का यह आम चुनाव जनता पार्टी के नाम रहा।लखनऊ से दिल्ली तक इंदरा गांधी की सरकार बदल चुकी थी। हर्षवर्धन परिवर्तन के इस लहर में भी चुनाव हार गए थे। उनके हारने का सिलसिला 1985 तक जारी रहा, लेकिन न तो वे हताश हुए और न ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग की उनकी धार कमजोर हुई। देखा जाए तो स्व. हर्षवर्धन के राजनीतिक सफर में जीत कम हार ज्यादे रही। वे 1985 में विधायक, 1989 में एमपी और कई चुनाव हारने के बाद 2009 में फिर एमपी चुने गए। विधायक जनता पार्टी से हुए, 1989 में एमपी जनतादल से हुए और 2009 में दूसरी बार कांग्रेस के टिकट पर संसद पंहुचे हर्षवर्धन की खासियत यह रही कि वे जिस दल में रहे, आला कमान के सर्वाधिक प्रिय रहे। जनता पार्टी में चंद्रशेखर के करीब, जनता दल में वीपी सिंह के, बसपा में मायावती के भी करीब रहे और जब कांग्रेस में आए तो सोनिया और राहुल के भी बेहद करीब हो गए। कह सकते हैं कि स्व. हर्षवर्धन का दल बदलने का भी रिकॉर्ड रहा, लेकिन वे कभी कुर्सी और सत्ता के लिए दल नहीं बदले। वे वसूलों के पक्के थे, स्वाभिमानी और जमीर वाले नेता थे। उन्होंने जार्ज फर्नांडिस के करीबी होने का भी फायदा हासिल करने का मौका ठुकरा दिया था तब जब वे एनडीए का हिस्सा बने थे। हर्षवर्धन एनडीए को सांप्रदायिक दलों का गठबंधन मानते थे। चंद्रशेखर जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने मंत्री पद ठुकरा कर वीपी सिंह के साथ जाना कबूल किया। सिद्धांत ऐसा था कि राजनितिक फायदे के लिए सांप्रदायिक शक्तियों से कभी समझौता नहीं किया।

चार अक्टूबर को स्व।हर्षवर्धन की पुण्यतिथि पर उनके गांव जोगियाबारी में आयोजित कार्यक्रम उनकी स्मृति में एक पर्व जैसा होता है जहां यूपी और पूर्वांचल भर से उनके चाहने वालों का जमावड़ा होता है। यहां सभी नम आंखों से उन्हें याद करते हैं। यह आयोजन उनकी राजनीतिक उत्तराधिकारी और कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया नेत और चाचा आनंदवर्धन करते हैं। इस अवसर पर पूर्वांचल के कई जिलों से उनके चाहने वाले उपस्थिति होकर उन्हें नम: आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। हर्षवर्धन किसी एक क्षेत्र से सांसद या विधायक भले रहे हों, जुल्म और ज्यादती के खिलाफ वे कहीं भी उठ खड़े होते थे। सिद्धार्थनगर जिले के बहुचर्चित करहना कांड के खिलाफ दिल्ली तक की उनकी लड़ाई देश भर में चर्चा के केंद्र में रही। दरअसल वे पूर्वांचल के जिलों में संघर्ष शील राजनीति के प्रेरणा पुरुष थे। हर्षवर्धन कभी लाभ के लिए दल नहीं बदले। सच यह है कि वे जिस दल में गए, वह दल ही शक्तिशाली हुआ। दल छोड़ा तो अपने लिए नहीं, जनसरोकार के लिए। उन्होंने बसपा को भी तब छोड़ा जब मायावती ने महराजगंज जिले का नाम बदलना चाहा। हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है। उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं। जबकि हर्षवर्धन उस सरकारी गाणी का इस्तेमाल केवल क्षेत्र में भ्रमण के लिए करते थे। एक बार का वाकया यूं है कि हर्षवर्धन को बनारस किसी जरूरी काम से जाना था। संयोग से कोई गाणी नहीं

**हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है।उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं।**


थी। एक साथी ने उसी सरकारी गाणी से बनारस चलने का सुझाव दिया। यह सुनकर वे आग बबूला हो गए। बोले जिस गलत काम के लिए वे लड़ते हैं, वहीं करने की सलाह दे रहे हो। उसे इस हिदायत के साथ अपने पास से हटा दिया कि दुबारा दिखना मत। स्व. वीर बहादुर सिंह यूपी के मुख्यमंत्री थे। हर्षवर्धन विधायक थे। किसी बात को लेकर उनकी मुख्यमंत्री से ठन गई। काफी मान-मनौव्वल हुआ। हर्षवर्धन तभी माने जब मुख्यमंत्री ने उनकी यह मानी कि जितने सरकारी ट्यूबवैल मुख्यमंत्री के क्षेत्र पनियरा में लगेंगे उतने ही हर्षवर्धन के विधानसभा क्षेत्र फरेंदा में लगेंगे। फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में उस वक्त सर्वाधिक 57 ट्यूबवैल लगे थे जो क्षेत्र के प्रति उनके समर्पण भाव की याद दिलाते रहते हैं। हर्षवर्धन समाजवादी विचारधारा के थे। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि स्वतंत्रता संग्राम की थी। हर्षवर्धन के पिता स्व. योगेन्द्र पाल सिंह स्वतंत्रता सेनानी थे। वे जीवन पर्यन्त गरीबों मजदूरों के लिए लड़ते रहे। स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों के तमाम प्रलोभनों को लात मारकर अंग्रेजों के खिलाफ किसी भी आंदोलन में जान को जोखिम में डालकर अग्रणी भूमिका में रहे। गरीबों और मजदूरों के प्रति दया भाव ऐसी थी कि वे खेतों में खुद ही हल संभाल लेते ताकि मजदूर कुछ पल विश्राम कर सके। स्व. हर्षवर्धन जीवन पर्यन्त अपने पिता के कदमों पर ही चलते रहे। ईश्वर ने उन्हें असीम पीड़ाएं भी दी। पत्नी विष्णु सिंह का असमय ही कैंसर से निधन हो गया। इसके कुछ साल बाद ही इकलौता बेटा भी काल के गाल में समा गया। उत्तराधिकारी के रूप में उनकी इकलौती बेटी सुप्रिया नेता ही हैं। इतनी असीम पीड़ाओं को सीने में दफन किए हर्षवर्धन को स्वास्थ्य संकट से गुजरना पड़ा। 2014 का चुनाव वे हार गए और गंभीर बीमारी के चलते ही चार अक्टूबर 2016 में उनका निधन हो गया। हर्षवर्धन के निधन के बाद कांग्रेस ने उनकी बेटी सुप्रिया नेत में कांग्रेस का भविष्य तलाश ली। सुप्रिया एक मशहूर टीवी चैनल में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की पत्रकार थीं। वे पत्रकारिता छोड़ कर अपने पिता की विरासत संभालने महराजगंज आ गईं और अपने स्व. पिता हर्षवर्धन की राजनीतिक विरासत को निरंतर आगे बढ़ा रहीं हैं। पिता की तरह वे भी गांधी परिवार के सर्वाधिक निकट हैं। उनमें भी पिता की तरह खुद्दारी कूट कूट कर भरा है। जूझारू पन और संघर्ष शीलता वैसी ही है जैसे हर्षवर्धन की थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धोखाधड़ी के दौर में नागालैंड का गांव है मिसाल

**भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है।**

आजकल के समय में चोरी और धोखाधड़ी इतनी ज्यादा बढ़ गई है, जिसके कारण ज्यादातर लोग किसी पर आसानी से भरोसा नहीं कर पाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान या कोई भी चीज सिर्फ ईमानदारी के भरोसे पर चलती है। अगर आपको भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए खास हो सकता है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर दुकानों में ताले नहीं लगाए जाते हैं और इसके बाद भी यहां पर कभी चोरी नहीं होती है।



**दुकानों पर नहीं लगते हैं ताले**

भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है। जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन दुकानदार नहीं हैं और दुकानों पर ताले भी नहीं हैं। भारत के नागालैंड के खोनोमा गांव अपने भरोसे और विश्वास के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नागालैंड का खोनोमा गांव**

नागालैंड के खोनोमा गांव पूरे भारत में ईमानदारी के लिए फेमस है। इस गांव में बिना दुकानदार के सालों से दुकानें लगी हुई हैं। जहां पर आप अपनी जरूरत के हिसाब से सामान खरीद सकते हैं। हालांकि यह फ्री नहीं है आपने जितने का सामान लिया है, उतने पैसे दुकान पर रखकर जा सकते हैं। गांव का कोई भी दूसरा व्यक्ति उन पैसों को नहीं छुएगा और न ही कोई धोखा देकर ज्यादा सामान लेकर जाएगा।


**जानिए भारत का पहला ग्रीन विलेज**

इस गांव के बारे में जानकर हैरान रह गए होंगे। कई रिपोर्ट्स की मानें, तो इस गांव में सालों से ईमानदारी के भरोसे पर रह रहे हैं। नागालैंड के इस अनोखे गांव यानी की खोनोमा गांव को भारत का पहला ग्रीन विलेज भी कहा जाता है। जोकि ईमानदारी के लिए फेमस है। यह गांव अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नहीं हुई चोरी और न कोई गुनाह**

बता दें कि इस गांव की ईमानदारी पूरे भारत में जानी जाती है। यहां पर इतने सालों से दुकानों में ताला नहीं लगता है। लेकिन इसके बाद भी यहां पर न तो आज तक चोरी हुई और न कोई गुनाह हुआ है। इस गांव के लोगों में आज भी इतनी ईमानदारी है कि लोग जितने का सामान खरीदते हैं, उतने पैसे दुकान में जमा कर देते हैं।

# पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता



**योगेश कुमार गोयल**

पशुओं के कल्याण मानकों में सुधार को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 4 अक्तूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। विश्व पशु दिवस पहली बार बर्लिन में 24 मार्च 1925 को पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया था। पशुओं की लुप्तप्राय प्रजातियों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए इटली के फ्लोरेंस में 1931 में आयोजित पारिस्थितिकीविदों के एक सम्मेलन में विश्व पशु दिवस की शुरुआत की गई और तब असीसी के सेंट फ्रांसिस के पर्व के कारण यह दिवस मनाने के लिए प्रतिवर्ष 4 अक्तूबर को ही चुना गया। 2003 में पहली विश्व पशु दिवस वेबसाइट यूके स्थित पशु कल्याण चौरिटी 'नेचर वॉच फाउंडेशन' द्वारा लांच की गई थी। इस दिन पशु अधिकारों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों का समर्थन करके जानवरों के प्रति प्यार, देखभाल, स्नेह और सुरक्षा को प्रोत्साहित करता है। पशुओं के अधिकारों के लिए यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पशु कल्याण के लिए बेहतर मानक सुनिश्चित करना है।

पशु प्रेम के बारे में महात्मा गांधी कहते थे कि किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। पशु मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो न केवल हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में सभी जानवर प्रकृति की पारिस्थितिकी को संतुलित रखते हुए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने और मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य और पशु न केवल एक-दूसरे पर निर्भर हैं बल्कि एक-दूसरे के पूरक भी हैं। सही मायनों में दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली का प्रतीक है और यदि जंगल से किसी एक जीव की प्रजाति भी लुप्त होती है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण पर पड़ता है।

विश्व पशु दिवस विश्वभर में कल्याण मानकों के मिशन के साथ जानवरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन है, जो प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'विश्व पशु कल्याण दिवस' की थीम है 'जानवरों को बचाओ, ग्रह को बचाओ!'। भारत में करीब 70 फीसद आबादी कृषि तथा कृषि संबंधी व्यवसायों पर निर्भर है। प्राचीन काल से ही पशुपालन और कृषि व्यवसायों का आपस में गहरा संबंध रहा है। गरीबी से त्रस्त परिवारों के लिए तो पशुधन ग्रामीण मुद्राएं हैं, जो खासकर गरीब परिवारों के लिए बीमा विकल्प के रूप में भी कार्य करता है क्योंकि यह उनके लिए ऐसी सम्पत्ति है, जिसे संकट के समय बेचा जा सकता है। यही कारण है पालतू पशुओं को 'पशुधन' कहा जाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी पशुधन की बड़ी भागीदारी रही है। मानव और पशुओं के आपसी संबंध मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पशुओं का मानवीय समाज में विभिन्न रूपों में योगदान होता है। पशुओं के साथ रहने से हमें स्वभाविक संवेदनशीलता, प्यार, सहयोग और उन्नति का अनुभव होता है। बहुत से पशु-पक्षी तो ऐसे हैं, जो यदि धरती पर नहीं हों तो पृथ्वी पर मनुष्य का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। अनेक मामलों में देखा जाता है कि मानवीय स्वार्थ के लिए कई जानवरों की निर्मम हत्या कर दी जाती है। दरअसल इन पशुओं के विभिन्न अंग तथा उनके मल-मूत्र इत्यादि दवाईयां बनाने से लेकर खेतीबाड़ी तक में काम आते हैं और इनके कंकाल उर्वरक का काम करते हैं। हाथियों को हाथी दांत और गैंडे को उसके सींगों के लिए बेदर्दी से मौत के घाट उतार दिया जाता है जबकि उनकी प्राकृतिक मौत होने पर ये चीजें वैसे ही मिल जानी होती हैं। हाथी और गैंडे कीचड़ में रहकर दूसरे जानवरों के पीने के लिए किनारे पर पानी का इंतजाम करते हैं और सूखा नहीं पड़ने देते। हाथी जमीन को उपजाऊ बना सकता है जबकि गैंडा कीचड़ में रहकर मिट्टी की अदला-बदली का काम करता है और प्रतिदिन करीब पचास किलो वनस्पति की खुराक होने से जंगल में कूड़ा-कर्कट नहीं होने देता। उसके शरीर पर फसल के लिए हानिकारक कीड़े जमा हो जाते हैं, जो पक्षियों का भोजन बनते हैं। इस प्रकार गैंडे प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। वैसे तो सभी पशु-पक्षी मनुष्य के सहायक होते हैं



लेकिन उनके व्यवहार को समझे बगैर यदि उनके रहने की जगहों को उजाड़ने के प्रयास किए जाते हैं तो वे हिंसक होकर विनाश कर सकते हैं। तुर्की के विख्यात नाटककार, उपन्यासकार और विचारक मेहमत मूरत इल्डन का कहना था कि दुनिया में वन्यजीवों की रक्षा केवल दयालु दिलों के प्यार से ही की जा सकती है। वाइल्ड हार्ट वाइल्ड लाइफ फाउंडेशन के संस्थापक पॉल ऑक्सटन कहते थे कि जब तक आपके भीतर प्रकृति के बीच रह रहे जंगली जीवों के प्रति ढ़ेर सारा प्यार, दया और लगाव नहीं रहेगा, तब तक आप सच्चा सुख हासिल नहीं कर पाएंगे। मानव जाति को यह समझना होगा कि पशुओं का जीवन किसी भी तरह से हमारे जीवन से कम कीमती नहीं है। 'जैव विविधता के जनक' के नाम से विख्यात आधुनिक काल के डार्विन कहे जाने वाले हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व जीवविज्ञानी और पुलित्जर पुरस्कार विजेता ईओ विल्सन के अनुसार पृथ्वी पर प्रत्येक प्रजाति अत्यधिक देखभाल एवं प्रतिभा के साथ बनाई गई रचना और एक उत्कृष्ट कृति है। वन्यजीव फोटोग्राफर, प्रकृतिवादी और 'जॉय ऑफ बीयर्स' सहित कुछ पुस्तकों की लेखिका सिल्विया डोल्सन कहती हैं कि हमारी ही तरह जानवर भी प्यार, खुशी, डर और दर्द महसूस करते हैं लेकिन वे बोले गए शब्द को समझ नहीं पाते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान सीमा पर तालिबान और पाक सैनिकों में फायरिंग

**इस्लामाबाद।** अफगान और पाकिस्तान की सीमा पर एक बार फिर तालिबान लड़ाकों और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच फायरिंग हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 7 बजे अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के नरई जिले में डोकलाम इलाके में दोनों तरफ से फायरिंग हुई। यह गोलीबारी कई घंटों तक रुक-रुक कर जारी रही। दरअसल, पाकिस्तानी सैनिक बार्डर पर बाड़ लगा रहे थे। तालिबान ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

### लॉस एंजिल्स के शेवरॉन रिफाइनरी में लगी भीषण आग

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स काउंटी के एल सेगुंडो स्थित शेवरॉन रिफाइनरी में गुरुवार रात भीषण आग लग गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट की कई सूचनाएं प्राप्त होने के बाद अग्निशमन विभाग और अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। 324 वेस्ट एल सेगुंडो बुलेवार्ड स्थित इस रिफ़ाइनरी का अपना अग्निशमन विभाग है, जो आग बुझाने के कार्य में लगा हुआ है और अब तक आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया है।

### पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर होगी चर्चा


**नई दिल्ली।** डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच देश में पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर चर्चा होगा जिसमें सरकार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ओटीटी और नियामकों समेत सभी संबद्ध पक्षों के दिग्गज स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कानूनों और सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श करेंगे। गैर-लाभकारी संगठन काउंसिल फॉर सोशल रिसर्च (सीएसआर) दिल्ली में सात और आठ अक्टूबर को ट्रस्ट एंड सेफ्टी फेस्टिवल के साथ मिलकर एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन कर रहा है।

### यूक्रेन ने किया नाटो महासचिव मार्क रूटे का आभार व्यक्त

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाटो के महासचिव मार्क रूटे से मुलाकात की और यूक्रेन के प्रति समर्थन जाहिर करने के लिए उनका और नाटो के सदस्य देशों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमने रूसी उकसावे का मुकाबला करने और पर्ल इनिशिएटिव में नए योगदान पर चर्चा की। हम यूक्रेन-नाटो सहयोग के ढांचे में अपने अगले कदमों पर सहमत हुए और आगामी रामस्टीन बैठक पर चर्चा की, जो रक्षा मंत्रियों के स्तर पर आयोजित की जाएगी। मैं यूक्रेन के प्रति उनके समर्थन के लिए मार्क और नाटो सदस्य देशों का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद करता हूं।

# अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन

## रूस के राष्ट्रपति का दावा: मैं मोदी को जानता हूं, भारतीय अपमान बर्दाश्त नहीं करते



- भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं
- वहां के लोग कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके: पुतिन

**सोची।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव की आलोचना की और कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है। उन्होंने सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पालिसी फोरम को संबोधित करते हुए यह कहा कि पीएम मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो।

पुतिन ने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर भारत रूसी तेल खरीदना बंद करता है, तो उसे 9 से 10 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने यह भी कहा कि रूसी तेल के बिना दुनिया की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और यदि इसकी आपूर्ति बंद हो जाती है तो तेल की कीमतें प्रति बैरल 100 डॉलर से भी ऊपर बढ़ सकती हैं। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसम्बर की शुरुआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंतुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पुतिन ने कहा कि भारत चाहे तो व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए रूस से और ज्यादा कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। अपने भाषण में पुतिन ने अमेरिका पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। पुतिन ने कहा कि रूस, अमेरिका को यूरेनियम देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमसे यह इसलिए खरीदता है क्योंकि इसमें उसका फायदा है। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अपने देश की समस्याएं ठीक करने के बजाय लोगों में दहशत फैला रहे हैं और युद्ध का डर दिखा रहे हैं। वे बार-बार अपने लोगों से कहते रहते हैं कि रूस नाटो देशों पर हमला करने वाला है।

### दिसम्बर में चार साल बाद पुतिन भारत आएंगे

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसम्बर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आएंगे। पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। उन्होंने कहा कि वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नए साल से पहले होगा। पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच दिसम्बर में होने वाली यह 23वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता होगी। इ



बोगो। फिलीपींस के सेबू प्रांत में आए भूकंप के बाद प्रभावित हुए इलाकों में डर की वजह से लोग अपनों घरों के बाहर ही रह रहे हैं।

# फिलीपींस भूकंप से मरने वालों की संख्या 68 हुई

- भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए

**मनिला।** फिलीपींस में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या 68 तक पहुंच गई और घायलों की संख्या बढ़कर 559 पहुंच गई है।

राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनडीआरआरएमसी की कार्यान्वयन शाखा, नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) ने कहा कि ये मरने वालों की संख्या आंतरिक और स्थानीय सरकार विभाग के मृत और लापता (एमडीएम) क्लस्टर के प्रबंधन पर आधारित थी। नागरिक सुरक्षा संचार एवं वकालत प्रभाग के प्रभारी अधिकारी डिएगो मारियानो ने कहा कि एमडीएम वह स्थान है जहां मृतकों की संख्या पर विशेष नजर रखी जाती है। मारियानो ने कहा कि कृपया यह ध्यान रखें कि एमडीएम का सत्यापन होने के बाद ही आंकड़े जारी करें हैं। एनडीआरआरएमसी ने कहा कि सेबू प्रांत के भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए हैं।

इस भूकंप का केंद्र बोगो शहर में था। एनडीआरआरएमसी ने बताया कि इस भूकंप से 5013 घरों और 335 बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। फिलीपींस ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि मंगलवार को रिक्टर पैमाने पर 6.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद शुक्रवार सुबह आठ बजे तक एक से पांच तीव्रता तक के अभी तक 3952 झटके महसूस किए गए हैं।

# वियतनाम में चक्रवाती तूफान के चलते 51 लोगों की मौत

- इसके अलावा 14 लोग लापता हो गए तथा 164 लोग घायल हुए

**हनोई।** वियतनाम में चक्रवाती तूफान बुआलोई और उसके बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से उत्तरी और मध्य वियतनाम में 51 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लापता हो गए तथा 164 घायल हुए हैं। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

प्राधिकरण के मुताबिक शुरूआती तौर पर आर्थिक नुकसान लगभग 15.9 ट्रिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 60.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर) होने का अनुमान है। तूफान के कारण 238,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या जलमग्न हुए हैं, लगभग 89000 हेक्टेयर में फैसरा धान और अन्य फसलें जलमग्न हो गई हैं और 17000 हेक्टेयर से अधिक जलीय कृषि और लगभग 50300 हेक्टेयर जंगलों को नुकसान पहुंचाया। रिपोर्ट के अनुसार, तूफान के कारण बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान पहुंचा है। देश में 8800 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए और लगभग 468500 घरों में अभी भी बिजली नहीं है, जबकि लगभग 1500 स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थानीय अधिकारी राहत कार्य जारी रखे हुए हैं, अवरुद्ध सड़कों को साफ करने, आवश्यक सेवाओं को बहाल करने और प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए उपकरण जुटा रहे हैं।

# शराब के कारण प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों की होती है मौत

**कोलम्बो।** राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्य निषेध प्राधिकरण ने बताया कि शराब का सेवन से प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों मौत होती है। श्रीलंका में विश्व संयम दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्द निषेध प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. आनंद रत्नायके ने मीडिया से बात करते हुए चेतावनी जारी की कि देश में शराब का सेवन लोगों के लिए एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। देश की 21 प्रतिशत आबादी शराब का सेवन करती है। शराब के सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देशभर में कई राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के साथ विश्व संयम दिवस मनाया जा रहा है।

# अब मोरक्को में जेन-जी का गुस्सा भड़का

## कहा: हॉस्पिटल नहीं और वर्ल्ड कप पर 10 अरब डॉलर फूंक रहे, तीन की मौत, 1000 गिरफ्तार



1000 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए व 354 लोग घायल हुए

**रबात।** उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर भड़का जेन-जी आंदोलन हिंसक हो गया। राजधानी रबात में प्रदर्शनकारियों ने बैंक फूंक दी। कई दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ की। आगादिर शहर में पुलिस की गोली से 3 युवाओं की मौत हो गई।

वहीं एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। 354 लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, लगभग 70 प्रतिशत प्रदर्शनकारी नाबालिग थे। मोरक्को की सरकार 2030 फीफा वर्ल्ड कप और अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए 10 अरब डालर (करीब 8.8 लाख करोड़ रुपये) खर्च कर रही है। जबकि देश में सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी है। मोरक्को के कासाब्लांका में युवा बेहतर स्कूल और हॉस्पिटल जैसी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारा लगाया- स्टेडियम तो हैं, लेकिन अस्पताल कहां हैं? युवाओं के नेतृत्व वाले इस विरोध आंदोलन को जेन-जी 212 कहा जा रहा है। 212 मोरक्को के इंटरनेशनल टेलीफोन डायलिंग कोड है। विदेश से मोरक्को में किसी को काल करने पर नंबर के पहले +212 लगाते हैं। नेपाल की तरह भी मोरक्को में भी विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कोई लीडर नहीं है। लोग सोशल मीडिया के जरिए से रैली कर रहे हैं। मोरक्को में बेरोजगारी दर 12.8 प्रतिशत है, जिसमें युवा बेरोज़गारी 35.8 प्रतिशत और स्नातकों में 19 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मोरक्को में 1430 लोगों पर एक डाक्टर है, जो दुनिया के औसत (590) से ढाई गुना कम है। आगादिर के हसन-2 हॉस्पिटल में 8 महिलाओं मौत हो गई। इसे 'डेथ हॉस्पिटल' कहा जा रहा है। यह आंदोलन सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे टिकटाक और डिस्कार्ड पर शुरू हुआ था। पिछले रविवार को प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के बाद इसे और समर्थन मिलने लगा। गिरफ्तार हुए लोगों में मोरक्को के स्टार गोलकीपर यासीन बौनू और प्रसिद्ध रैपर एल ग्रांडे टोटो भी शामिल हैं।

## POK में पाक सेना की बर्बरता पर बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल

# पाक को मानवाधिकार उल्लंघनों का जिम्मेदार ठहराया जाए



- पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना की तरफ से निर्दोष नागरिकों पर की गई बर्बरता भी शामिल है।

हमारा मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की व्यवस्थित लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में हैं। पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। वहीं कनाडा के साथ सुरक्षा सहयोग को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने 18 दिसम्बर को कनाडा की नेशनल सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस एडवाइजर नथाली ड्रूइन से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और खुफिया सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक काफी सकारात्मक रही और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी। इस दौरान रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के भारत पर लगाए आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में नाकाम रही है और अपनी नाकामी छिपाने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ रही है। बेहतर होगा कि वे आत्मचिंतन करें और चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यकों पर हमलों व कब्जों की जांच कराएं। अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में रणधीर जायसवाल ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली आने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से यात्रा की अनुमति मिली है। इस पर मंत्रालय आगे भी जानकारी साझा करेगा। रणधीर जायसवाल ने इस दौरान कहा कि भारत और चीन के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं।

# इजरायल ने ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला के आखिरी जहाज को भी रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने गाजा पट्टी की ओर जा रहे 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' के आखिरी समुद्री जहाज को भी रोक लिया है। अल जजीरा ने बताया कि पोलैंड का मैरिनेट जहाज सुमुद फ्लोटिला का आखिरी जहाज था, जिसे शुक्रवार सुबह इजरायली नौसेना ने गाजा से 43 समुद्री मील दूर रोक लिया। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला 44 जहाजों का काफिला है, जो लगभग 40 देशों के 500 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं को लेकर गाजा पट्टी की ओर बढ़ रहा था। इनका उद्देश्य इजरायल द्वारा गाजा की नाकेबंदी को तोड़ना था और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाना था।

# मेक्सिको के नागरिकों को तत्काल रिहा करे इजरायल: शीनबाम

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने गुरुवार को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए छह मैक्सिकन नागरिकों की तत्काल रिहा करने की अपील की। इन अधिकारियों को गाजा में सहायता पहुंचाने की कोशिश कर रहे एक बेड़े को रोकने के बाद इजरायल के अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया था।

सुशीनबाम ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान छह मैक्सिकन नागरिकों को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें अशदोद बंदरगाह में रखा गया है। ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला पर सवार हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को अभी तक राजनयिक सहायता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि वे उन्हें एक हिरासत केंद्र में ले जा रहे हैं। मैक्सिकन वाणिज्य दूतावास ज़रूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए वहां तैयार है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनियों तक मानवीय सहायता पहुंचे और गाजा के खिलाफ इस आक्रमण को रोका जाए। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्रालय इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर तुरंत कार्रवाई जारी रखेगा। हिरासत में लिए गए हमवतन लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करेगा और सभी संभव कानूनी और राजनयिक तरीकों से उनकी शीघ्र वापसी की मांग करेगा।

# POJK में गुस्साई भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों में लगाई आग

- इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों और बुलडोज़र को आग के हवाले कर दिया है।

इलाके में तनाव घटाने को लेकर पाकिस्तान सरकार और जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के बीच बातचीत के कल शुरू होने के बावजूद, पीओजेके में भारी अशांति देखी गई। यह तनाव सुरक्षा बलों की गोलीबारी में स्थानीय नागरिकों के मारे जाने के बाद और बढ़ गया था। पीओजेके के सेहंसा इलाके में प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में हुई नागरिकों की मौतों के प्रतिशोध में सरकारी संपत्ति को निशाना बनाया और पुलिस वाहनों और बुलडोज़रों में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने अरजा पुल पर नाकाबंदी कर दी है, जिससे आवाजाही में खासी परेशानी हुई है। इसके अलावा कोटली शहर में पूर्ण बंद रहा और राज्य सरकार की कार्रवाई के कड़े विरोध में व्यवसाय और परिवहन ठप रहे। बातचीत की पहल होने के बाद भी आज़ाद पट्टन और पलंदरी सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शनों का सिलसिला नहीं रुका। इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है।

# लानत: पाक पुलिस ने प्रेस क्लब में पत्रकारों को पीटा

## POK में हिंसा को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने दिए जांच के आदेश



- इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हुए जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रही है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद के प्रेस क्लब पर पुलिस ने अचानक छापा मारा और वहां प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों और लोगों पर हमला किया।

यह प्रदर्शन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ हो रहा था। इस घटना के बाद पूरे पाकिस्तान में नाराजगी जाहिर की गई। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रहे हैं। इस बीच पुलिस का कहना है कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह तब हुआ जब पीओके की स्थिति को लेकर प्रेस क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए पुलिस पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प शुरू हो गई। कुछ प्रदर्शनकारी भाग कर प्रेस क्लब में घुस गए। पुलिस उनका पीछा करती हुई प्रेस क्लब के अंदर चली गई। अंदर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू किया और पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से रिकार्ड करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे और मोबाइल तोड़ दिए गए। पुलिस हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया। वरिष्ठ पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। गृह मंत्री ने घटना की जांच का आदेश दिया। नकवी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। चौधरी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से बदसलूकी की थी और पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए क्लब के भीतर चली गई, लेकिन वहां पत्रकारों के साथ झड़प हो गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आपकी आवाजें ही हमें जनता तक पहुंचाती हैं, हम बोलने की आजादी के समर्थक हैं।

